# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, रविवार 18 अगस्त 2024


कानपुर के पास टला बड़ा हादसा

## पटरी से उतरे साबरमती एक्सप्रेस के 20 डिब्बे



लखनऊ। वाराणसी से अहमदाबाद जा रही साबरमती एक्सप्रेस के कम से कम 20 डिब्बे कानपुर के गोविंदपुरी स्टेशन के पास शुक्रवार देर रात पटरी से उतर गए। इस हादसे में किसी के मारे जाने या घायल होने की कोई खबर नहीं है। ड्राइवर ने बताया कि ट्रेन के इंजन से कोई बड़ा पत्थर टकराया, जिससे इसके अगले हिस्से में जानवरों से बचाव के लिए लगा 'कैटल गार्ड' बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर मुड़ गया। आईबी और यूपी पुलिस घटना में शरारती या असामाजिक तत्वों की संलिप्तता की जांच कर रही हैं।

- वाराणसी से अहमदाबाद जा रही थी ट्रेन
- 16वें डिब्बे के पास संदिग्ध वस्तु मिलने की खबर

# रक्षाबंधन पर एक-एक सीट के लिए संघर्ष, 100 से अधिक वेटिंग के बाद स्लीपर में बुकिंग बंद

## ट्रेनों में वेटिंग बढ़ने से अब ज्यादातर लंबी दूरी की ट्रेनों में नो-रूम जैसे हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रक्षाबंधन को दो दिन बचे हैं। जाहिर है, सफर के लिए रेलयात्रियों को एक-एक सीट के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। ट्रेनें रद्द हैं और जो चल रही हैं, उनमें कन्फर्म टिकट को लेकर मारामारी के हालात हैं। इन दिनों एक ट्रेन में जनरल कोच की संख्या 2 से 3 है। इस वजह से यात्रियों को पर्व के दौरान काफी असुविधा हो रही है। इधर, रेलवे ने 100 से ज्यादा वेटिंग के बाद कई ट्रेनों में बुकिंग बंद दी है। शनिवार को छत्तीसगढ़ में दिल्ली की ओर जाने यात्रियों की भारी भीड़ रेलवे स्टेशन पर देखने को मिली। जनरल कोच यात्रियों से ठसाठस भरे हुए थे। स्लीपर में कुछ यात्री खड़े होकर सफर करते नजर आए। पैसेंजर ट्रेनों के रद्द होने से बसस्टैंड पर भी यात्रियों की भीड़ लगी रही। छोटे-छोटे स्टेशनों के लिए यात्रियों को मजबूरन बसों से अपने गंतव्य तक जाना पड़ रहा है।

वेटिंग यात्रियों को ट्रेन में सफर की अनुमति नहीं है। ऐसे में यात्री काउंटर टिकट में सफर करने के लिए टीटीई से सिफारिश ▶▶|शेष पेज 4 पर

**केस 1**

यात्रियों को 17 अगस्त के लिए रायपुर से पेंड्रा रोड व अंबिकापुर जाने काउंटर से रिजर्वेशन स्लीपर टिकट नहीं मिला। अधिक भीड़ होने से बुकिंग बंद होना बताया गया।

**केस 2**

रायपुर से नागपुर के लिए 17 अगस्त को रात से सफर करने सुबह कई ट्रेनों में स्लीपर में टिकट बुकिंग बंद नजर आई। छत्तीसगढ़, गोंडवाना समेत लंबी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग 100 से अधिक है।



### अधिक वोटिंग होने से बुकिंग भी बंद

ट्रेनों में अधिक वोटिंग होने से अब रेलवे ने कई ट्रेनों के स्लीपर कोच में बुकिंग बंद कर दी है। यात्रियों की आवाजाही इतनी तेजी से बढ़ी है कि अब सभी ट्रेनों में केवल वेटिंग टिकट ही यात्रियों को मिल रहे हैं, इसलिए सूची लंबी होती है। हालात ये हैं कि बिना अतिरिक्त कोच लगाए किसी यात्री का रिजर्वेशन टिकट कन्फर्म होने वाला नहीं है। 20 अगस्त तक ट्रेनें पैक हो चुकी हैं। ऐसा कोई कोच नहीं, जिसमें वेटिंग सूची 70 से 100 के करीब न चल रही हो। ऐसे में अब कई ट्रेनों में नो रूम जैसी स्थिति बनने लगी है। जल्द ही रेलवे यात्रियों की संख्या बढ़ने से उन ट्रेनों की बुकिंग बंद कर सकता है।






## खबर संक्षेप

### विभिन्न मंत्रालयों में 45 पदों पर होगी भर्ती

**नई दिल्ली।** नई प्रतिभाओं को शामिल करने को लेकर मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत केंद्र के विभिन्न मंत्रालयों में संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों के प्रमुख पदों पर जल्द ही 45 विशेषज्ञ नियुक्त किए जाएंगे। ऐसे पदों पर अखिल भारतीय सेवाओं आईएएस, आईपीएस और आईएफओएस और अन्य 'ग्रुप ए' सेवाओं के अधिकारी तैनात होते हैं।




### मंकीपॉक्स को लेकर स्थिति की समीक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारत में फिलहाल मंकीपॉक्स का कोई मामला सामने नहीं आया है। हालांकि इस बीमारी को फैलने से रोकने और नियंत्रित करने के लिए एहतियाती कदम उठाए जाएंगे। समीक्षा बैठक में बाहर से आने वाले कुछ मामलों का पता चलने की संभावना को खारिज नहीं किया गया है।



### ज्यादा बारिश से फसलों को नुकसान

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने भी इस वर्ष सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान जताया है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने इनकम प्रोटेक्शन एंड अर्ली वार्निंग सिस्टम : हाउ इंडिया इज बिल्डिंग क्लाइमेट रेजीलिएंस नाम से एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें कहा गया है कि 2015-2021 के बीच ज्यादा बारिश होने से करीब 34 मिलियन हेक्टेयर में फसलों को नुकसान हुआ है।



कोलकाता रेप-मर्डर केस : दिल्ली से तमिलनाडु तक सड़कों पर उतरे डॉक्टर

# डॉक्टरों की हड़ताल से सेवाएं ठप कोरबा में महिला मरीज की मौत!

*कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर केस के विरोध में डॉक्टरों की 24 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं ठप हैं। भारतीय चिकित्सा संघ की ओर से इसका आह्वान किया गया है। आईएमए का कहना है कि हड़ताल के दौरान कोई नियमित ओपीडी, वैकल्पिक सर्जरी नहीं होगी। इधर, दिल्ली से तमिलनाडु तक डॉक्टरों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। इस बीच, छत्तीसगढ़ के कोरबा में इलाज के अभाव में एक महिला की मौत हो गई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

डॉक्टरों की सुरक्षा को मांग को लेकर देशभर के डॉक्टर हड़ताल पर हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने 24 घंटे की हड़ताल का आह्वान किया है। यह हड़ताल सुबह 6 बजे शुरू हुई और रविवार सुबह 6 बजे तक चलेगी। इस हड़ताल के कारण मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। इस बीच, केंद्र सरकार ने आंदोलनकारी डॉक्टरों से जनहित में काम पर लौटने का अनुरोध किया है। हालांकि आंदोलनकारी डॉक्टरों ने सरकार के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है।

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, सुरक्षा के लिए बनाएंगे कमेटी

इधर, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव उपाय सुझाने के वास्ते एक समिति गठित की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों के प्रतिनिधियों को ▶▶|शेष पेज 4 पर

### भारतीय चिकित्सा संघ की ओर से देशव्यापी हड़ताल का आह्वान




### केंद्रीय प्रोटेक्शन एक्ट की मांग

हड़ताल के कारण दिल्ली के प्रमुख अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं निलंबित रहीं। एम्स के साथ ही गुरु तेग बहादुर, राम मनोहर लोहिया और डीडीयू अस्पतालों के डॉक्टरों ने विरोध प्रदर्शन किया है। राम मनोहर लोहिया अस्पताल के डॉक्टरों ने कहा कि हमारी सालों केंद्रीय प्रोटेक्शन एक्ट की मांग है। उन होंने कहा कि अस पताल में अभी भी मरीज और उनके परिजन डॉक्टरों पर हमला कर देते हैं। डॉक टरों ने कहा कि आज हड़ताल के दिन भी डॉक्टर के साथ वार्ड पेशेंट ने बदतमीजी की। उन्होंने कहा कि जब पूरे देश की नजर डॉक्टरों के ऊपर है, तब भी डॉक्टर सुरक्षित नहीं है, जब तक डॉक्टर खुद को सेफ महसूस नहीं करेगा तो वह दूसरों की जान कैसे बचाएगा।

### ये हैं मांगें

- *आईएमए ने रेजिडेंट डॉक्टरों के काम करने और रहने की स्थिति में बदलाव की मांग की है। इसमें 36 घंटे की ड्यूटी शिफ्ट और आराम के लिए सुरक्षित जगहों की कमी जैसे मुद्दे शामिल हैं। आरजी कार अस्पताल का पीड़ित डॉक्टर भी 36 घंटे की ड्यूटी कर रहा था।*
- *आईएमए ने एक केंद्रीय कानून की मांग की है जिसमें 2023 में महामारी रोग अधिनियम, 1897 में किए गए संशोधनों को शामिल किया जाए। ऐसा माना जा रहा* ▶▶|शेष पेज 4 पर

कोरबा में बवाल

### महिला की मौत, अस्पताल प्रबंधन पर लगाया आरोप



**कोरबा।** कोलकाता की घटना के विरोध में डॉक्टर के आंदोलन का असर शहर में भी देखने को मिला। यहां उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची एक महिला की मौत हो गई। परिजन ने उपचार के अभाव में मौत होने का आरोप अस्पताल प्रबंधन पर लगाया है। वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि महिला का इमरजेंसी में इलाज हुआ है संभवतः महिला की मौत हृदयघात से हुई है। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक भी शनिवार को कोलकाता कांड के विरोध में एक दिवसीय हड़ताल पर थे। अस्पताल के बाहर नारेबाजी ▶▶|शेष पेज 4 पर

20 अगस्त तक रिमांड पर भेजे गए जेल

# 11 घंटे हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद विधायक देवेंद्र गिरफ्तार





- समर्थकों ने सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी
- बलौदाबाजार हिंसा मामले में कई नोटिस जारी हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बलौदा बाजार हिंसा मामले में शनिवार की देर शाम विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 20 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिसिया कार्रवाई के दौरान विधायक देवेंद्र हाथ में सफेद झंडा और संविधान की लाल रंग की पुस्तक लहरा रहे थे। इस दौरान पुलिस की समर्थकों के साथ जमकर झड़प भी हुई।

- नेता प्रतिपक्ष महंत बोले- देवेन्द्र के खिलाफ षड्यंत्र

बलौदा बाजार पुलिस शनिवार को फोर्स के साथ विधायक देवेन्द्र यादव के निवास सेक्टर 5 पहुंची। खबर लगने के बाद विधायक ▶▶|शेष पेज 4 पर

### सहयोग नहीं कर रहे थे : शर्मा



उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि विधायक देवेंद्र यादव पुलिस को सहयोग नहीं कर रहे थे। इस वजह से उन्हें गिरफ्तार करना पड़ा। घटना में कोई भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

### दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई : बघेल



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, बलौदा बाजार हिंसा को लेकर लगातार दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई पुलिस कर रही है। इसमें देवेन्द्र यादव की कोई भूमिका नहीं थी, फिर भी उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

### देर शाम गिरफ्तारी, फिर जेल


आगजनी के मामले में पूछताछ के लिए बलौदा बाजार पुलिस विधायक देवेंद्र यादव को तीन बार नोटिस जारी किया है। उसके बाद बलौदा बाजार एसपी से मुलाकात की थी। फिर बलौदा बाजार पुलिस ने विधायक को गिरफ्तार करने शनिवार को फोर्स के साथ सेक्टर 5 निवास पहुंची और देर शाम उसे गिरफ्तार कर अपने साथ लेकर गई।

विनेश फोगाट के स्वागत के उत्साह में हो गया 'अपराध'

# पूनिया ने तिरंगे पर रखा जूता, होने लगा विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया पर तिरंगा के पोस्टर पर खड़े होने पर विवाद हो गया है। यह घटना 17 अगस्त को दिल्ली एयरपोर्ट पर हुई। विनेश फोगाट के पेरिस ओलंपिक से लौटने पर उनका भव्य स्वागत किया जा रहा था। तोक्यो ओलंपिक में भारत के लिए मेडल जीत चुके बजरंग भी विनेश का स्वागत करने एयरपोर्ट पर मौजूद थे। विनेश फोगाट के स्वागत के दौरान बजरंग तिरंगे के पोस्टर पर खड़े हो गए। वह जूता पहनकर कार के बोनट पर खड़े थे। वहां से बजरंग भीड़ और मीडिया को संभाल रहे थे। बोनट पर ही तिरंगे का पोस्टर चिपका हुआ था। इस पर बजरंग ने अपना पैर रख दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।



### बजरंग का बचाव भी कर रहे

सोशल मीडिया पर कुछ लोग बजरंग पूनिया का बचाव भी कर रहे हैं। उनका कहना है कि बजरंग से यह गलती अनजाने में हुई है। वह भीड़ और मीडिया को संभालने में व्यस्त थे। कार भीड़ से अपना रास्ता बना रही थी। फिर भी, कई लोगों ने बजरंग की आलोचना भी कर रहे हैं। उनका मानना है कि यह भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का अनादर है।

### विनेश का हुआ भव्य स्वागत



पेरिस ओलंपिक में फाइनल में पहुंचने के बावजूद अधिक वजन होने के कारण पदक नहीं जीत पाने वाली भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक जैसे स्टार खिलाड़ियों के अलावा पंचायत नेता भी विनेश का स्वागत करने के लिए पहुंचे थे। विनेश फूल मालाओं से लदी थी। उन्होंने खुली जीप में सवार होकर लोगों का आभार व्यक्त किया।






लखनऊ में भगदड़

# एयरपोर्ट पर फ्लोरीन गैस रिसाव से हड़कंप, दो कर्मचारी बेहोश

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लखनऊ एयरपोर्ट पर फ्लोरीन गैस का रिसाव होने से भगदड़ मच गई। आनन-फानन में यात्रियों को एयरपोर्ट से दूर ले जाया गया। सूचना पर मौके पर दमकलकर्मी और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। इसके अलावा लखनऊ के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। लोगों को दूर जाने की सलाह दी गई। राहत और बचाव कार्य देर रात तक जारी रहा। इस बीच, दो कर्मचारी बेहोश हो गए। बता दें कि मेडिकल में इस्तेमाल के लिए फ्लोरीन गैस का इस्तेमाल किया जाता है।



### 1.5 किलोमीटर एरिया खाली कराया

*लखनऊ एयरपोर्ट के करीब 1.5 किलोमीटर का एरिया खाली करा लिया गया। यात्रियों को दूर रहने को कहा गया। एयरपोर्ट प्रशासन का कहना है कि पैनिक जैसी स्थिति नहीं बनी। सीआईएसएफ के जवान हर स्थिति पर पैनी नजर रखे हुए हैं, साथ ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया। एयरपोर्ट प्रवक्ता ने कैंसर की दवा से इसके लीक होने की पुष्टि की है। दो कर्मचारी भी बेहोश हो गए हैं।*







संस्थापक आचार्य : कृष्णकृपामूर्ति श्री श्रीमद् ए.सी. भक्तिवेदान्त स्वामी श्रील प्रभुपाद

एच.एच. भक्ति सिद्धार्थ स्वामी
मंदिर अध्यक्ष, इस्कॉन रायपुर

श्री श्री राधारास बिहारी जी मंदिर

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

18-19 अगस्त

## 18 अगस्त 2024, रविवार
## (द्वितीय दिवस)





श्रीमान् गौरांग प्रभु
प्रवचन : संध्या 5.30 से 6.30 बजे तक

### विशेष आकर्षण

लीला "द स्पिरिचुअल रॉक बैण्ड", मुंबई
(संध्या 6.30 बजे)

मंगल आरती (सुबह 4.30 बजे)

हवन (सुबह 9 बजे से)

प्रसादम्
(प्रातः 10 से रात्रि 9.30 बजे तक)

आप सभी से विनम्र निवेदन है कि इस्कॉन के नये भव्य मंदिर प्रांगण में श्री श्री राधा रासबिहारी जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर आयोजित समस्त पावन कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर पुण्य के भागी बनें ।

**श्री श्री राधा रासबिहारी जी मंदिर, हरे कृष्ण धाम**
आलोपी नगर, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.) मो. 9893116005, 7710838538, 9300146200, वेबसाइट : www.iskconraipur.org

रायपुर
रविवार, 18 अगस्त 2024
श्रावण शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
वर्ष : 23, अंक : 31
पृष्ठ : 12+6+4 = 22, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 32.6
न्यून. 25.1

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

# सरपंच पति ने जड़ा स्कूल में ताला, वीडियो हुआ जमकर वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

खास खबर

शुक्रवार से सोशल मीडिया पर नवागढ़ ब्लाक के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल मगरघटा में तालाबंदी का वीडियो जमकर वायरल होने के साथ साथ चर्चा का विषय बना रहा। इसमें ग्राम पंचायत मगरघटा के सरपंच पति स्कूल के शिक्षकों पर लेट-लतीफी का आरोप लगाते हुए स्कूल के मेन गेट पर ताला लगा रहे हैं। वहीं स्कूल के प्राचार्य बाहर खड़े नजर आ रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम पर गौर किया जाए तो बड़ा दिलचस्प मामला सामने आया और इसके तार स्वतंत्रता दिवस से जुड़े हुए हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक स्कूल के प्राचार्य ने गुरूवार की सुबह 8:00 बजे ध्वजा रोहण का कार्यक्रम तय किया गया। जिसमें स्कूल के शाला विकास समिति अध्यक्ष, सरपंच, पंचगण सहित समस्त जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। गुरूवार को तय समय के करीब घंटे भर बाद भी सरपंच उपस्थित नहीं हुए थे, जिसके चलते प्राचार्य ने शाला विकास समिति ▶▶ शेष पेज 4 पर




## हायर सेकंडरी स्कूल मगरघटा में तालाबंदी का वीडियो वायरल

### जानकारी मांगी गई

इस संबंध में जब जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे से बात की गई तो उन्होंने बताया की प्राचार्य के द्वारा शाला में ताला बंद करने की सूचना दी गई। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ताला खुलवाया गया। साथ ही पूरे घटनाक्रम की जानकारी मांगी गई है, जानकारी मिलने पर समुचित कार्रवाई की जाएगी।



### शिक्षकों की गलती नहीं


स्वतंत्रता दिवस के दिन सरपंच के देरी से पहुंचने के कारण ध्वजारोहण कर दिया गया था, जिसके चलते उन्होंने तालाबंदी कर नाराजगी व्यक्त की होगी। स्कूल का संचालन सही समय पर व्यवस्थित किया जा रहा है, शिक्षकों की कोई गलती नहीं है।

- **सीताराम साहू**, अध्यक्ष, शाला विकास समिति

---

300 छात्रों की पढ़ाई ठप !

# स्कूल ने नहीं चुकाया लोन तो बैंककर्मियों ने जड़ा ताला



**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में पंजाब नेशनल बैंक ने लोन नहीं चुकाने पर स्कूल को सील कर दिया है। इस स्कूल में पढ़ने वाले करीब 300 बच्चों के माता-पिता की चिंता बढ़ गई है। उनका कहना है कि बच्चे स्कूल आते हैं, लेकिन स्कूल पर ताला लटका देखकर घर लौट जाते हैं। उन्हें बच्चे के भविष्य की चिंता सता रही है। दरअसल, इसनपुर में स्थित लोटस स्कूल को बैंक द्वारा सील किए जाने की वजह से चर्चा का विषय बनी हुई है। स्कूल मैनेजमेंट द्वारा ली गई लोन की रकम का भुगतान समय पर नहीं किए जाने की वजह से बैंक द्वारा स्कूल को सील कर दिया गया है। धी लोटस हायर सेकेंडरी स्कूल सील होने की वजह से इस स्कूल में पढ़ने वाले करीब 300 बच्चों के माता-पिता की चिंता बढ़ी हुई है।

### जल्द ही बकाया ऋण राशि चुका देंगे: ट्रस्टी

स्कूल के ट्रस्टी रमणिकभाई का कहना है कि हमने पीएनबी बैंक से मॉर्गेज लोन ली थी। वह जल्द ही बकाया ऋण राशि चुका देंगे और स्कूल को सील खुलवा देंगे। वहीं, अहमदाबाद डीईओ को जैसे ही लोटस हायर सेकेंडरी स्कूल के सील होने की जानकारी मिली, उन्होंने स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी कर पूछा कि स्कूल कब से शुरू होगा या स्कूली बच्चों के लिए क्या वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

---

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ताइवान में आया 6.3 तीव्रता का भूकंप

**नई दिल्ली।** ताइवान में सुबह भूकंप से तेज झटके लगे, जिससे लोगों के पसीने छूट गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6.3 मापी गई है। ताइवान के मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप पूर्वी शहर हुआलिएन से 34 किमी दूर आया था और इसकी गहराई 9.7 किलोमीटर थी। इससे पहले गुरुवार को भी ताइवान में भूकंप के झटके लगे थे, लेकिन एक दिन से भी कम समय में द्वीप पर आए दूसरे बड़े भूकंप से कोई नुकसान नहीं हुआ।

### वर्दी में कोचिंग सेंटर का प्रचार, आरक्षक सस्पेंड

**रतलाम।** रतलाम में एक महिला आरक्षक को खाकी वर्दी में कोचिंग संस्थान का प्रचार करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। महिला आरक्षक विज्ञापन में कथित तौर पर खाकी वर्दी पहने नजर आई थी। यह संस्थान पुलिस विभाग में विभिन्न पदों के लिए भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कराता है।



### सड़क दुर्घटना में दो की मौत, एक गंभीर

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले में शनिवार शाम तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। घटना मंसूरपुर थाना क्षेत्र के बेगराजपुर के पास दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई जब पैदल जा रहे गोपाल, जगरूप और तुषार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।




### मॉल को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम स्थित एंबियंस मॉल को तब खाली करा लिया गया जब एक ईमेल में दावा किया गया कि इसके परिसर में बम रखा है। बम निष्क्रिय करने वाली टीम और श्वान दस्ते मौके पर हैं तथा तलाशी अभियान जारी है। एंबियंस मॉल प्रबंधन को सुबह 9.27 बजे बम की धमकी वाला ईमेल मिला।



### हॉलीवुड के जाने माने संगीतकार ग्रेग का निधन

**सैन फ्रांसिस्को।** अस्सी के दशक के लोकप्रिय गीतों 'जेओपार्डी' और 'द ब्रेकअप सॉन्ग' के लिए मशहूर 'रॉक एंड रोल' संगीतकार ग्रेग किहन का निधन हो गया है। वह 75 वर्ष के थे। किहन की वेबसाइट पर जारी एक बयान में उनकी प्रबंधन टीम ने बताया कि संगीतकार का अल्जाइमर बीमारी से मंगलवार को निधन हो गया।



---

जमीन घोटाले पर एक्शन, सिद्धारमैया बोले- नहीं दूंगा इस्तीफा

# कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ चलेगा मुकदमा, राज्यपाल की मुहर

राज्यपाल के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देगी कांग्रेस

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

*कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण भूमि आवंटन 'घोटाले' के संबंध में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। राज्यपाल ने कहा कि मामले की एक तटस्थ, वस्तुनिष्ठ और गैर-पक्षपातपूर्ण जांच कराना बहुत आवश्यक है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इस्तीफा नहीं देंगे। इस बीच, इस मुद्दे को लेकर भाजपा-कांग्रेस में सियासी घमासान शुरू हो गया है।*

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने राज्यपाल के इस कदम की निंदा की और इस कदम का राजनीतिक तथा कानूनी रूप से मुकाबला करने की बात कही। राज्यपाल ने कार्यकर्ता प्रदीप कुमार एसपी, टी जे अब्राहम और स्नेहमयी कृष्णा की याचिकाओं में उल्लिखित कथित अपराधों को अंजाम देने के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17 ए और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218 के तहत सिद्धरमैया के खिलाफ मुकादमा चलाने की मंजूरी प्रदान की। एमयूडीए 'घोटाले' में आरोप है कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की पत्नी पार्वती को मैसूर के एक पॉश इलाके में प्रतिपूरक भूखंड आवंटित किया गया था जिसका संपत्ति मूल्य उनकी उस भूमि की तुलना में अधिक था जिसे एमयूडीए ने 'अधिग्रहीत' किया था। एमयूडीए ने पार्वती को उनकी 3.16 एकड़ भूमि के बदले 50:50 अनुपात योजना के तहत भूखंड आवंटित किए थे।

विपक्ष और कुछ कार्यकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पार्वती के पास 3.16 एकड़ भूमि पर कोई कानूनी अधिकार नहीं है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने दावा किया है कि एमयूडीए घोटाला 4,000 से 5,000 करोड़ रुपये तक का है। शिवकुमार ने राज्यपाल के कदम को 'असंवैधानिक' और ▶▶ शेष पेज 4 पर

### राज्यपाल ने सीएम से किया था सवाल

इससे पहले कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने भी मुख्यमंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करके पूछा है कि उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति क्यों न दी जाए। जवाब में, कर्नाटक कैबिनेट ने दृढ़ता से सिफारिश की कि राज्यपाल मुख्यमंत्री को जारी नोटिस वापस लें।

### क्या है आरोप

आरोप है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी की 3.16 एकड़ जमीन मूडा द्वारा अधिग्रहित की गई। इसके बदले में एक महंगे इलाके में 14 साइटें आवंटित की गईं। मैसूर के बाहरी इलाके केसारे में यह जमीन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को उनके भाई मल्लिकार्जुन स्वामी ने 2010 में उपहार स्वरूप दी थी।

### किसने लगाया आरोप?

इस पूरे मामले को तीन सामाजिक कार्यकर्ताओं प्रदीप कुमार, टीजे अब्राहम और स्नेहमायी कृष्णा ने उठाया था। उन्होंने राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया था।

### कहां की थी शिकायत

जुलाई में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने लोकायुक्त पुलिस में शिकायत की थी कि सिद्धारमैया की पत्नी बीएम पार्वती को मैसूरु के एक पॉश इलाके में 14 साइटों का आवंटन अवैध था। अब राज्यपाल की मंजूरी के बाद सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ केस चलेगा।




### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दिए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने 'राज्यपाल वापस जाओ' की तख्तियां लिए 'जनविरोधी भाजपा और जद (एस) मुर्दाबाद, भाजपा के एजेंट राज्यपाल मुर्दाबाद' के नारे लगाए।

### खड़गे बोले- भाजपा खड़ी कर रही परेशानी

इधर, इस मामले में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा द्वारा नियुक्त राज्यपाल गैर-भाजपा शासित राज्यों के लिए परेशानी खड़ी कर रहे हैं। खड़गे ने कहा कि उन्हें यह देखना होगा कि गहलोत ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री पर मुकदमा चलाने की अनुमति क्यों दी।

### भाजपा ने सिद्धारमैया से मांगा इस्तीफा

इधर, भाजपा ने कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया से इस्तीफा मांगा है। भारतीय जनता पार्टी ने निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री से इस्तीफा मांगा है। भाजपा का आरोप है कि साल 1998 से लेकर 2023 तक सिद्धारमैया राज्य के प्रभावशाली और अहम पदों पर रहे। उन्होंने अपने प्रभाव का इस्तेमाल किया और अपने परिवार वालों को लाभ पहुंचाया। भाजपा मुख्यालय में आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता में भाजपा सांसद संबित पात्रा और सांसद तेजस्वी सूर्या ने इस मामले को गंभीर बताते हुए इस मामले की स्वतंत्र रूप से जांच की मांग की है।



---

# पिता पर उठाया हाथ इसलिए मां ने काट दिए बेटे के दोनों हाथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

पखांजूर इलाके में एक युवक का शव खेत में मिला था और दोनों हाथ कटे हुए थे। पुलिस ने मामले की तस्दीक करने के बाद खुलासा किया कि मृतक सूखा नशा करता था और अपने पिता पर हाथ भी उठा चुका था। बेटे की करतूत से परेशान माता-पिता ने बेटे की हत्या करते हुए उसके दोनों हाथ काट दिए।

■ सूखे नशे करने वाले बेटे की हत्या

गोंडाहुर थानाक्षेत्र स्थित एक खेत में पीवी 20 निवासी अभय शील के शव मिलने के उपरांत पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि मृतक अभय शील के पिता पलाश शील और मां रंजीता शील ने ही एक राय होकर अपने बेटे की हत्या की है। आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अपराध स्वीकारा

एएसपी पखांजुर प्रशांत शुक्ला ने बताया कि अज्ञात शव मिला था। विवेचना में पाया गया कि युवक की हत्या हुई है। शंका के आधार पर मां व पिता से पूछताछ करने पर दोनों ने हत्या करने का कारण कबूल किया। उन्होंने बताया कि मृतक ने अपने पिता पर हाथ उठाया था, इसलिए हत्या के बाद बेटे के दोनों हाथ को काट दिया था।

### 14 अगस्त को हुआ था विवाद

जांच में यह बात सामने आई कि बेटा 14 अगस्त की रात में नशा करके घर आया और माता पिता से विवाद करने लगा, जिससे त्रस्त होकर माता पिता दोनों ने एक राय होकर बेटे की हत्या कर दी। हत्या में प्रयुक्त टांगिया, खंडा, पहने हुए कपड़े, चप्पल, मृतक का मोबाइल वा उसका नशीला पदार्थ, कड़ा और मृतक की जलाई हुई हड्डी के अवशेष आरोपियों की निशानदेही पर बरामद कर जब्त किया गया।

---

एक सितंबर से सदस्यता अभियान

# भाजपा में 10 करोड़ से ज्यादा सदस्य जोड़ने का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा का सदस्यता अभियान आगामी एक सितंबर से शुरू होगा। पार्टी ने इस अभियान के तहत देशभर में 10 करोड़ से ज्यादा सदस्य जोड़ने का संकल्प लिया है। चुनावी राज्यों हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और झारखण्ड में नतीजों के बाद सदस्यता अभियान आरम्भ किया जाएगा। सदस्यता अभियान पूरा होने के बाद सांगठनिक चुनावों की प्रक्रिया शुरू होगी, जो मंडल, जिला से लेकर राज्य स्तर चलेगी। आधे राज्यों में चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जनवरी में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को सदस्यता अभियान का राष्ट्रीय संयोजक ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ नड्डा और शाह की मौजूदगी में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक

### विजया राहटकर छत्तीसगढ़ प्रभारी

बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए पार्टी सदस्यता अभियान के प्रमुखों की नियुक्ति की गई है। विजया राहटकर छत्तीसगढ़ और कर्नाटक की प्रभारी होंगी। डी पुरंदेश्वरी को केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु का प्रभारी बनाया गया है। अरविंद मेनन अंडमान और निकोबार, आंध्र प्रदेश, लक्षद्वीप और तेलंगाना का काम देखेंगे।



### चार आयामों पर अभियान

यह अभियान चार आयामों पर आगे बढ़ेगा। एक आयाम है मिस्ड कॉल जिसके माध्यम से लोग पार्टी से जुड़ सकेंगे, दूसरा आयाम है क्यू आर कोड। स्मार्ट फोन का उपयोग करने वाले लोग क्यू आर कोड के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बन सकते हैं। नमो एप के माध्यम से भी सदस्यता ग्रहण की जा सकती है और इसी तरह कोई भी व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी की वेबसाइट के माध्यम से भी सदस्यता ग्रहण कर सकता है।

### नड्डा ने की अपील

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सभी अधिकारियों से इस सदस्यता अभियान को सफल बनाने की अपील करते हुए लगभग 10 करोड़ नए सदस्यों को पार्टी के साथ जोड़ने का आह्वान किया। इस अभियान का मूल उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा का विस्तार करना है।

---

# सुरक्षा में तैनात कर्मी ने भाजपा नेता की जान लेने की कोशिश की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर/भोपालपटनम

भोपालपटनम निवासी भाजपा के महामंत्री बिलाल खान की सुरक्षा में तैनात उनके सुरक्षाकर्मी ने ही जान लेने की आज कोशिश की। मामला सामने आने के बाद सुरक्षाकर्मी को निलंबित कर दिया गया हैं। बीजापुर भाजपा के जिला महामंत्री भोपालपटनम निवासी बिलाल खान की जान बाल-बाल बच गई। शनिवार को जब उनके ही सुरक्षाकर्मी ने उनसे बदसलूकी करते हुए अपनी रायफल कॉक कर ली और घर के अंदर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### नशे में था जवान

भाजपा महामंत्री बिलाल खान की सुरक्षा के लिए दो जवान दिए गए हैं। उनमें से एक जवान नागेश टिंगे शनिवार की सुबह नशे की हालत में था और गाली-गलौच करने लगा। उसने अपनी सर्विस रायफल कॉक कर ली और बिलाल खान के घर में घुसकर गोली मारने की कोशिश करने लगा। यह देखकर दूसरे सुरक्षाकर्मी ने किसी तरह घर के दरवाजे को बंद करके उनकी जान बचाई।

---

# रायपुर में बनेगा दिव्यांगजन पार्क, मुख्यमंत्री ने की पांच एकड़ जमीन देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीटीआई मैदान पर 17वें 'दिव्य कला मेला' के शुभारंभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने जमीन मिलने पर दिव्यांगजन पार्क निर्माण कराने की घोषणा की, जिस पर मुख्यमंत्री ने रायपुर में इस पार्क के निर्माण के लिए 5 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने की घोषणा की।

केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा, दिव्य कला मेला, दिव्यांग भाई-बहनों के अद्वितीय कौशल और उद्यमशीलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन है। दिव्यांगजनों में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत ▶▶ शेष पेज 4 पर

## राजनांदगांव में दिव्यांगजनों के लिए डिप्लोमा स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित होंगे




■ केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार पहुंचे बीटीआई मैदान, अब 23 तक चलेगा मेला

### दिव्यांगों के लिए पाठ्यक्रम संचालित होंगे

उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में संचालित राज्य संसाधन केंद्र (सीआरसी) के नए भवन बनने के बाद वहां दिव्यांगजनों के लिए डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ के अन्य शहरों में भी 'दिव्य कला मेला' का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

पांच संसदीय समितियों का किया गया गठन, सचिवालय ने दी जानकारी

# वेणुगोपाल पीएसी, जायसवाल प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के संगठन महासचिव और लोकसभा सदस्य केसी वेणुगोपाल को संसद की महत्वपूर्ण समिति माने जाने वाली लोक लेखा समिति (पीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद संजय जायसवाल को प्राक्कलन समिति की अध्यक्षता सौंपी गई है। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बुलेटिन में पांच संसदीय समितियों के गठन की जानकारी दी गई है।

बुलेटिन में कहा गया है कि अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण से संबंधित संसदीय समिति तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण से जुड़ी समिति गठित की गई हैं। ओबीसी कल्याण के संबंधित समिति के अध्यक्ष ▶▶ शेष पेज 4 पर

### संसदीय समिति

- लोक लेखा समिति-केसी वेणुगोपाल
- प्राक्कलन समिति -संजय जायसवाल
- सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति - बैजयंत पांडा
- ओबीसी कल्याण समिति-गणेश सिंह
- एससी-एसटी कल्याण समिति-फग्गन सिंह कुलस्ते





### विपक्षी दल को सौंपी जाती है अध्यक्षता

संसदीय परिपाटी के अनुसार, पीएसी की अध्यक्षता मुख्य विपक्षी दल के किसी नेता को सौंपी जाती है। पिछली लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी पीएसी के अध्यक्ष थे। पीएसी में लोकसभा के जिन 15 सदस्यों को जगह दी गई है उनमें द्रमुक केटीआर बालू, भाजपा के रविशंकर प्रसाद, निशिकांत दुबे और जगदंबिका पाल, तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव तथा कई अन्य सांसद शामिल हैं।

### तीनों समितियों का एक साल का कार्यकाल

लोकसभा सचिवालय ने शुक्रवार को एक बुलेटिन जारी कर संसदीय समितियों के गठन की घोषणा की। तीनों समितियों का कार्यकाल एक वर्ष का होता है और इनमें लोकसभा और राज्यसभा दोनों के सदस्य शामिल होते हैं, जिनका चयन दोनों सदनों द्वारा किया जाता है। इनके अलावा, विभाग-संबंधी अन्य स्थाई समितियां भी हैं, जो विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों पर नजर रखती हैं।

**लालकिले की प्रचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन पर गौर नजर इनायत करें, तो इसमें वर्तमान उपलब्धियों का जिक्र भी है, विकसित भारत का संकल्प भी है और राष्ट्र के सामने मौजूद चुनौतियों का उल्लेख भी है। इस बार की थीम विकसित भारत एट 2047 है। पीएम ने 103 मिनट के अपने सबसे लंबे संबोधन में नकारात्मक व देशविरोधी राजनीति, राजनीति में परिवारवाद, भ्रष्टाचार, समान नागरिक संहिता (सेक्युलर सिविल कोड), एक राष्ट्र एक चुनाव, बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के हालात, बुनियादी ढांचे के विकास, कोलकाता रेप-मर्डर केस, निवेश आदि विषयों पर फोकस किया। अपनी सरकार की नीतियों पर बात करते हुए पीएम ने विकसित भारत लक्ष्य, नई शिक्षा नीति, आत्मनिर्भर भारत, न्याय संहिता, बैंकिंग सेक्टर व कृषि क्षेत्र में सुधार की बात कही। पीएम ने विकसित भारत के लिए दस से अधिक सुझाव भी दिए हैं। इनमें देश को स्किल कैपिटल बनाने, मैन्यूफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाने, यूनिवर्सिटी हब, हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने, मोटे अनाज को विश्व के हर क्षेत्र में पहुंचाने, न्याय व्यवस्था में सुधार, भारत का अपना स्पेस स्टेशन बनाने, पारंपरिक औषधि को विकसित करने, शासन-प्रशासन में कैपिसिटी बिल्डिंग करने और तीसरी बड़ी इकोनॉमी बनाने शामिल हैं। पीएम के संबोधन का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# लाल किले से भविष्य के भारत का खाका



**विश्लेषण**

अवधेश कुमार

वरिष्ठ पत्रकार

**प्रधानमंत्री के संबोधन का बहुत बड़ा भाग इसी पर केंद्रित था कि कैसे हमने अर्थव्यवस्था को विश्व मानकों के अनुरूप प्रगति के पथ पर लाया है और भारत की गिनती दुनिया की 5 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में हो रही है जो शीघ्र तीसरे स्थान पर पहुंच जाने वाली है। उन्होंने विश्व भर के निवेशकों को विश्वास दिलाया कि हमने निवेश एवं कारोबार की दृष्टि से आर्थिक, कानूनी, वित्तीय, व्यावसायिक आदि क्षेत्र में सुधार से ऐसे ढांचा निर्मित कर दिए हैं जिसमें आपके लिए परेशानी और जोखिम के लिए जगह न के बराबर है। देश के अंदर उद्यमियों को प्रोत्साहित करने तथा नए लोगों को स्टार्टअप या अनुसंधानों के साथ उद्यमी बनने की भी प्रेरणा उन्होंने दी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी 11 स्वतंत्रता दिवस संबोधनों को देखें तो आपको उसमें देश को लेकर किसी स्तर पर निराशा या नकारात्मकता की झलक नहीं दिखाई देगी। लाल किला से बोलते हुए उन्होंने हमेशा यह ध्यान रखा कि स्वतंत्रता दिवस का संबोधन लोगों के अंदर देश के लिए जिम्मेदारीपूर्वक काम करने और हर परिस्थिति में साहस और संकल्प बनाए रखने की प्रेरणा दें। वर्ष 2014 के अपने पहले संबोधन में स्वच्छ भारत व मेक इन इंडिया की घोषणा की, वर्ष 2015 में दूसरे भाषण में स्टार्ट अप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया और भ्रष्टाचार मुक्त देश का संकल्प लिया। वर्ष 2016 में तीसरे संबोधन में पीएम फसल बीमा योजना व प्रगति प्रोजेक्ट का ऐलान किया, वर्ष 2017 के चौथे संबोधन में जम्मू-कश्मीर समस्या को सुलझाना, न्यू इंडिया और भारत जोड़ो का नारा दिया। वर्ष 2018 के 5वें संबोधन में पीएम मोदी ने आयुष्मान भारत व गगनयान प्रोजेक्ट लांच किया, वर्ष 2019 के 6ठे भाषण में जल जीवन मिशन, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ व 5 ट्रिलियन इकोनॉमी के लक्ष्य की घोषणा की। वर्ष 2020 के 7वें संबोधन में वोकल फोर लोकल, नई शिक्षा नीति व आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया, वर्ष 2021 के 8वें भाषण में पीएम ने 75 वंदे भारत, नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन का ऐलान किया, तो वर्ष 2022 के 9वें संबोधन में नए भारत व गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति के लिए पंच प्रण, 5जी टेक्नोलॉजी व वर्ष 2023 के 10वें भाषण में विश्वकर्मा योजना, जन औषधि केंद्र, विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का संकल्प किया। सभी घोषणाओं में राष्ट्र का विकास एजेंडे में है। यह विकास दृष्टि वर्ष 2024 के 11वें संबोधन में भी है। 15 अगस्त को लाल किले के संबोधन पर दृष्टि दौड़ाएं तो कहीं भी ऐसा नहीं लगेगा कि प्रधानमंत्री मोदी पर भाजपा के बहुमत से पीछे रह जाने और गठबंधन सरकार की विवशताओं का रंच मात्र भी प्रभाव है। पीएम का पूरा भाषण देश को यह विश्वास दिलाने पर केंद्रित रहा कि सरकार भारत को हर दृष्टि से विकसित राष्ट्रों की कतार में खड़ा करने के लिए कमर कस कर काम कर रही है। भारत के लोगों की आम मानसिकता आत्मकेंद्रित हुई है, संयुक्त परिवारों के लगभग खत्म हो जाने के कारण लोग धीरे-धीरे अकेले होते जा रहे हैं तथा गांव से शहर की ओर जाने की प्रवृत्ति जबरदस्त रूप से तेज है। इसमें सामूहिक जीवन और मिलकर एक-दूसरे का सहयोग करने तथा राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाने की उस रूप में संभावनाएं क्षीण हुई हैं, जिनकी कल्पना हमारे आजादी के पूर्व और उसके बाद कुछ समय तक महापुरुषों ने की थी। ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसका पता नहीं है। बावजूद वह कह रहे हैं कि 40 करोड़ लोग खड़े हुए तो हमने स्वतंत्रता पा ली और जब आज 140 करोड़ हैं तो निश्चित रूप से देश को विकसित राष्ट्र बनाएंगे तो उसके पीछे वर्तमान स्थिति के अंदर संभावनाएं देखना और लोगों को इसी स्थिति में प्रेरित करना ही व्यवहारिक रास्ता बचता है।



## देश विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर

नरेंद्र मोदी के आलोचकों की दृष्टि में उनके भाषणों में सपनों और कल्पनाओं का ऐसा भावुक शब्द चित्रण होता है, जिसमें लोग मोहित हो जाते हैं। सच यह है कि उसी के आधार पर देश को किसी काम के लिए या स्वयं व्यक्तिगत जीवन में भी सफल होने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। प्रत्येक स्वतंत्रता दिवस प्रधानमंत्री के लिए केवल अपने किए गए कार्यों के विवरण के प्रस्तुति का मंच नहीं बल्कि भविष्य के सपने व उसके पूरा करने का आत्मविश्वास दिलाने का सबसे बड़ा अवसर होता है। वास्तव में 78वें स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन से उन्होंने कुल मिलाकर भारत और भारत के बाहर भी लोगों को यह विश्वास दिलाया कि भारत समग्र रूप में विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है और इसे निर्धारित समय पर प्राप्त करके रहेगा। वर्तमान वैश्विक ढांचे में विकसित राष्ट्र की परिभाषा क्या है? अर्थव्यवस्था के वैश्विक मानकों पर खरा उतरना, शिक्षा के क्षेत्र में मूलतः सामान्य, तकनीकी एवं प्रोफेशनल संस्थाओं और उनके प्रदर्शनों को विश्व मानकों के अनुरूप लाना, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना व विश्व बाजार में सामग्रियों के विक्रय की प्रतिस्पर्धा में टिकना, आम लोगों के जीवन स्तर का निर्धारित मानक प्राप्त करना आदि आदि। प्रधानमंत्री के संबोधन का बहुत बड़ा भाग इसी पर केंद्रित था कि कैसे हमने अर्थव्यवस्था को विश्व मानकों के अनुरूप प्रगति के पथ पर लाया है और भारत की गिनती 5 वीं बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में हो रही है। उन्होंने विश्व भर के निवेशकों को विश्वास दिलाया कि हमने निवेश एवं कारोबार की दृष्टि से आर्थिक, कानूनी, वित्तीय, व्यावसायिक आदि क्षेत्र में सुधार से ऐसे ढांचा निर्मित कर दिए हैं, जिसमें परेशानी और जोखिम के लिए जगह न के बराबर है। आगे भी करते रहेंगे। देश के अंदर उद्यमियों को प्रोत्साहित करने तथा नए लोगों को स्टार्टअप या अनुसंधानों के साथ उद्यमी बनने की भी प्रेरणा उन्होंने दी। इसी में उन्होंने भारतीय बैंकिंग व्यवस्था की चर्चा की कि जब हम आए थे तो बैंक कितनी दुर्दशा में थे और आज बैंक विश्व के प्रमुख देशों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। यह सच भी है। हमारे ज्यादातर बैंक संकट का सामना कर रहे थे और सुधार तथा साहसपूर्वक कदम उठाकर राष्ट्रीयकृत बैंकों की संख्या कम करना, उनको एक दूसरे से मिलाना तथा शेष कदमों के द्वारा वाकई बैंकिंग व्यवस्था सुदृढ़ की है। यह सुधार और नरेंद्र मोदी सरकार के प्रति भारत एवं बाहर के आम निवेशकों का विश्वास ही है जिसमें हिंडेनबर्ग की वर्तमान रिपोर्ट से पूरा पूंजी बाजार बेअसर रहा। लाल किले से ही उन्होंने रक्षा क्षेत्र में एक आयातक से धीरे-धीरे सामग्री निर्माता और निर्यातक की ओर बढ़ने की भी जानकारी आवाम को दी।

## मातृभाषा में शिक्षा नीति का निर्माण

प्रधानमंत्री मोदी उस विचार से आते हैं जिसमें हिंदुत्व और उस पर आधारित जीवन शैली वाली व्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त करना सर्वोपरि है। उन्होंने वर्तमान ढांचे के साथ इनमें कैसे संतुलन बनाया जाए, इसकी कोशिश एक सीमा तक की है। स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में उन्होंने स्पष्ट या संकेतों के द्वारा बताया कि कोई भी देश अपनी सभ्यता-संस्कृति और पहचान के साथ विकसित बनेगा, तभी वह लंबे समय टिकेगा। इसमें शिक्षा व्यवस्था सबसे महत्वपूर्ण है। मातृभाषा में शिक्षा पीएम नरेन्द्र मोदी की राजग सरकार की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का महत्वपूर्ण स्तंभ है। केवल सामान्य शिक्षा ही नहीं इंजीनियरिंग, मेडिकल, प्रबंधन, सूचना तकनीक आदि के लिए भी इसमें स्थानीय भाषाओं में शिक्षा का लक्ष्य है। जो प्रतिभाएं अंग्रेजी न जानने के कारण कुम्हला कर नष्ट हो जाती हैं उनके पूरी संभावनाओं के साथ खिलने का इसमें अवसर है। इसकी उन्होंने पूरी चर्चा की। ध्यान रखिए कि हमारे स्वतंत्रता आंदोलन का एक बड़ा सपना मातृभाषा के आधार पर शिक्षा एवं भारत का निर्माण था। हालांकि कांग्रेस का मुख्य नेतृत्व कुछ प्रमुख अंग्रेजी पढ़े- लिखे लोगों के हाथों में होने के कारण स्वतंत्रता के बाद यह साकार नहीं हो सका लेकिन नरेंद्र मोदी सरकार नई शिक्षा नीति के साथ धीरे-धीरे पूरे ढांचे में बदलाव की कोशिश कर रही है। जिन लोगों ने शिक्षा नीति पर काम किया है या उसे साकार करने की कोशिशें देख रहे हैं, उन्हें विश्वास है कि यद्यपि इस ढांचे में जबरदस्त बाधायें हैं लेकिन सफलता मिलेगी। किसी भी समाज और राष्ट्र के संपन्न होने में उसका कानूनी ढांचा और न्याय प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका होती है ।

## सबके लिए समान कानून ही सेक्युलर

कानून आपके अनुरूप, आपके समझने लायक और न्याय प्रणाली कम खर्चीली तथा वास्तविक न्याय दिलाने वाली हो तो वह देश कुंठाओं से ऊपर अपनी कानूनी और न्यायिक समस्याओं का समाधान करते हुए आगे बढ़ता रहता है। प्रधानमंत्री ने इसी संदर्भ में 1400 कानूनों को खत्म करने तथा नई न्याय संहिता की चर्चा की। वैसे अभी इसका असर देखा जाना शेष है। एक बार बदलाव का क्रम बढ़ता है तो सुधार की संभावनाएं पैदा होने लगती हैं। भारत जैसे देश में लोगों के लिए समान नागरिक कानून नहीं हो तो न संपूर्ण प्रगतिशील समाज का निर्माण होगा और न एक बहुत बड़ा वर्ग विकास की गाथा में अपनी भूमिका निभा सकेगा। सामान्यता समान नागरिक संहिता या कॉमन सिविल कोर्ड को भाजपा या आरएसएस के एजेंडे के रूप में देखा जाता है। हमारे संविधान निर्माताओं ने भी पंथ, मजहब, नस्ल से ऊपर उठकर सबके लिए समान समान नागरिक संहिता का लक्ष्य घोषित किया था। वोट की राजनीति या मुस्लिम समुदाय को लेकर आत्मघाती विचारधारा के कारण यह लक्ष्य साकार नहीं हो सका। इसके बगैर आप विश्व में सम्मानित विकसित और भारत को भारत के रूप में प्रभावी देश नहीं बना सकते। इसलिए प्रधानमंत्री ने अब सांप्रदायिक नागरिक कानून से बाहर निकलकर सेक्युलर नागरिक कानून की बात की है। जो सबके लिए समान कानून होगा वही सेक्युलर होगा। ऐसा नहीं है तो वास्तव में सांप्रदायिक कानून ही है। स्वतंत्रता दिवस संबोधन में इसके उल्लेख और व्याख्या का मतलब है कि प्रधानमंत्री ने देश को स्पष्ट कर दिया है कि हम सब मिलकर इसका मन बनाएं और देश उसकी ओर बढ़े, क्योंकि यह संपूर्ण समाज की प्रगति और भारत की सुख, शांति समृद्धि के साथ खड़ा होने के रास्ते की बहुत बड़ी बाधा है। यही भारतीय दृष्टि हमारे कृषि क्षेत्र के संदर्भ में भी है। पिछले कई वर्षों से प्रधानमंत्री लोगों को रासायनिक उर्वरकों से निकलकर प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने का आह्वान कर रहे हैं और सरकार की कृषि सुधार नीतियों में यह शामिल भी है। भारत जैसा देश तभी वाकई विकसित माना जाएगा, जब इसकी कृषि व्यवस्था स्वावलंबी होगी। यह तभी संभव है जब रासायनिक खादों, अत्यधिक जल से सिंचाई से बचें तथा ऐसी फसलों को कम उगाएं जिनमें खर्च ज्यादा है। प्राकृतिक खेती इनसे बाहर निकालती है।

## सुखी, शांत और समृद्ध राष्ट्र की संभावनाएं

इस तरह देखें तो निष्कर्ष आएगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस संबोधन से दिखाए गए सपने और संभावनाएं अगर साकार रूप लेंगे तो भारत आने वाले सैकड़ो वर्षों तक सुखी, शांत और समृद्ध राष्ट्र के रूप में विश्व का दिशादर्शन करता रहेगा। वर्तमान ढांचे में विकसित देशों से सभी आशंकित, भयभीत रहते हैं। विकसित भारत का चरित्र उससे अलग होगा। यही प्रधानमंत्री ने कहा कि हजार वर्षों का उदाहरण है कि हमसे किसी को खतरा नहीं है। इसमें यह भी निहित है कि हम किसी के लिए खतरा नहीं थे, लेकिन हजार वर्षों में हम पर कितने खतरे हुए, हमारे देश को नेस्तनाबूद करने की कोशिशें हुईं और इसके टुकड़े हुए, इसका ध्यान रखना आवश्यक है।

# सुधार की राह पर आगे बढ़ेगा देश



**पीएम संबोधन**

उमेश चतुर्वेदी

वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार

स्वाधीनता दिवस के दिन लाल किले की ऐतिहासिक प्राचीर से प्रधानमंत्री मोदी के देश के नाम संबोधन की चर्चा स्वाभाविक है। स्वाधीनता दिवस के इस भाषण में हर प्रधानमंत्री अपने तईं अपनी सरकार की भावी योजनाओं का खाका पेश करता है और बीते साल की अपनी उपलब्धियों को गिनाता है। इस लिहाज से देखें तो इस बार भी भावी कदमों के संकेत पीएम मोदी के इस भाषण में रहे, वहीं विगत की उपलब्धियों का जिक्र भी था। लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान खींचा इस भाषण के तीन मुद्दों ने। विकसित भारत, सेक्युलर सिविल कोड और न्यायिक सुधार। प्रधानमंत्री बनने के बाद से मोदी 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा जोर-शोर से लगाते रहे हैं और इस विचार से प्रभावित नीतियां भी बनाते और उन्हें लागू कराते रहे हैं। बाद के दिनों में इसमें 'सबका विश्वास' भी जुड़ गया। प्रधानमंत्री मोदी जिस भारतीय जनता पार्टी के नुमाइंदे हैं, उसे हिंदू और हिंदुत्ववादी पार्टी का विशेषण उसके राजनीतिक विरोधियों द्वारा मिला हुआ है। उसके एजेंडे के कुछ विषय भी ऐसी सोच विकसित करने के लिए उसके विरोधियों को हथियार के तौर पर मिलते रहे हैं।

## पारंपरिक छवि तोड़ने की कोशिश

जब तक नरेंद्र मोदी केंद्रीय राजनीति के शीर्ष पर नहीं पहुंचे थे, बीजेपी की वैचारिकी के लिहाज से माना जाता रहा कि अगर वे सत्ता में आएंगे तो उनकी विकास योजनाओं में मुस्लिम समुदाय के लिए खास नहीं होगा। गुजरात के मुख्यमंत्री रहते नरेंद्र मोदी की ऐसी ही छवि उनके विरोधियों ने सफलतापूर्वक गढ़ी। उन्हें मुस्लिम विरोधी के रूप में ऐसा स्थापित किया गया कि आज भी आम मुस्लिम मतदाता तमाम तरह की सुरक्षा और सरकारी योजनाओं का फायदा उठाने के बावजूद सबसे बड़ा मोदी और बीजेपी विरोधी है। मोदी ने अपनी मुस्लिम विरोधी इस छवि को प्रधानमंत्री बनने के बाद तोड़ने की कोशिश की। अल्पसंख्यक मंत्रालय के जरिए भारी-भरकम रकम की योजनाएं शुरू की। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' मोदी की पारंपरिक छवि तोड़ने की कोशिश ही थी। अल्पसंख्यक समुदाय ने इसका फायदा उठाया भी, लेकिन चाहे राज्य विधानसभा के चुनाव हों या फिर आम चुनाव, कभी भी मुस्लिम समुदाय का ठोस समर्थन बीजेपी को नहीं मिला। उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के एक गांव को लेकर खबरें भी आईं। मुख्यतः मुस्लिम जनसंख्या बहुल इस गांव में सैकड़ों मुस्लिम परिवारों को पीएम आवास योजना का फायदा मिला, लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में इस गांव में बीजेपी को चार-पांच वोट ही मिले। ऐसे अनुभवों के बाद बीजेपी के अंदर ही सवाल उठने लगे कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का क्या फायदा। शायद यह दबाव ही है कि लाल किले से प्रधानमंत्री ने इस नारे का उल्लेख नहीं किया। इसे लेकर कथित सेकुलर राजनीति का परेशान होना स्वाभाविक है। उसे पता है कि वह जितना परेशान नजर आएगी, उतना ही उसका अल्पसंख्यक वोट बैंक मजबूत होगा।

## विकसित भारत का लक्ष्य



प्रधानमंत्री के संबोधन में एक और महत्वपूर्ण बात रही, 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करना और इसके लिए हफ्ते के सातों दिन चौबीसों घंटे काम करना। प्रधानमंत्री के इस मंत्र का मकसद साफ है कि आजादी के सौवें साल में देश विकासशील की बजाय विकसित देशों की पांत में आ जाए। अपना देश दुनिया की पांचवीं बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन गया है। अंतरिक्ष तकनीक में भी देश का दुनिया में महत्वपूर्ण स्थान है। रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर देश बढ़ रहा है। कृषि उत्पादन में भी देश ने प्रगति की है। हर गांव तक बिजली पहुंच चुकी है। फिर भी प्रधानमंत्री को लगता है कि अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। इसलिए उनके इस संदेश को भी गहराई से देखा जाना चाहिए।

## न्यायिक सुधार की भी बात

प्रधानमंत्री ने न्यायिक सुधार की भी बात की। जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में जताया, उससे साफ है कि अपने तीसरे कार्यकाल में वे न्यायिक सुधार की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उच्च न्यायपालिका में नियुक्तियों के लिए जो कॉलेजियम व्यवस्था है, उस पर खूब सवाल उठ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने संकेत दे दिया है कि तीसरे कार्यकाल में उसकी जगह वे नई और कहीं ज्यादा तार्किक व न्यायोचित व्यवस्था लाएंगे। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस पर जोर दिया, यहां तक कहा कि वे चाहते हैं कि भारत के भ्रष्टाचारियों में भय का माहौल हो, ताकि जनता को लूटने की उनकी परिपाटी पर पूरी तरह लगाम लग सके।

भारतीय जनसंघ के जमाने से ही भारतीय जनता पार्टी के तीन प्रमुख एजेंडे रहे हैं, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 का खात्मा, अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण और समान नागरिक कानून। इनमें से पहले दो तो अपने दो कार्यकाल में मोदी सरकार ने हासिल कर लिए हैं। प्रधानमंत्री ने तीसरे यानी समान नागरिक संहिता की जरूरत पर जोर दिया। इसे उन्होंने धर्मनिरपेक्ष कानून कहा है। यानी ऐसा कानून, जो धर्मों से प्रभावित न होता हो। मोदी सरकार के कदमों का विरोध करने के लिए विपक्षी और विरोधी शक्तियां उसे सबसे पहले कम्युनल यानी सांप्रदायिक बताती हैं। फिर विरोध करती हैं। समान नागरिक संहिता को धर्मनिरपेक्ष संहिता बताकर एक तरह से प्रधानमंत्री ने इस भावी कानून को लेकर उठने वाले सवालों की धार कुंद करने की कोशिश की है। लगता है कि तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री इस कानून को लेकर आगे बढ़ेंगे। उनके विरोधियों ने इसे अपने लिए अवसर के रूप में देखा और बार-बार कहते रहे कि अब मोदी को बदलना पड़ेगा। लेकिन लाल किले के भाषण में कोई लाचारगी नहीं नजर आती। इसका संदेश साफ है कि मोदी पहले ही की तरह पूरी ठसक के साथ आगे बढ़ेंगे और बहुमत की कमी के असर में नहीं आने वाले। उन्होंने दुनिया के हर डाइनिंग टेबल पर भारतीय मोटे अनाजों की उपस्थिति बढ़ाने के अपने लक्ष्य को भी दोहराया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जल संरक्षण पर भी जोर दिया।

## महिलाओं को लेकर संजीदगी

महिलाओं को लेकर भी अपनी संजीदगी दिखाई। प्रधानमंत्री ने महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को राक्षस कहा और उन्हें भयंकर सजा देने की वकालत की। प्रधानमंत्री ने शिक्षा में सुधार, भारत में विश्व स्तरीय विश्वविद्यालयों की स्थापना और मातृभाषा में शिक्षा पर भी जोर दिया। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री का 11वां भाषण उनकी वैचारिक प्रतिबद्धता को दोहराता है तो भारतीयकरण की अवधारणा पर ही आगे बढ़ने का संदेश देता है। यह भाषण नवाचार के साथ कदम बढ़ाते हुए नई विश्व व्यवस्था में भारत को अग्रणी पंक्ति में बैठाने की दिशा में भी काम करते हुए दिख रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में इस दिशा में लगातार आगे बढ़ते रहेगी।

# अराजकता की राजनीति विकास में बाधक



**चुनौतियां**

निरंकार सिंह

हिंदी विश्वकोश के पूर्व सहायक संपादक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से कांग्रेस और पूर्व की उनकी सरकारों पर जमकर हमला बोला। पहले लोग बदलाव चाहते थे लेकिन उनकी आकांक्षाओं पर ध्यान नहीं दिया गया। मोदी सरकार ने जमीनी स्तर पर बड़े सुधार किए हैं। गरीब हो, मध्यम वर्ग हो, वंचित हो, नौजवानों के संकल्प और सपने हों या बढ़ती हुई शहरी आबादी हो, इन सभी के जीवन में बदलाव लाने के लिए रिफॉर्म का किया गया है। रिफॉर्म का मार्ग आज ग्रोथ का ब्लूप्रिंट बना हुआ है। बैंकिंग सेक्टर को मजबूत बनाने के लिए अनेक रिफॉर्म हुए हैं। उसके कारण हमारे बैंक विश्व के अग्रणी बैंकों में अपना स्थान बना चुके हैं। कभी आतंकी हमलों का शिकार रहा भारत अब साहसी और सशक्त बन गया है।

लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री के अब तक के सबसे लंबे संबोधन से यह भी साफ होता है कि अपने तीसरे कार्यकाल में गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के बाद भी वह अपने लक्ष्य से डिगे नहीं हैं। उन्होंने करीब-करीब हर उस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए, जो देश के समक्ष उपस्थित हैं। उन्होंने आंतरिक और बाहरी चुनौतियों की चर्चा करते समय बांग्लादेश के हालात का भी जिक्र किया और वहां के हिंदुओं एवं अल्पसंख्यकों को लेकर भी अपनी चिंता व्यक्त की। ऐसा करना समय की मांग थी। उन्होंने एक ओर जहां जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति पर प्रहार किया, वहीं दूसरी ओर कोलकाता की दिल दहलाने वाली घटना को ध्यान में रखते हुए नारी सुरक्षा की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने यह कहकर देश की राजनीति में व्यापक परिवर्तन लाने की भी पहल की कि आने वाले समय में एक लाख ऐसे युवाओं को अपनी पसंद के राजनीतिक दलों में सक्रिय होना चाहिए, जिनके परिवार के लोग पहले कभी राजनीति में न रहे हों। इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि भारतीय राजनीति को नए विचारों और नई ऊर्जा से लैस युवा नेताओं की आवश्यकता है। ऐसा कब और कैसे होगा, कुछ पता नहीं।

प्रधानमंत्री ने देश की भावी राजनीति के एजेंडे को स्थापित करने का काम किया। एक तो उन्होंने भ्रष्टाचार से दृढ़ता से लड़ने का संकल्प लिया और दूसरे यह साफ किया कि देश को आए दिन होने वाले चुनावों से मुक्त करने की जरूरत है। उन्होंने एक साथ चुनावों की जरूरत जताई, उससे यही लगता है कि वह अपने इस तीसरे कार्यकाल में इस एजेंडे को लागू करने के प्रति गंभीर हैं। उन्होंने ऐसी ही गंभीरता समान नागरिक संहिता को लेकर भी दिखाई। उन्होंने जिस प्रकार वर्तमान पर्सनल कानूनों को सांप्रदायिक बताते हुए सेक्युलर नागरिक संहिता की जरूरत जताई, उससे इसमें संदेह नहीं रह जाता कि उनकी सरकार इस दिशा में आगे बढ़ने का मन बना चुकी है। यह सही भी है। देश में एक ऐसी समान नागरिक संहिता लागू होनी चाहिए, जिससे हर जाति, पंथ, क्षेत्र के लोगों में यह भाव व्याप्त हो कि वे सब एक हैं।

आजादी के वक्त भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) भी करीब ढाई लाख करोड़ रुपये था जो अब करीब तीन सौ लाख करोड़ के पास है। तब की 12 फीसदी साक्षरता से आज हम 75 फीसदी के आंकड़े को भी पार कर रहे हैं। इसके



अतिरिक्त फोर्ब्स की हालिया रिपोर्ट में स्वर्ण भंडार रखने वाले शीर्ष बीस देशों की फेहरिश्त में भारत को सऊदी अरब, ब्रिटेन और स्पेन से आगे रखना देश की अर्थव्यवस्था के प्रति वैश्विक भरोसे का ही प्रतीक है। निजी अंतरिक्ष स्टार्टअप द्वारा अग्निबाण राकेट का प्रक्षेपण भी देश के लिए गर्व की बात है, जो नये उद्यमियों को इस क्षेत्र में उतरने के लिए प्रेरणा देगा।

ग्लोबल फायर पावर की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत के पास दुनिया की चौथी सबसे मजबूत सेना है। भारत अभी दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का संकल्प है। पिछले करीब एक दशक में लगभग 25 करोड़ लोगों का बहुआयामी गरीबी से बाहर आना, एक बड़ी उपलब्धि है। पिछले कुछ समय से संविधान को लेकर चल रही बहसें राजनीति का घटिया उदाहरण है। यह इसलिए विकसित भारत की ओर बढ़ने के साथ राह में आने वाली चुनौतियों को हराने और अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संकल्प लेने का भी अवसर होना चाहिए। आज सामाजिक एकता पर बल देने की आवश्यकता इसलिए और बढ़ गई है क्योंकि देश को कई मोर्चों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। चुनौतियां आंतरिक मोर्चे पर भी हैं और बाहरी मोर्चे पर भी। हम इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि आज विश्व में किस तरह उथल-पुथल हो रही है। चूंकि उथल-पुथल हमारे पड़ोस में भी हो रही है, इसलिए हमें कहीं अधिक सचेत रहना चाहिए। पड़ोसी देश बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, उससे हमें केवल चिंतित ही नहीं, बल्कि सजग भी रहना चाहिए। बांग्लादेश के अस्थिरता और अराजकता से घिरने के कारण ही राष्ट्रपति ने भी स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर विभाजन की विभीषिका की ओर भी ध्यान आकर्षित किया।

दुर्भाग्य से आज कई दलों के नेताओं ने सत्ता को सिर्फ राजनीति का खेल समझ लिया है। उनके पास देश के विकास का कोई एजेंडा नहीं है। वे देशी उद्यमियों के खिलाफ झूठी बातें फैलाते हैं। खुद विदेशों से चंदा लेते हैं। कभी अमेरिका और चीन की कम्पनियों की लूट के बारे में कुछ नहीं बोलते हैं। भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से घिरे कई राजनेता अपने बचाव के लिए कुछ भी करने को तैयार दिखाई देते हैं। आज भ्रष्टाचार नेताओं को शर्मसार नहीं करता है। बल्कि वे बड़ी आक्रामक मुद्रा में जांच एजेंसियों पर हमला कर रहे हैं। राजनीति पतन की उस पराकाष्ठा पर पहुंच गई है जहां भ्रष्ट नेता देश में अराजकता फैलाने से भी बाज नहीं आते हैं। चिंता की बात यह है कि ऐसे नेता धन-बल और जातीय उन्माद फैलाकर अपना बचाव कर रहे हैं। इसलिए यह इस देश की जागरूक जनता का भी कर्तव्य है कि वह ऐसे चेहरे को पहचाने और चुनाव में उन्हें सबक सिखाये। यदि हम जातिवाद के नाम पर भ्रष्ट और बेईमान नेताओं को भी अपना हीरो मानते रहेंगे तो इस देश की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार माने जायेंगे। देश के नवनिर्माण और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में जनता की सबसे बड़ी भूमिका होती है। आज देश की प्रगति के रास्ते में अराजकता की राजनीति सबसे बड़ा रोड़ा है। फ्रांस, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान में इस अराजक राजनीति का हश्र हम सभी देख रहे हैं।

इसलिए देश और समाज में झूठी बातें फैलाकर अराजकता की राजनीति करने वाले नेताओं से जनता को सदैव सावधान रहना चाहिए। विगत लोकसभा के चुनाव में कुछ दलों के नेताओं ने किस तरह संविधान और आरक्षण खत्म करने का झूठी बातें फैलाकर देश में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश की। यह हम सभी लोग देख चुके हैं। ऐसे नेता अपने कार्यक्रमों और एजेंडे की जगह झूठी बातें फैलाकर फिर चुनाव जीतने की कोशिश कर सकते हैं। इसलिए देश और समाज में झूठे भ्रम फैलाकर अराजकता की राजनीति करने वाले नेताओं से जनता को सदैव सावधान रहना चाहिए।




लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
बी एस सी नर्सिंग [60 Seats]
डिप्लोमा इन फार्मेसी [60 Seats]
महाविद्यालय परिसर : ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, जामगांव रोड, जिला -दुर्ग
9131880895, 8319870997
6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर
83700 77700, 7024125200

## खुशी ने लिया प्लास्टिक सर्जरी का सहारा




**मुंबई।** अभिनेत्रियां खूबसूरत दिखने के लिए अलग-अलग एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं। अक्सर ही अभिनेत्रियों के चेहरे और शरीर में आए बदलाव को नेटिजन्स नोटिस करते हैं और उनपर सर्जरी का आरोप लगाते नजर आते हैं। इस सूची में अब दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी और निर्माता बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर का भी नाम जुड़ गया है। हालांकि, स्टारकिड ने प्लास्टिक सर्जरी कराने की बात खुलकर स्वीकार की है। खुशी ने एक यूजर को जवाब देते हुए खुलासा किया कि उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी शुरुआत से पहले नाक की सर्जरी और लिप फिलर्स करवाया था।

# उम्र का काफी फासला होने के बाद भी लुटाते हैं एक-दूजे पर बेशुमार प्यार...

## बी टाउन के इन भाई-बहनों में है कमाल की बॉन्डिंग

*मुंबई। आज इस रिपोर्ट में हम आपको बॉलीवुड की उन भाई-बहन की जोड़ियों की लिस्ट लाए हैं। जिनके बीच उम्र का एक या दो नहीं, बल्कि 20-22 साल का अंतर है। 19 अगस्त को देश में रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाएगा। जो भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। ऐसे में हम आपको बॉलीवुड के उन भाई-बहनों से मिलवा रहे हैं। जिनके बीच उम्र का काफी फासला होने के बाद भी वो एक-दूजे पर बेशुमार प्यार लुटाते हैं।*



### त्रिशाला दत्त-इकरा और शाहरान दत्त

इस लिस्ट में सबसे पहले आते हैं बॉलीवुड के खलनायक यानी संजय दत्त के तीनों बच्चे। संजय की पहली पत्नी रीना दत्त से एक बेटी त्रिशाला है और तीसरी पत्नी मान्यता दत्त से दो जुड़वा बच्चे इकरा और शाहरान है। ऐसे में त्रिशाला और इकरा-शाहरान के बीच उम्र का 23 साल का फासला है। लेकिन तीनों के बीच बॉन्डिंग काफी अच्छी है।

### आजाद राव खान-इरा खान



आमिर खान ने भी दो शादियां की थी। पहली शादी से एक्टर के दो बच्चे जुनैद और इरा खान है। वहीं, दूसरी शादी से उनका एक बेटा आजाद राव खान है। ऐसे में जुनैद और इरा अपने छोटे भाई आजाद से करीब 20 साल बड़े हैं। इरा और आजाद एक-दूजे के काफी करीब है।

### सारा अली खान-तैमूर अली खान



सारा-इब्राहिम अली खान और तैमूर-जेह अली खान बी-टाउन में सबसे फेमस भाई-बहन की जोड़ी हैं। जो अक्सर हर फंक्शन और पार्टी एकसाथ एंजॉय करते हुए नजर आते हैं। वहीं उम्र की बात करें तो सारा और इब्राहिम अपने दोनों भाइयों से करीब 22 साल बड़े हैं। बताते चलें कि सारा और इब्राहिम सैफ की पहली पत्नी अमृता सिंह के बच्चे हैं और तैमूर और जेह सैफ-करीना के बच्चे हैं।

### सनी देओल-ईशा देओल



इस लिस्ट में सनी देओल, बॉबी देओल और ईशा देओल का भी नाम शामिल है। हालांकि, ये भी एक मां के बच्चे नहीं है। दरअसल, सनी और बॉबी धर्मेंद्र की पहली पत्नी और ईशा-अहाना उनकी दूसरी पत्नी हेमा मालिनी की बेटियां है। ऐसे में इस भाई-बहन की जोड़ी में भी उम्र का काफी फासला है। सनी देओल-ईशा देओल से पूरे 25 साल बड़े हैं।

### सलमान खान-अर्पिता खान



इस लिस्ट में बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान का भी नाम शामिल है। जो अपनी बहन अर्पिता खान से 24 साल बड़े हैं। हालांकि ये सगे भाई-बहन नहीं हैं।




## सैफ का 'देवरा' से आया भैरा का लुक

**नई दिल्ली।** साउथ की फिल्म 'देवरा' लंबे समय से चर्चा में हैं। इस फिल्म में सुपरस्टार जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में हैं। जबकि विलेन के रोल में सैफ अली खान दिखाई देने वाले हैं। ऐसे में फिल्म से अब सैफ अली खान का फर्स्ट लुक सामने गया है। फिल्म देवरा से सैफ अली खान की एक झलक सामने आई है, जिसमें उनका किरदार भैरा बहुत ही दिलचस्प लग रहा है। सैफ अली खान के जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए देवरा के निर्माताओं ने उनके किरदार भैरा की एक रोमांचक झलक पेश की। 52 सेकंड के एक्शन से भरपूर वीडियो में अभिनेता को दो तीव्र अवतारों में दिखाया गया है।

## परेशान करने के लगाए आरोप...

**मुंबई।** तनुश्री दत्ता ने 'द कश्मीर फाइल्स'के निर्देशक विवेक अग्निहोत्री के साथ काम करने का दुखद अनुभव साझा किया है। एक साक्षात्कार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अभिनेत्री यह बताते हुए नजर आ रही हैं कि सेट पर छोटे कपड़े पहनने के बावजूद उन्हें वैन में बैठने नहीं दिया जाता था। सेट पर सिर्फ पांच मिनट देर से आने पर उनके ऊपर चिल्लाया जाता था। एक भी शॉट लिए बिना पूरे दिन तक उन्हें इंतजार करना पड़ता था। रिपोर्ट्स के मुताबिक विवेक के साथ साल 2005 में आई 'चॉकलेट' में काम कर चुकीं तनुश्री ने फरीदून शहरयार को अपने अनुभव के बारे में बताते हुए कहा, 'एक दिन, जब मैं सेट पर पांच मिनट देर से पहुंची, तो वह मुझ पर चिल्लाएं और मुझे अनप्रोफेशनल कहा। कभी-कभी मैं सेट पर तब आती थी, जब लाइट्स भी नहीं लगी होती थीं, सेट तैयार ही नहीं होता था, लेकिन एक दिन मैं थोड़ा लेट आई, पांच मिनट, ठीक पांच मिनट और वह सेट पर थे सिर्फ ये देखने के लिए कि मैं आई हूं या नहीं।'



## कार्तिक बने बेस्ट एक्टर, '12वीं फेल' और शाहरुख की 'डंकी' को अवॉर्ड

**मेलबर्न।** 'इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2024' की घोषणा 15 अगस्त को हुई और ये इवेंट 25 अगस्त तक चलने वाला है। इसमें बेस्ट परफॉर्मर्स को अवॉर्ड भी दिए जा चुके हैं। विक्रांत मैसी से लेकर कार्तिक आर्यन की फिल्मों को तारीफ के साथ अवॉर्ड भी मिले। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2024: विक्रांत मैसी-स्टारर '12वीं फेल' ने बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड जीता, जबकि कार्तिक आर्यन को उनकी फिल्म 'चंदू चैंपियन' के लिए आईएफएफएम 2024 में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड दिया गया। निर्देशक किरण राव की 'लापता लेडीज' को बेस्ट फिल्म क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। शाहरुख खान की 'डंकी' ने सिनेमा में इक्वॉलिटी का अवॉर्ड जीता। तेलुगू एक्टर राम चरण को भारतीय कला और संस्कृति के लिए अवॉर्ड दिया गया, जबकि संगीतकार एआर रहमान ने सिनेमा में बेस्ट परफॉर्मेंस के लिए पुरस्कार जीता। इस फेस्टिवल में कार्तिक आर्यन, इम्तियाज अली, करण जौहर, कबीर खान, शूजीत सरकार और कई लोग शामिल हुए।




## खुद को फिल्म से निकालने की दुआ मांगता था ये एक्टर, फिर राइटर बनकर बनाया नाम

*नई दिल्ली। आपने अभी तक बॉलीवुड स्टार्स को सफल होने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत करते देखा होगा। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इंडस्ट्री में एक ऐसा भी एक्टर है। जो फिल्म मिलने के बाद उसे करना नहीं चाहता था। जी हां, आपने सही सुना ये शायद इकलौते ऐसे एक्टर रहे होंगे, जिन्हें खुद को फिल्म से निकालने की दुआ मांगी थी। बात कर रहे हैं बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म राइटर्स में शुमार सलीम खान की। जिन्होंने कई ऐसी फिल्में लिखी हैं जो वक्त के साथ कल्ट बन गई। एक वक्त था जब सलीम-जावेद की जोड़ी को हिट फिल्म की गारंटी माना जाता था। शोले से लेकर दीवार और जंजीर जैसी फिल्मों के साथ उन्होंने ना सिर्फ नाम कमाया, बल्कि अपनी कलम का लोहा भी मनवाया। लेकिन, सलीम खान ने एक्टिंग में भी हाथ आजमाया था। कुछ फिल्मों में कोशिश के बाद उन्होंने एक्टिंग से तौबा कर ली थी। जानिए क्यों..*

*दरअसल, अपने एक्टिंग एक्सपीरियंस को लेकर खुद सलीम खान ने बताया था। कपिल शर्मा के शो पर सलीम खान अपने तीनों बेटों सलमान, अरबाज और सोहेल के साथ पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने उस दौर का भी जिक्र किया, जब उन्होंने एक्टिंग में हाथ आजमाने की ठानी थी और फिर आखिरकार इससे तौबा कर ली थी। सलीम खान ने शो के दौरान बताया था कि मुझे पहला रोल एक फिल्म में विलेन का मिला था। ये फिल्म का मुख्य विलेन नहीं, बल्कि उसका साइड कैरेक्टर था। मुझे कहा गया था कि जब सीन में फिल्म के हीरो की एंट्री हो तो मुझे उसे देखकर ऐसा एक्सप्रेशन देना है जैसे किसी चीज को निगलना होता है। ये सीन काफी आसान था और मैंने इसे अच्छे तरीके से कर भी लिया था। लेकिन, यहां एक प्रॉब्लम ये आई कि हीरो ही सेट से गायब था। ऐसे में फिल्म के डायरेक्टर ने उसे फोन किया तो उसने कहा बस आ रहा हूं आप लोग प्रैक्टिस करिए। डायरेक्टर मेरे पाया आया और एक्सप्रेशन करके दिखाने को कहा। लेकिन, ये दोहराते हुए सुबह से दोपहर हो गई और हीरो नहीं पहुंचा। आखिर में ये हुआ कि जब शॉट लेने का वक्त आया तो मेरा गला ही चोक हो चुका था। सलीम खान बताते हैं कि मुझे पानी पिलाकर गला ठीक करने की कोशिश की, लेकिन वो बाहर निकल गया। वहीं एक्टिंग का अपनी दूसरी फिल्म का अनुभव बताते हुए सलीम खान ने कहा कि इस फिल्म में मुझे एक प्रिंस को किरदार निभाना था। इसके लिए मुझे स्पेशल जूते दिए गए, लेकिन ये मेरे साइज से छोटे थे। मैंने फिल्म के क्रू को बताया भी लेकिन किसी ने नहीं सुना और मुझे जूते पैरों में फंसा दिए गए और बोले देखो ये तो फिक्स हो गए।*



*इसके बाद शॉट में काफी वक्त लगा और मेरे पैर टाइट जूतों की वजह से सूज गए। जब शॉट खत्म हुआ तो ये फंस चुके थे और मैंने कहा कि अब ये जूते उतारो। सबने मिलकर कोशिश की, लेकिन ये जूते नहीं निकल पाए। इसके बाद सब वहां से मुझे छोड़कर निकल लिए। इसके ऊपर ये कि उस दिन मेरे पास गाड़ी भी नहीं थी। मैं पैदल ही घर पहुंचा तो ये और फंस चुके थे। इसके बाद तो मैं दुआ करने लगा कि मुझे कोई फिल्मों में ना ले और जिन्होंने ले लिया वो निकाल दें।*

## टीवी मसाला




## लोगों के दिलों में बसने वाला शो है 'केबीसी 16'

**नई दिल्ली।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) के 16वें सीजन के होस्ट के रूप में एक बार फिर दर्शकों के सामने हाजिर हो गए हैं। अपनी मनोरंजक होस्टिंग के लिए लोकप्रिय बिग बी की वापसी टीवी शो के दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है। यह क्विज शो से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहा है। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' का मंच हर वर्ग के लोगों का स्वागत करता है। केबीसी शो की खासियत है कि यह जरूरतमंदों के लिए उम्मीद की किरण और बाकियों के लिए एक दिलचस्प खेल बनकर आता है। अगर आपका सामान्य ज्ञान अच्छा है और आपमें हुनर है तो आप इस शो पर आकर उसे आजमा सकते हैं और एक सम्मानित राशि जीतकर अपने सपनों को पूरा करने में उसकी मदद कर सकते हैं। एक तरफ जहां कौन बनेगा करोड़पति का मंच लोगों के सपनों को साकार करने का अवसर देता है, दूसरी तरफ कुछ लोगों को यह मंच अपनी जरूरतों को पूरा करने का भी मौका भी देता है।

### अनाउंस किया 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो 2'

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स ने कुछ महीने पहले ही हिंट दिया था कि 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का दूसरा सीजन जल्द ही आएगा, और अब कपिल शर्मा ने नया सीजन अनाउंस कर दिया है। साथ ही यह भी बताया है कि 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के दूसरे सीजन की थीम क्या होगी। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर 30 मार्च को शुरू हुआ था, और 22 जून तक चला था। अब कपिल शर्मा ने नए सीजन कन्फर्म किया है। उन्होंने 15 अगस्त को इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें फूलों का गुलदस्ता और शो की कास्ट की तस्वीर नजर आ रही है। साथ में उन्होंने लिखा, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का दूसरा सीजन आ रहा है। दूसरे सीजन की थीम की झलक।'








# तरकश

-संजय के. दीक्षित

## दमदार अफसर, दमदार नेता

बात 87 की होगी। रायपुर में उस समय सिर्फ एक सीएसपी होते थे। लेकिन, उस समय के सीएसपी आज के एसपी, आईजी से ज्यादा धाक रखते थे। और वो भी रुस्तम सिंह जैसे आईपीएस सीएसपी हो तो क्या कहने। बहरहाल, रायपुर के एक बड़े नेताजी उस समय प्रभावशाली स्टूडेंट लीडर हुआ करते थे। किसी मामले को लेकर उन्होंने रायपुर बंद का आयोजन किया था। रविवार का दिन होने की वजह से रुस्तम सिंह ने बंद के आयोजकों को समझाने के लिए अपने घर बुलाया। छात्र नेताओं को वहां पहुंचने में कुछ विलंब हो गया। तब तक रुस्तम सिंह भोजन करने बैठ गए। रुस्तम जब बाहर निकले तो छात्र नेताओं से हॉट-टॉक हो गया...नेताओं ने कहा कि हम हड़ताल करेंगे ही और लगे नारेबाजी करने। रुस्तम सिंह ने फिर समझाया, मगर छात्र नेताओं ने कुछ कड़ा जवाब दे दिया। इस पर रुस्तम सिंह तमतमा गए। उन्होंने खटाक से पिस्तौल निकाला और एक बड़े नेता पर तान दिया। सारे स्टूडेंट लीडर हक्के-बक्के रह गए। हालांकि, बाद में मामला ठंडा हो गया। रुस्तम सिंह कुछ साल बाद फिर रायपुर के एसपी बनकर आए और इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा गए। उनके लॉ एंड आर्डर को रायपुर ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के पुराने लोग आज भी याद करते हैं।

## हड़ताल और एसीबी का खौफ

पंजीयन विभाग ने जमीनों की रजिस्ट्री में व्यापक गड़बड़िया उजागर होने पर बड़ा एक्शन लेते हुए तीन अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया। चूंकि इस विभाग में कभी ऐसी कोई कार्रवाई हुई नहीं थी, इसलिए खलबली मचनी ही थी। ट्रिपल सस्पेंशन के अगले दिन रविवार था, इसके बाद भी दोपहर से लेकर आधी रात तक फैसले के विरोध को लेकर मीटिंगें होती रही। पंजीयन अधिकारी संघ ने हड़ताल पर जाने की पूरी तैयारी कर ली थी। तभी रात एक बजे कहीं से प्वाइंट चला...और भी कई अफसरों की फाइलें तैयार है...सभी केस एसीबी को सौंप दिए जाएंगे। इतना सुनते ही अधिकारियों के हाथ-पांव फुल गए। व्हाट्सएप ग्रुप में सुबह से क्रांतिकारी बातें करने वाले अधिकारियों ने अपनी वीरता दिखाने वाली पोस्टों को फटाफट डिलीट मार दिया। फिर अगले दिन अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल पंजीयन मंत्री ओपी चौधरी से क्षमा याचना करने मंत्रालय पहुंच गया। मंत्री ने अफसरों से दो टूक कहा, आठ महीने में मैं आठ रुपिया लिया हूं तो बताओ...मेरे आईजी, सचिव इनलोगों ने लिया क्या? पहले क्या हुआ, ये मैं नहीं जानता...पर मेरे कार्यकाल में करप्शन होगा तो फिर बख्शा नहीं जाएगा। इसके बाद निलंबित अधिकारियों ने सर गलती हो गई...माफी मांगी और फिर बैठक समाप्त हो गई। बताते हैं, पंजीयन विभाग के अधिकारियों की स्वाभाविक तौर से भूमाफियाओं, बिल्डरों और सफेदपोश लोगों से निकटता है, सो कार्रवाई के खिलाफ अधिकारियों को कहीं से उर्जा मिल रही थी, मगर सब गुड़ गोबर हो गया। अब देखना है...मंत्री की चमकाइटिस का कितन असर होता है।

## प्लीज...नो पॉलिटिक्स

छत्तीसगढ़ के एक रेंज आईजी ने छत्तीसगढ़ की बेहतरी और फोर्स पर भरोसा कायम रखने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 100 से अधिक कांस्टेबलों का ट्रांसफर कर दूसरे जिलों में भेज दिया है। दरअसल, आईजी को अपने रेंज में कांस्टेबलों का तबादला करने का अधिकार है मगर आईजी साब लोग हिम्मत नहीं दिखाते। और उधर नेताजी लोग फोर्स का लोकलाइजेशन करने का मोह नहीं छोड़ पाते। कायदे से गृह गांव से 40 किमी के भीतर कांस्टेबलों की पोस्टिंग नहीं होनी चाहिए। मगर फोर्स के सारे नियम-कायदों को ताक पर रख छत्तीसगढ़ में कांस्टेबलों की पोस्टिंग उनके गृह इलाके के थानों में हो जा रही है। अलबत्ता, कांस्टेबलों का अब प्रयास ये होने लगा है कि खुद के गांव में कोई चौकी खुल जाए, जिससे लोग उनका जलवा देख सकें। नेताओं को भी यह भाता है...उनकी ड्यूटी बजाने वाले सिपाही मिल जाते हैं। किंतु इसका खामियाजा यह हुआ कि छत्तीसगढ़ के बस्तर से लेकर सरगुजा और रायगढ़, सारंगढ़ से लेकर बलौदा बाजार तक 50 प्रतिशत से अधिक लोकल पुलिस हो गई है। सूबे के लिए यह खतरनाक संकेत है। ऐसा ही रहा तो बलौदा बाजार जैसी घटनाओं की जगह-जगह पुनरावृत्ति होगी। चाहे बीजेपी के नेता हो या कांग्रेस के...फोर्स के मामले में सिस्टम को कड़ा स्टैंड लेना होगा...पुलिस की पोस्टिंग में नो पॉलिटिक्स।

## गलत पंरपरा

छत्तीसगढ़ निर्माण के 24 बरसों में कभी वर्क कल्चर बनाने का प्रयास नहीं हुआ। उपर से फाइव डे वीक से लेकर सरकारी छुट्टियों की बरसात कर दी गई। अब एक गलत परंपरा की शुरूआत हो रही है...सरकार कड़ाई करे या सुधार की दिशा में कोई कोशिश हो तो उसका विरोध। अभी कुछ दिनों पहले पटवारियों ने हड़ताल की। राजस्व विभाग ने उन्हें हाथ-पैर जोड़कर हड़ताल तोड़वाया। कुछ और विभाग भी सुधार के कार्यों के विरोध में आंदोलन प्रारंभ करने की तैयारी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की भलाई के लिए सिस्टम को सख्त होना पड़ेगा। तभी अंतिम व्यक्ति तक गुड गवर्नेंस का लाभ पहुंच पाएगा।

## पेटी लाओ, आदेश ले जाओ

डॉ0 रमन सिंह की पहली पारी में डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी को स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया था। वे पहली बार विधायक बने थे और सीधे मंत्री। हेल्थ का सिस्टम चरमराने लगा तो रमन सिंह ने अमर अग्रवाल को विभाग की कमान सौंपी थी। इस समय भी हालत जुदा नहीं है। मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल अच्छे व्यक्ति हैं, मगर उन्हें थोड़ा अलर्ट रहना पड़ेगा, वरना उनके अधिकारी और आसपास रहने वाले लोग मुसीबतें पैदा कर देंगे। आखिर, लोकसभा चुनाव के आचार संहिता के दौरान अधिकारियों ने संविदा अधिकारियों का ट्रांसफर कर डालने का कारनामा किया ही था। उसमें जीएडी की जांच कमिटी बनी। मगर चुनाव निबट जाने के बाद ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। और अभी सीएमओ और सिविल सर्जन के ट्रांसफर में ऐसा ही खेला हुआ। सीएमओ का रेट 35 पेटी तो सिविल सर्जन का 20। एक सीएमओ 25 पेटी देने तैयार था मगर 35 से नीचे लोग टस-से-मस नहीं हुए, लिहाजा प्रभारी सीएमओ की छुट्टी कर जिसने ज्यादा बोली लगाई, उसकी पोस्टिंग कर दी गई। ऐसे में फिर स्वास्थ्य विभाग को भगवान भी नहीं बचा पाएगा।

## एक अनार, ....

छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त के दो पदों के लिए संघ, संगठन और सरकार पर बड़ा प्रेशर है। दावेदारों में रिटायर आईएएस, आईपीएस से लेकर वकीलों और पत्रकारों की एक लंबी सूची है। हर आदमी अपने-अपने स्तर पर जैक लगा रहा है। इस समय नरेंद्र शुक्ला रिटायर आईएएस के कोटे से सूचना आयुक्त हैं। मगर ऐसा समझा जा रहा कि मुख्य सूचना आयुक्त के पद पर किसी रिटायर आईएएस या आईपीएस को मौका दिया जा सकता है। हालांकि, ऐसा कोई नियम नहीं है कि पूर्व नौकरशाहों को ही मुख्य सूचना आयुक्त बनाया जाए। छत्तीसगढ़ में भले ही तीनों मुख्य सूचना आयुक्त रिटायर आईएएस रहे हैं। मगर कई राज्यों में सीनियर वकीलों और पत्रकारों को भी सीआईसी बनाया गया है। गोवा में एक विधायक सीआईसी रहे। इसका सलेक्शन पूरी तरह सरकारों पर निर्भर करता है। कमेटी तो सिर्फ नाम के लिए बनती है। बहरहाल, राज्य सरकार अगर पुरानी लीक पर चलते हुए अगर रिटायर आईएएस, आईपीएस को ही सीआईसी बनाना चाहेगी तो फिर पत्रकारों, वकीलों या अन्य वर्गों के लिए सिर्फ एक पद बचेगा। सूचना आयुक्त का। जाहिर तौर पर इसमें पत्रकारों का पलड़ा भारी रहेगा। पिछली सरकार में भी प्रेस कोटे से दो लोगों को सूचना आयुक्त बनाया गया था। अब देखना है, सरकार क्या फैसला करती है।

## सुनील और संजय में भिड़ंत

रायपुर की दक्षिण विधानसभा सीट पर चुनावी भिड़त से पहले बीजेपी के सुनील सोनी और संजय श्रीवास्तव के बीच भिडंत होगी। जाहिर है, इस उपचुनाव के लिए ये दो ही तगड़े दावेदार है और ये भी तय है कि इन दोनों में से किसी एक को प्रत्याशा बनाया जाएगा। सुनील सांसद बृजमोहन अग्रवाल के करीबी हैं। सुनील रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष, महापौर और सांसद रह चुके हैं। वहीं पार्टी के पढ़े-लिखे और जुझारू चेहरा संजय श्रीवास्तव को रायपुर विकास प्राधिकरण के चेयरमैन के साथ ही नगर निगम में एक बार सभापति रहने का मौका मिला है। हालांकि, 2003 में छत्तीसगढ़ बीजेपी के पितृ पुरूष लखीराम अग्रवाल ने राजेश मूणत के लिए वीटो नहीं लगाया होता तो उस समय संजय श्रीवास्तव को टिकिट मिल गया होता। बहरहाल, अब देखना है कि संजय की किस्मत का ताला इस बार खुलेगा या फिर पार्टी सुनील सोनी पर दांव लगाएगी। पलड़ा इसमें सुनील का भारी है क्योंकि पार्टी का एक वर्ग नहीं चाहता कि कोई दमदार नेतृत्व रायपुर में खड़ा हो।

## *अंत में दो सवाल आपसे*

*1. क्या एक्स सीएम भूपेश बघेल को राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव को पीसीसी चीफ बनाया जा रहा?*

*2. सरगुजा आईजी अंकित गर्ग बस्तर के नए आईजी होंगे या किसी और को पोस्ट किया जाएगा?*

# जैकेट के शेष

## रक्षाबंधन पर एक ....

कर रहे हैं। सीट खाली होने की स्थिति में टीटीई यात्री का टिकट बना सकते हैं। इसीलिए यात्री कन्फर्म सीट के लिए टीटीई को मुंह मांगे पैसे देने को तैयार हैं। वर्तमान में सभी कोच में भीड़ होने के बाद भी वेटिंग यात्री चढ़ रहे हैं।

**दोगुनी हुई यात्रियों की आवाजाही :** रेलवे का सबसे पीक यात्री सीजन त्योहार के समय है। वर्तमान में यात्रियों की आवाजाही दोगुने से ज्यादा बढ़ गई है। सामान्य दिनों में जहां 30 से 40 हजार लोग सफर करते थे, उनकी संख्या अब लगभग 60 से 70 हजार तक पहुंच गई है। जितनी भीड़ ट्रेनों में रहती है, उतनी ही प्लेटफार्म पर ट्रेन आने के दौरान दिखने लगी है। रायपुर स्टेशन होकर आने-जाने वाली एक्सप्रेस, मेल, सुपरफास्ट किसी भी ट्रेन में केवल वेटिंग टिकट ही यात्रियों को मिल रहा है। सबसे अधिक वेटिंग बिहार और यूपी वाली ट्रेनों में हुई है। दुर्ग-सारनाथ एक्सप्रेस, दुर्ग-साउथ बिहार एक्सप्रेस हो या सिकंदराबाद-दरभंगा और बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस, किसी में भी टिकट कंफर्म होने की कोई उम्मीद नहीं है। हर श्रेणी के कोच में अब नीचे बैठने तक की जगह यात्रियों को मिल पाना मुश्किल होगा। इतनी वेटिंग हो चुकी है। **केस 03 :** रायपुर से बडनेरा जाने के लिए पुरी अहमदाबाद में 18 अगस्त के लिए स्लीपर में वेटिंग अधिक होने से टिकट नहीं मिला।

# पेज एक के शेष

## सरपंच पति ने...

अध्यक्ष की उपस्थिति में ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न करवा दिया था।

**देर से पहुंचा था स्टाफ :** घटना को लेकर सरपंच को नाराजगी थी। यह बात पर सरपंच पति को भी नागवार गुजरी बस फिर शुक्रवार की सुबह स्कूल के नियत समय में सरपंच के पति शाला पहुंचे तो शिक्षकों को पहुंचने में कुछ देरी हो गई। जिसके चलते नाराज सरपंच पति ने शाला के मुख्य गेट में ताला लगा दिया। हालांकि यह हंगामा कुछ देर ही चला इसके बाद मामला स्वतः ही शांत हो गया और स्कूल शांतिपूर्वक संचालित होने लगा। प्राचार्य ने संपूर्ण घटनाक्रम की जानकारी विभागीय उच्च अधिकारियों को दी है।

## कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया...

'अलोकतांत्रिक' करार दिया और कहा कि पूरी पार्टी तथा सरकार सिद्धरमैया के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने मुख्यमंत्री के इस्तीफे की भाजपा की मांग को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने मुख्यमंत्री के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की है। ये झूठे आरोप हैं और हम कानूनी और राजनीतिक रूप से इसका मुकाबला करेंगे।

## पिता पर उठाया हाथ...

मिलने से उनकी गिरफ्तारी की गई। अपना जुर्म स्वीकार करते हुए आरोपियों ने बताया कि उनके बेटे अभय को नशे की लत थी। बेटा गांजा, सुलेशन, बॉन्फिक्स आदि का नशा कर आवारागर्दी करते घूमता रहता था। नशा करने के लिए लगातार चोरी कर रहा था। कई बार मोबाइल और बाइक चोरी कर घर में ले आता था, जिससे समाज में उनकी बदनामी होती थी, उसे समझाने पर बेटा माता व पिता को गाली देते हुए मारपीट पर उतारू हो जाता था। बेटे ने पिता पर दो बार हाथ भी उठा चुका था। बेटे को सुधारने के लिए पिता ने नागपुर कंपनी में 2 सप्ताह पूर्व अभय को नौकरी करने भेजा, वहां भी वो नहीं टिका और अपने पिता से पैसा मांग कर वापस पीवी 20 अपने गांव आ गया और फिर से नशा करना शुरू कर दिया।

## सुरक्षा में तैनात...

घुसकर गोली मारने की कोशिश करने लगा। जिसके बाद दूसरे सुरक्षाकर्मी ने किसी तरह घर के दरवाजे को बंद कर जवान से हथियार छीनकर भाजपा नेता की जान बचाई। जवान द्वारा रायफल कॉक करते एक वीडियो सामने आया है।

**जवान को किया निलंबित :** इस घटना के सामने आने के बाद एसपी ने जवान का एमएलसी कराकर उसे निलंबित कर दिया है और उनके विरुद्ध प्रारंभिक जांच संस्थित की गई है। एसडीओपी भोपालपटनम मयंक रणसिंह को प्रारंभिक जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## रायपुर में बनेगा दिव्यांगजन...

उन्हें प्रोत्साहित करने और आगे बढ़ाने की है। इसी उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, ताकि देश के सर्वांगीण विकास में दिव्यांगजनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका हो सके। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत का सपना तब ही पूर्ण हो पाएगा, जब हमारे दिव्यांग भाई-बहन आत्मनिर्भर और सशक्त बनेंगे।

**75 दिव्यांगों को मिलेगी नेशनल स्कॉलरशिप :** केंद्रीय मंत्री ने 16 से 22 अगस्त तक रायपुर में आयोजित दिव्य कला मेला को 23 अगस्त तक आयोजित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा, मेले में दिव्यांगजन उद्यमियों और कलाकारों आने-जाने, ठहरने और स्टॉल उपलब्ध कराने की निःशुल्क व्यवस्था की जा रही है।

**मेले के माध्यम से मंच प्रदान किया गया- साय :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा, दिव्य कला मेला ने दिव्यांगजन की रचनात्मकता, कौशल, और सृजनशीलता को एक मंच प्रदान किया गया है, जिससे वे अपने उत्पादों को देश-विदेश में प्रदर्शित कर सकें। उन्होंने कहा, दिव्य कला मेला के पिछले सफल आयोजनों ने न सिर्फ दिव्यांगजन की भागीदारी को बढ़ावा दिया है, बल्कि उनके आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को भी सुनिश्चित किया है।

**सहानुभूति नहीं प्रोत्साहन की जरूरत- बृजमोहन :** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार से छत्तीसगढ़ में दिव्यांगजन पार्क का निर्माण कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, दिव्यांगजनों को सहानुभूति की नहीं प्रोत्साहन की जरूरत है। उनकी प्रतिभा को सामने लाने और आगे बढ़ाने की जरूरत है।

## दिव्यांगों के लिए...

बताया कि दिव्यांगों की 7 श्रेणियों को बढ़ाकर 21 श्रेणियां की गई हैं। शासकीय नौकरी में आरक्षण को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत किया गया है। शासकीय विद्यालयों और मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्रवेश के लिए आरक्षण को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत किया गया है।

## वेणुगोपाल पीएसी, ...

भाजपा के गणेश सिंह होंगे, जबकि उनके पार्टी सहयोगी फग्गन सिंह कुलस्ते एससी-एसटी कल्याण से संबंधित संसदीय समिति के अध्यक्ष होंगे। भाजपा सांसद बैजयंत पांडा सार्वजनिक उपक्रम संबंधी संसदीय समिति की अध्यक्षता करेंगे।

## भाजपा में 10 करोड़...

और उपाध्यक्ष रेखा वर्मा को सह-संयोजक बनाया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सदस्यता अभियान से जुड़े बिंदुओं पर पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया। माना जा रहा है कि सदस्यता अभियान पूरा होने के बाद ही नड्डा की जगह नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। 1 सितंबर से 25 सितंबर तक सदस्यता अभियान का पहला चरण और 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर सदस्यता अभियान द्वितीय चरण चलेगा। 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा। फिर 1 नवंबर से 10 नवंबर तक प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्यता का रजिस्टर तैयार किया जाएगा। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सदस्यता अभियान की सह संयोजक रेखा वर्मा एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद डॉ संबित पात्रा ने शनिवार शाम को भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता को संबोधित किया और पार्टी के सदस्यता अभियान के संदर्भ में केंद्रीय कार्यालय विस्तार में राष्ट्रीय पदाधिकारियों, प्रदेश अध्यक्षों एवं संगठन महामंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक की जानकारी दी।

प्रो.क्र. 1199 MISC.CA. 08/2024
पेशी तारीख 23/09/2024
**उपस्थिति हेतु संमस**
// धारा 384 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 / / न्यायालयः- श्रीमान प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, बलौदाबाजार छ.ग.
(पीठासीन अधिकारी श्री राकेश कुमार वर्मा)

प्रति,
आम जनता जिनका इससे सम्बन्ध हो
श्रीमती रीना सोनी वगै. बनाम मनीष सोनी वगै.

आवेदक श्रीमती रीना सोनी पति स्व. राजेश कुमार सोनी उम्र 44 वर्ष 2. राजवीर पिता स्व. स्व. राजेश कुमार सोनी उम्र 15 वर्ष, नाबालिक वली माँ श्रीमती रीना सोनी निवासी द्वारा श्री गौरीशंकर सोनी वार्ड क्रं. 13, कसारी मोहल्ला, वारासिवनी जिला बालाघाट म.प्र.। आप अनावेदक के विरूद्ध MISC.CA. 08/2024 धारा 384 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 का अपील वाद संस्थित किया है। आप इस न्यायालय मे नियत तारीख 23/09/2024 के दावे के उत्तर देने के लिए उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया जाता है। इससे सम्बन्धित आम जनता न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो, जिसे तत्सम्बन्ध में अनुदेश दिये गये हों और इस दावे से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिये जा रहे हैं कि आप इन सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में हो, पेश करें। जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है यदि आप किसी अन्य दस्तोवेजों पर चाहे वह अपने कब्जे में हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में हो विसरत करते हुए आप ऐसे दस्तावेज का लिखित कथन के साथ उपलब्ध कराये जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि ऊपर वर्णित की गई पेशी तारीख 23/09/2024 को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे, तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

टीपः- यदि किसी कारणवश उक्त पेशी दिनांक 23/09/2024 को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है, अथवा किसी कारणवश कार्य स्थगित हो जाता है, तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

आज दिनांक 12/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय के मुद्रा लगाकर दिया गया।

मुहर

राकेश कुमार वर्मा
प्रथम जिला न्यायाधीश
बलौदाबाजार (छ.ग.)

## डॉक्टरों की हड़ताल ....

समिति के साथ अपने सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। मंत्रालय ने कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के विरोध में देशभर में आंदोलन कर रहे चिकित्सकों से अनुरोध किया है कि वे व्यापक जनहित में तथा डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए अपने काम पर लौट आएं। फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और दिल्ली के सरकारी मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने कोलकाता की घटना के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विभिन्न एसोसिएशन ने कार्यस्थलों पर स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा के संबंध में अपनी मांगें रखी हैं।

## ये है मांगें....

है कि इससे 25 राज्यों में मौजूदा कानून और मजबूत होंगे। 00 डॉक्टरों के संगठन ने अपराध की एक निश्चित समय-सीमा के भीतर सावधानीपूर्वक और पेशेवर जांच और न्याय दिलाने की मांग की है। इसके साथ ही 14 अगस्त की रात आरजी कार अस्पताल परिसर में तोड़फोड़ में शामिल लोगों की पहचान करने और उन्हें कड़ी सजा देने की मांग की है। 00 आईएमए ने कहा, सभी अस्पतालों के सुरक्षा प्रोटोकॉल किसी हवाई अड्डे से कम नहीं होने चाहिए। अस्पतालों को अनिवार्य सुरक्षा अधिकारों के साथ सुरक्षित क्षेत्र घोषित करना पहला कदम है। सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और प्रोटोकॉल का पालन किया जा सकता है। 00 साथ ही, पीड़ित परिवार को क्रूरता के अनुरूप उचित और सम्मानजनक मुआवजा देने की मांग की गई है।

## महिला की मौत, अस्पताल ...

चल रही थी। उधर पुरानी बस्ती कोरबा निवासी उमेश खुल्लर अपनी मां आशा खुल्लर उम्र 52 वर्ष को सुबह 6 बजे तबियत बिगड़ने पर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचा और भर्ती करा दिया। चिकित्सकों के हड़ताल पर रहने के कारण आपातकालीन चिकित्सा कक्ष में महिला का उपचार शुरु किया गया और टेस्ट के लिए डॉक्टर से पर्ची में हस्ताक्षर कराने के लिए स्टाफ कर्मियों के द्वारा उमेश को भेजा गया लेकिन उस दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

**मेडिकल कॉलेज में कराया गया था भर्ती :** उधर इस मामले को लेकर जब मेडिकल कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट गोपाल कंवर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि महिला को उपचार के लिए सुबह मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जिसका सुबह इलाज प्रारंभ किया गया था। महिला को पूर्व से थायराइड की बीमारी थी और उसका हार्टरेट बढ़ा हुआ था। संभवतः उसकी हृदयघात से मौत हुई है।

## 11 घंटे हाई ....

समर्थक एक-एक कर पहुंचते रहे। निवास के बाहर समर्थकों की भीड़ देर तक जुटी रही। पुलिस ने किसी भी समर्थक को मकान के भीतर प्रवेश करने नहीं दिया। गिरफ्तारी की जानकारी लगने पर निवास में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, अरुण वोरा समेत कई कांग्रेसी पहुंचे। कांग्रेसी नेताओं के साथ पुलिस अफसरों से करीब 3 से 4 घंटे तक बातचीत चली। फिर देर शाम पुलिस बल बुलाया गया। इसके बाद पुलिस ने देवेंद्र यादव को उनके आवास से गिरफ्तार कर बलौदा बाजार रवाना हुई। पुलिस अफसरों में बलौदा बाजार एएसपी अभिषेक सिंह, टीआई बलौदा बाजार के अलावा दुर्ग एएसपी अभिषेक झा, एएसपी सुखनंदन राठौर समेत दुर्ग पुलिस की टीम भी मौजूद थी।

**सरकार पर लगाया गंभीर आरोप :** गिरफ्तारी से पहले देवेंद्र यादव ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि जेल में बंद सतनामी समाज के युवाओं को मेरे खिलाफ जबरन बयान देने के लिए धमकाया जा रहा है। उनसे ये बोलने को कहा जा रहा है कि देवेंद्र यादव 12 गाड़ियों में भरकर लोगों के साथ आए थे। यादव एक बार 22 जुलाई को बलौदा बाजार पहुंचकर बयान दर्ज भी करा चुके हैं। विधायक के मुताबिक वो अपने राजनीतिक काम छोड़कर बार-बार बयान दर्ज कराने बलौदा बाजार नहीं आएंगे। मैंने अपना जवाब पुलिस को भेज दिया है। जरूरत पड़ने पर मैं राज्यपाल से मुलाकात करूंगा। न्यायालय की सहायता से इसका सामना करूंगा।

**लगातार जारी की गई नोटिस :** बलौदा बाजार हिंसा मामले में देवेंद्र यादव को लगातार नोटिस जारी किया गया था। चौथी बार नोटिस जारी होने के बाद विधायक ने बयान देने जाने से मना किया। उन्होंने कहा था कि पुलिस को जो भी बयान लेना है, उनके पास आए और लेकर जाए।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,साहेबगंज।**
**CORRIGENDUM ( चतुर्थ शुद्धि पत्र)**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सुचना सं0- DWSD/SAHIBGANJ- 03/2024-25, Dt.- 16.07.2024, P.R.No.- 329767 में प्रकाशित निविदा में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है।

| क0 | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 16.08.2024, 05.00 P.M | 22.08.2024, 05.00 P.M |
| 2 | अग्रधन की राशि एवं परिणाम विपत्र का मूल्य Online जमा करने की तिथि एवं समय (As per Letter No. -120, dated 03.10.2023 of Secretary to Govt., Information Technology & e - Governance Department, Govt. of Jharkhand) – 16.08.2024, 05.00 P.M | 22.08.2024, 05.00 P.M |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 17.08.2024, 05.00 P.M | 23.08.2024, 05.00 P.M |

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, साहेबगंज।

PR 332981 Drinking Water and Sanitation(24-25)D

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**नागपुर मंडल में सिविल जोनल एवं विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** एन-17-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** एसएसई (पी-वे)/जीआरजी और एसएसई (पी-वे)/एनआईआर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सीआरओ को रोकने के लिए स्टेशन SOY-SKY और NDNIPDE के बीच ट्रैक के बराबर वेल्डेड मेश पैनल का फेन्स लगाना। (फेन्स की कुल लंबाई 2200 मीटर)। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 61,09,539/- **बयाना राशि:** ₹ 1,22,200/-

**2. निविदा क्र.:** एन-18-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** एडीईएन / नैनपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत गोंदिया से लामटा (Inc), बालाघाट से कटंगी ब्रांच लाइन में 30.06.2025 तक समाप्त होने वाली अवधि के लिए सिविल जोनल कार्य (सफेदी / रंगाई / पेंटिंग व सड़क मरम्मत सहित) का निष्पादन। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 47,00,000/- **बयाना राशि:** ₹ 94,000/-

**3. निविदा क्र.:** एन-19-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** एडीईएन / नैनपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत लामता (Ex) से कछपुरा, नैनपुर से मंडलाफोर्ट शाखा लाइन में 30.06.2025 तक समाप्त होने वाली अवधि के लिए सिविल जोनल कार्य (सफेदी / रंगाई / पेंटिंग व सड़क मरम्मत सहित) का निष्पादन। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 42,00,000/- **बयाना राशि:** ₹ 84,000/-

**4. निविदा क्र.:** सी-17-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** नागपुर मंडल में रेल जोड़ों की वेल्डिंग के लिए स्वचालित टैपिंग थिम्बल से सुसज्जित सिंगल शॉट क्रूसिबल का उपयोग करके मैन्युअल रूप से दबाए गए 3 पीस प्री-फैब्रिकेटेड मोल्ड्स (ज़िरकॉन वॉश) संपीड़ित एयर-पेट्रोल प्री-हीटिंग सिस्टम का उपयोग करते हुए 60 कि.ग्रा. 90 UTS/60E1 R260 ग्रेड रेल के लिए एटी वेल्डिंग भाग की आपूर्ति। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,36,87,257/- **बयाना राशि:** ₹ 2,18,400/-

**5. निविदा क्र.:** सी-18-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** एडीईएन / ट्रैक / नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एचपी / रेल / स्लीपर प्रकार के छोटे पुलों को आरसीसी बॉक्स प्रकार के पुलों से प्रतिस्थापित करना। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 4,05,61,958/- **बयाना राशि:** ₹ 3,52,800/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **04.09.2024** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है। इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा। अन्य विवरण रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**मंडल अभियंता (उत्तर), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

AIM/21/81

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय अधीक्षण अभियंता जल संसाधन एवं भू-जल सर्वेक्षण मंडल सिहावा भवन परिसर, सिविल लाईन्स, रायपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्रमांक 157331/ निविदा सूचना क्रमांक 02/वलेलि/2024-25,
**गरियाबंद, दिनांक 14.08.2024**

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 04.09.2024 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः-

**कार्य का नाम :** गरियाबंद जिले के विकासखण्ड छुरा के अंतर्गत छुरा नया तालाब के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार मुख्य नहर आर.डी. 0 मी. से 1110 मी. तक सी.सी. लाईनिंग कार्य, 05 नग फॉल का निर्माण कार्य तथा पक्के संरचनाओं का निर्माण कार्य।

**अनुमानित लागत : रूपये 111.80 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेव साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 21.08.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोटः** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, गरियाबंद**
**कृते, अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन एवं भू-जल सर्वेक्षण मंडल, रायपुर, (छ.ग.)**

G-242501881/1

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग - रायपुर (छ.ग.)**

**ऑनलाईन प्रथमबार निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक - 413**

क्रमांक 1751 / निविदा / ग्रा. यां. सेवा / 2024 रायपुर, दिनांक 12/08/2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) "द" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र- 'अ' पर दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021 निविदा दर से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची पर निविदा दर प्राप्त करने ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 28/08/2024 तक आमंत्रित की जाती है

| स. क्र. | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | फार्म फीस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 157608 | मानाकैम्प रायपुर में संचालित शासकीय सुरक्षित स्थान (बालक) बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य। | 40.19 | 30200 | 1500 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** में दिनांक 13/08/2024 से देखी जा सकती है।

**टीप** :- मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 30/08/2024 सायं 5.30 तक कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां. सेवा, संभाग रायपुर में पहुंचना अनिवार्य है।

G-242501866/1

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**जल संसाधन एवं भू-जल सर्वेक्षण मंडल**
**सिहावा भवन परिसर, सिविल लाईन्स, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in
**( प्रथम आमंत्रण )**

**सिस्टम निविदा क्र. 157336/निविदा सूचना क्र.04/वलेलि/ 2024-25,**
**गरियाबंद, दिनांक 14.08.2024**

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **04.09.2024, समय 17:30** तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः-

**कार्य का नाम :** गरियाबंद जिले के विकासखण्ड छुरा के अंतर्गत भरुवामुढा जलाशय के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार मुख्य नहर आर.सी. 0 मी. से 3000 मी. तक, माईनर नहर आर.डी. 0 मी. से 420 मी. तक सी. सी. लाईनिंग कार्य, 05 नग फॉल, 02 नग व्ही.आर.बी. का निर्माण कार्य तथा पक्के संरचनाओं का निर्माण कार्य।

**अनुमानित लागत : रूपये 176.00 लाख।**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर **दिनांक 21.08.2024 समय 17:31 बजे** से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, गरियाबंद**
**कृते, अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन एवं भू-जल सर्वेक्षण मंडल, रायपुर, (छ.ग.)**

G-242501868/3

## *शब्द पहेली - 5605*



**बाएँ से दाए**

1. असह्य,नागवार-5
4. कली-3
6. पराया,पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी,सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल,धोखा-3
16. पक्षी,उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा,पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत,मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल,जान-2
27. रसदार-3
28. जगत,दुनिया-2
29. नग,मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**

1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र,राधेय-3
5. वश,अधीन-2
7. संपूर्ण,पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली,शुद्ध-3
13. हठ करना,रोना -4
15. हारा हुआ,पराजित-3
16. मशवरा,सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना,स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी,चित-2
28. संपत्ति-2

*शब्द पहेली - 5604 का हल*



## सूडोकु नवताल - 5616

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5615 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां
सम्मान योजना
हर बहना को
हर साल
₹ 12 हजार
रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर आज से योजना का हो रहा शुभारंभ
केवल 2 सप्ताह में 43 लाख निबंधन एक बड़ी उपलब्धि
अब तक 37 लाख बहनों के आवेदन की जाँच एवं प्रशासनिक स्वीकृति भी पूरी कर ली गई है
31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हज़ार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)
सितंबर से हर महीने की 15 तारीख़ को हर बहन के खाते में बिना देर पहुँचेगी सम्मान राशि
रक्षाबंधन
के शुभ अवसर पर
झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां सम्मान योजना(JMMSY)
का
शुभारंभ
हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड
PR NO - 333127 (IPRD)
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

एक साल में एसआईपी पर मिला 66 फीसदी तक रिटर्न, एक साल में एकमुश्त निवेश पर 64.99% तक रिटर्न

# फ्लेक्सी कैप फंड में निवेश करने वाले हो गए मालामाल



निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

**इन फंडों की खूबी के निवेशक भी हो रहे हैं दिवाने फ्लेक्सी कैप फंड इक्विटी में निवेश का बेहतर तरीका**

निवेशक भी इन फंडों के दिवाने हैं। ये फंड लगातार बढ़िया रिटर्न देकर निवेशकों को मालामाल कर रहे हैं। ऐसे में इन फंडों में निवेश आपको भी बढ़िया रिटर्न दिला सकता है। लेकिन बाजार के जानकारों को कहना है कि रिटर्न बाजार के अधीन है। इसलिए लंबी अवधी के निवेश का प्लान बनाएं। तभी आप एसआईपी के जरिये अच्छा मुनाफा कमा पाएंगे।

**फ्लेक्सी** कैप फंड को इक्विटी में निवेश का बेहतर तरीका माना जाता है। खासतौर पर उन निवेशकों के लिए जो इक्विटी म्यूचुअल फंड्स के जरिए शेयर बाजार में निवेश करने की शुरूआत करने जा रहे हैं। रिटेल इनवेस्टर्स के लिए डायवर्सिफाइड इक्विटी पोर्टफोलियो तैयार करने का यह काफी आसान तरीका भी है। फ्लेक्सी कैप कैटेगरी में आने वाले सात फंड तो ऐसे हैं, जिन्होंने अपने निवेशकों को पिछले एक साल में एकमुश्त निवेश पर 65 फीसदी और एसआईपी के जरिये निवेश पर 66 फीसदी से ज्यादा एन्युलाइज्ड रिटर्न देकर मालामाल कर दिया है। निवेशक भी इन फंडों के दिवाने हैं। ये फंड लगातार बढ़िया रिटर्न देकर निवेशकों को मालामाल कर रहे हैं। ऐसे में इन फंडों में निवेश आपको भी बढ़िया रिटर्न दिला सकता है। लेकिन बाजार के जानकारों को कहना है कि रिटर्न बाजार के अधीन है। इसलिए लंबी अवधी के निवेश का प्लान बनाएं। तभी आप एसआईपी के जरिये अच्छा मुनाफा कमा पाएंगे।


### टॉप फ्लेक्सी कैप फंड्स का एक साल का रिटर्न

हम यहां उन 7 फ्लेक्सी कैप फंड्स का डिटेल दे रहे हैं, जिन्होंने पिछले 1 साल के दौरान 50% या उससे ज्यादा रिटर्न दिया है। इनमें एक फंड का सालाना रिटर्न 64.99% और एक अन्य स्कीम का एन्युलाइज्ड एसआईपी रिटर्न 66% से भी अधिक रहा है. नीचे दिए सभी आंकड़े इन स्कीम्स के डायरेक्ट प्लान के हैं।



### फ्लेक्सी कैप फंड्स की खूबी

फ्लेक्सी कैप फंड्स को इक्विटी फंड की कैटेगरी में रखा जाता है। जैसा कि इनके नाम से पता चलता है, इसके पोर्टफोलियो की फ्लेक्सिबिलिटी ही इसकी सबसे बड़ी खूबी है। फंड मैनेजर बाजार की स्थिति और रुझान के हिसाब से जैसे-चाहें निवेश के लिए शेयर्स का चुनाव कर सकते हैं। सेबी की गाइडलाइन के हिसाब से फ्लेक्सी कैप फंड का कम से कम 65 फीसदी हिस्सा इक्विटी और इक्विटी से जुड़े इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश करना जरूरी है, लेकिन इक्विटी में अधिकतम निवेश की कोई सीमा नहीं है। जैसा कि आप ऊपर दिए आंकड़ों में देख सकते हैं, ज्यादातर फंड्स ने इक्विटी में 90 फीसदी से ऊपर निवेश किया है। साथ ही, इस बात पर भी कोई पाबंदी नहीं है कि इक्विटी में लगाए गए पैसे, लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप में किस अनुपात में निवेश करने हैं। फंड मैनेजर को निवेश के फैसले लेने की पूरी छूट होती है। इसी फ्लेक्सिबिलिटी की वजह से इसे कम पैसों में डायवर्सिफाइड पोर्टफोलियो बनाने का एक बेहतर जरिया माना जाता है।



### फ्लेक्सी-कैप फंड क्या है

जैसा कि नाम से ही पता चल जाता है, फ्लेक्सी-कैप एक इक्विटी म्यूचुअल फंड होता है जिसके पास निवेश करने के लिए लचीलापन होता है। इसमें फंड मैनेजर अपने हिसाब से निवेशक का पैसा स्मॉल, मिड या लार्ज कैप में निवेश करते हैं। इसमें फंड मैनेजर इस बात के लिए बाध्य नहीं रहता है कि उसे किस फंड कैटेगिरी में कितना निवेश करना है। इसमें कोई भी व्यक्ति 500 रुपये से निवेश की शुरुआत कर सकता है।

### लम्बे समय के लिए निवेश सही

बाजार के जानकारों का कहना है इन स्कीमों में कम से कम 5 साल के टाइम पीरियड को ध्यान में रख कर निवेश करना चाहिए। हो सकता है कम अवधि में कैटेगिरी का प्रदर्शन अच्छा न हो, लेकिन लम्बी अवधि में ये आपको बेहतर रिटर्न देने की क्षमता रखते हैं।

## इन फंडों ने दिया बढ़िया रिटर्न

**जेएम फ्लेक्सी (डायरेक्ट)**
- एकमुश्त निवेश पर एक साल का रिटर्न : 61.98%
- एसआईपी के जरिये निवेश पर 1 वर्ष का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 66.74%
- एसेट अलोकेशन : इक्विटी 97.99%, डेट- निल, कैश 2.01%

**इनवेस्को इंडिया फोकस्ड (डायरेक्ट)**
- एकमुश्त निवेश पर एक साल का रिटर्न : 64.99%
- एसआई के जरिये निवेश 1 वर्ष साल का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 63.14%
- एसेट अलोकेशन : इक्विटी 94.25%, डेट 2.51%, कैश 3.24%

## बैंक ऑफ इंडिया फ्लेक्सी कैप (डायरेक्ट)

**बैंक ऑफ इंडिया फ्लेक्सी कैप (डायरेक्ट)**
- एकमुश्त निवेश पर एक साल का रिटर्न : 62.56%
- एसआईपी के जरिये निवेश पर 1 वर्ष का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 59.01%
- एसेट अलोकेशन : इक्विटी 96.46%, डेट 0.01%, कैश 3.53%

**क्वांट फ्लेक्सी कैप (डायरेक्ट)**
- एकमुश्त निवेश पर एक साल का रिटर्न : 54.84%
- एसआईपी के जरिये निवेश पर 1 वर्ष का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 54.96%
- एसेट अलोकेशन : इक्विटी 92.45%, डेट - 3.48%, कैश 4.07%

## मोतीलाल ओसवाल फ्लेक्सी कैप (डायरेक्ट)

- एकमुश्त निवेश पर एक साल का रिटर्न : 54.71%
- एसआईपी के जरिये निवेश पर 1 वर्ष का एन्युलाइज्ड रिटर्न : 53.88%
- एसेट अलोकेशन : इक्विटी 88.28%, डेट-8.63%, कैश 3.09%

**360 वन फ्लेक्सीकैप (डायरेक्ट)**
- एकमुश्त निवेश पर एक साल का रिटर्न : 51.68%
- एसआईपी के जरिये निवेश पर 1 वर्ष का एन्युलाइज्ड रिटर्न :55.68%
- एसेट अलोकेशन : इक्विटी 96.77%, डेट - nil, कैश 3.23%

## बिजनेस साइट

सहेली ज्वेलर्स की विशेष पहल

### सुरक्षा, जिम्मेदारी और आभूषण के संग स्वतंत्रता का उत्सव



**रायपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सहेली ज्वेलर्स ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि डॉ. आनंद सक्सेना की उपस्थिति में ध्वजारोहण के बाद एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य ट्रैफिक नियमों और शिष्टाचार के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसमें सहेली ज्वेलर्स के कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों ने देशभक्ति के गीत गाए। स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी निभाने का संदेश देते हुए, यह कहा गया कि स्वतंत्रता का सही अर्थ तभी है जब हम अपनी जिम्मेदारियों को समझें और उनका पालन करें। इन संदेशों के माध्यम से सहेली ज्वेलर्स ने यह स्पष्ट किया कि स्वतंत्रता का मतलब केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों को निभाना भी है। कार्यक्रम के दौरान सहेली ज्वेलर्स ने आभूषणों को स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति का एक सुंदर तरीका बताया। आगामी त्योहारी सीजन में स्वतंत्रता के जश्न को और खास बनाने के लिए और अपनी व्यक्तिगत शैली को दर्शाने वाले खूबसूरत आभूषणों के साथ इसे मनाने की अपील की गई।

### श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल का निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर 22 को

**रायपुर।** मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल, न्यू राजेंद्र नगर अमलीडीह द्वारा समय-समय पर निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर आयोजित किया जाता है। इसी कड़ी में 22 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हृदय रोग, जनरल और लेप्रोस्कोपी सर्जरी पर निःशुल्क परामर्श प्रदान किया जाएगा। इस शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जोगेश विशनदासानी और जनरल और लेप्रोस्कोपी सर्जन डॉ. अभिजीत सिंह, मरीजों को परामर्श देंगे। शिविर में मरीजों को ईसीजी और ईसीएचओ पर 30% की छूट एवं अन्य जांचों पर 15% छूट, दवाइयों पर 5% छूट और भर्ती पर 10% की विशेष छूट दी जाएगी।



### क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो 2024 : एक छत के नीचे मिलेगी आपकी 'घर की बात'

**3 अगस्त से क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो, तैयारियां हुई पूरी और सारे स्टाल हुए बुक**




**रायपुर।** क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो 23 से 25 अगस्त तक रायपुर के इंडोर स्टेडियम, बूढ़ापारा में आयोजित किया जाएगा। इस तीन दिवसीय आयोजन में 40 प्रमुख डेवलपर्स अपने 200 से अधिक प्रोजेक्ट्स के साथ शामिल होंगे, जो प्रॉपर्टी खरीदारों को विविध विकल्प प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बायर्स को पुराने और नए प्रोजेक्ट्स की जानकारी मिलेगी और बुकिंग का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। इस बार रेरा (रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) का भी स्टॉल लगेगा, जहां प्रोजेक्ट्स की वैधानिकता की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। इसके अलावा बैंकिंग स्टॉल पर सरल शर्तों पर फाइनेंसिंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। डेवलपर्स ने सामान्य मध्यम और बड़े बजट की प्रॉपर्टी विकल्प पेश किए हैं, जिससे बायर्स को अपनी पसंद के अनुसार चयन करने का अवसर मिलेगा। साइट विजिट्स के साथ-साथ प्रोजेक्ट की स्थिति और पजेशन की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। स्पॉट बुकिंग पर क्रेडाई की ओर से उपहार और आकर्षक ड्रॉ भी होंगे, जिसमें दोपहिया वाहन, एसी, वॉशिंग मशीन और अन्य होम एप्लायंसेस शामिल हैं।

## हरिभूमि CLASSIFIED

epaper : www.haribhoomi.com
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

### Appointment आवश्यकता

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- तेलीबांधा एरिया में,हाउस कीपिंग व जनरल सुपरवाईजर, इलेक्ट्रीशियन व सिक्युरिटी गार्ड.(5 वर्ष के अनुभवी ही संपर्क करें-78801 34141 )(RO-6455)

आवश्यकता है- "होटल" जेलरोड, तेलीबांधा हेतु सुपरवाइजर 8, सुरक्षा गार्ड 45, लेडी गार्ड 8, ड्राइवर 8, कंप्यूटर ऑपरेटर 10, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास एक टाइम भोजन फ्री गार्ड हेतु) वेतन 11000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019. (RO-2915)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर: - 9329103178.(RO-2936)

**सुरक्षागार्ड/घरेलु कार्य**

तत्काल आवश्यकता है- बंगलो एवं ऑफिस मे कार्य करने हेतु सुरक्षा गार्ड एवं घरेलु नौकर की तत्काल आवश्यकता है अनुभव- 5 से 10वर्ष उम्र 25 से 35 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही संपर्क करें:- 9109222000.(RO-2929)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**आवश्यकता**

लोहे में पावडर कोटिंग करवाने हेतु संपर्क करें। 94077 55558

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- अनुभवी ड्राइवर की तुरंत आवश्यकता है अनुभव- 10 वर्ष लग्जरी कार चलाने का अनुभवी हो सेठ जी के साथ चलने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी उम्र 30 से 40 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही संपर्क करें:- 9109222000.(RO-2930)

**इंजीनियर/मार्केटिंग**

आवश्यकता है- रियल स्टेट कंपनी में सिविल इंजीनियर, डिजिटल मार्केटर, और मेनेजमेंट कार्य हेतु 4+ साल अनुभवी कर्मचारी चाहिए। संपर्क : 95841-31350, ई-मेल - info@mrlayouts.com (आरो नं -6362)

**कुक/देखरेख**

आवश्यकता है- आदर्श गर्ल्स हॉस्टल नेहरूनगर पूर्व भिलाई में खाना बनाने कुक एवम गर्ल्स की देखरेख करने पूरे समय के लिए सिंगल विडो महिला की आवश्यकता है आवास एवं भोजन सुविधा उपलब्ध 9424119112.(आरो न.-558)

**टेलीकॉलर**

आवश्यकता है- टेलीकॉलर की, वेलनेस व न्यूट्रिशन सेंटर में काम करने हेतु योग्य टेलीकॉलर की जरूरत है शीघ्र संपर्क करें:- 7509703555, 7000844248 सुबह 8:00 से 11:00 तक (RO-2927)

**ड्रायवर/हेल्पर**

आवश्यकता है- बोलेरो पिकअप के लिए ड्राइवर 4, हेल्पर 3, logistic (Transport) मे गाड़ी चलाने और पार्सल बांटने के लिए आवश्यकता है अनुभवी ही सम्पर्क करे मोबाइल नंबर: - 7772016666.(RO-2935)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा, रायपुर (RO-341)

आवश्यकता है- सोना चांदी दुकान में सामान बेचने स्टाफ की आवश्यकता है । पेमेंट 8000 से 15000 तक माल बेचना सिखा दिया जाएगा मार्केट में परिचय वाले की प्राथमिकता । संपर्क : सुरेश ज्वेलर्स हलवाई लाइन रायपुर समय 1 से 8 बजे तक । 9893994319.(RO-7360)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर(RO-303)

आवश्यकता है- किराना व डेलीनिड्स की दुकान में कार्य करने हेतु कर्मचारियों की (अनुभवी को प्राथमिकता) संपर्क:- सी-मार्केट सेक्टर-6 भिलाई मो.- 9826684859. (आरो न.-559)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**सेल्समैन/ऑफिस बॉय**

आवश्यकता है- दुर्ग, बांधा तालाब, गंजपारा स्थित मोड्यूलर हार्डवेयर शोरुम हेतु सेल्समैन/ऑफिस बॉय व मैनेजर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। अनुभवी कैंडिडेट को प्राथमिकता। अपना रिज्यूम व्हाट्सअप पर भेजें। मो- 9425550555.(आरो.-SPD/810)

**पेट्राल पंप कर्मी**

आवश्यकता है- उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप हेतु लड़को की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे। डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 9424-225533.(RO-337)

**अकाउंटेंट/टेलीकॉलर**

आवश्यकता है- कलेक्शन एजेंसी को भिलाई में (1) अकाउंटेंट पद 05 वेतन- (10000-25000) (2) टेलिकॉलर पद 20 वेतन (7000-12000) (3) फील्ड एग्जीक्यूटिव पद 10 वेतन 10000 +TA. Contact : 6232010617, 7611107539 हेड ऑफिस- इ जेनेसिस फाइनेंसियल सोलूशन्स, 4/16 दक्षिण गंगोत्री, सुपेला, भिलाई.(आरो.-SP/885)

**मैनेजर/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ में स्मार्ट मीटर परियोजना के लिए (1) जनरल मैनेजर (2) इलेक्ट्रीकल इंजीनियर (3) टीम लीडर (4) कम्प्यूटर ऑपरेटर (एक्सेल अनुभवी) (5) मैकेनिकल डिप्लोमा धारक मेहनती उम्मीदवारों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8896200007, 7000087820.(RO-35096)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**शॉप/टेलर कार्य**

आवश्यकता है- रेडीमेड शॉप में कार्य करने हेतु लड़के और लड़कियों एंव टेलर (सिलाई हेतु) की आवश्यकता है संपर्क प्रभु दयाल वस्त्र भंडार 10:30 से 1:00 बजे तक पता सर्कुलर मार्केट कैंप 2 भिलाई मो.9826433031. (आरो न.-560)

**कम्प्युटर/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- मेडिकल सीएंडएफ (दवाई के होलसेल डिपो) में बिलिंग कार्य हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर (युवक / युवती) की आवश्यकता है। अनुभवी ही मिले : नरेंद्र फार्मा डंगनिया 9425542077, 9669426111.(RO-301)

**अन्य**

आवश्यकता है- (स्वयं का रोजगार) (अपना रोजगार) आयुर्वेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग कॉल/WHATSAPP करें) NOC -2150/- +91 6267324667. (RO-1329)

### Business व्यापार

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871. (RO-2894)

### Property प्रापर्टी

**जमीन**

जमीन बेचना है- शानदार निवेश का मौंका भिलाई I.I.T से मात्र 5कि.मी. की दूरी में कंरजा भिलाई के प्राइम लोकेशन में आवासीय प्लाट सबसे सस्ता और सबसे अच्छा मात्र-250/- रूपये प्रति वर्गफूट बजट-फ्रेंडली प्लाट आपका इंतजार कर रहा है। अभी कॉल करें :- 98933-70648.(आरो नं -6366)

**प्लाट**

बेचना है - 12000 से 14000 Sqft प्लॉट मैन प्राईमलोकेशन, टेडेसारा चौक के पास, मुढ़ीपार रोड पर स्थित, वर्तमान में धर्मकांटा संचालित है, धर्मकांटे के साथ बेचना है। संपर्क- 9039119999, 9926361999, 9826811199.(RO-1711)

### Purchase खरीदना

खरीदना है- सोलर प्लांट हेतु जमीन की आवश्यकता है। 20 से 300 एकड़ 132 KVA पावर सब स्टेशन के करीब। या 5 से 50 एकड़ 35/11 KVA सब स्टेशन के करीब छत्तीसगढ़ में जिनके पास जमीन के कंप्लीट पेपर्स और क्लियर सौदा है कृपया वही संपर्क करें- 9977779239.(RO-4444)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।





विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152





अब वो दौर नहीं रहा, जब 55-60 की उम्र तक पहुंचते ही लोग खुद को सीमित दायरे में समेटते हुए, जीवन का आनंद लेने से महरूम कर लिया करते थे। अब बुजुर्ग ना केवल भविष्य और स्वास्थ्य की चिंताओं से मुक्त रहते हैं, अपने हमउम्र दोस्तों के संग जीवन का पूरा मजा लेने के लिए तत्पर भी दिखते हैं। बुजुर्गों की जीवनशैली में आए इन बदलावों पर एक नजर।

# बढ़ रही उम्र तो क्या ना हो कम जीने की उमंग

{ कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन }

इकसठ वर्षीय अवधेशजी ने अपने कॉलेज के दिनों से फ्रेंड रहे राजदीप को फोन किया और कहा, 'राज एक खुशखबरी और सरप्राइज भी है।'

यह सुनकर राजदीप जी ने उत्सुकतापूर्वक उस खबर के बारे में पूछा। इस पर अवधेशजी ने बताया, 'हमने एक जेंट्स क्लब बनाया है। इसमें 20-25 ब्वॉयज होंगे। इसमें तेरा भी नाम शामिल कर रहा हूं।'

यह सुनकर राजदीपजी ठहाका मारकर हंस पड़े। बोले, 'यार क्या मजाक कर रहे हो? बुढ़ापे में ब्वॉयज के बीच तेरा और मेरा क्या काम है? यह उम्र क्लब बनाने की है या भजन मंडली?'

अवधेशजी बोले, 'चिंता मत कर प्यारे, सारे ब्वॉयज अपने ही हम उम्र हैं। यह मजाक नहीं सच है। हमने जेंट्स क्लब बनाया है। इसमें वे सारी एक्टिविटीज होंगी, जो हम किसी दौर में पार्टीज में किया करते थे। कुछ सोशल वर्क भी होगा, खाना-पीना और मस्ती भी होगी। और हां, तुझे भजन गाने से कौन मना करता है। कभी-कभी गा भी लेना। हम सब तेरा साथ देंगे। उम्र बड़ी है तो क्या हम अलग-थलग उदास और सुस्त होकर बैठ जाएं? यही तो उम्र है, निश्चिंत होकर मौज करने की। इससे पहले तो हमने तमाम जिम्मेदारियां ही निभाई हैं।'

यहां बात केवल अवधेश और राजदीप की नहीं है। एक समय था, जब बढ़ती उम्र के लोग बात-बात में कहते थे, 'यार हमारी तो उम्र हो गई। सब शौक जवानी के होते हैं।'

## परंपरागत सोच का नतीजा

अब से डेढ़-दो दशक पहले तक सामाजिक माहौल और माइंडसेट ही ऐसा हुआ करता था कि सजना-संवरना, रंग-बिरंगे कपड़े पहनना, अच्छा खाना-पीना आदि उम्रदराज लोगों को शोभा नहीं देता था। लोग अपने आप को एक बैरागी, वीतरागी दुनिया का निवासी समझने लगते थे। अधिकांश पुरुष सेवानिवृत्ति के बाद और महिलाएं भी पूजा-पाठ तीर्थ यात्रा और धर्म-कर्म में ही लीन होना पसंद किया करते थे। उनसे यही उम्मीद की जाती थी। बढ़ती उम्र के लोग अगर कभी कोई शौक पूरा करना भी चाहते हैं तो परिवार का ही कोई सदस्य उन्हें यह कहते हुए टोक देता, 'आपकी उम्र है क्या, यह सब करने की? अब आपको अपनी उम्र के हिसाब से सही लगने वाला व्यवहार करना चाहिए।' बुजुर्गों से यही उम्मीद की जाती थी कि वे अपने पोते-पोतियो के साथ खेलें। वैवाहिक अनुष्ठानों में रीति-रिवाज की जानकारी दें और सत्संग में प्रवचन या भजन सुनने जाएं।

## दायरे में सिमटे रहते थे बुजुर्ग

अधिकतर बुजुर्ग पुरुष और महिलाएं अपने-आप को एक दायरे में समेटने के लिए विवश हो जाया करते थे। पुरुष तो फिर भी बाहर घूमने-फिरने और अपने हमउम्र लोगों के साथ गपशप करने निकल पड़ते थे। घंटों कहीं चबूतरे पर, घर के बाहर किसी मैदान में या चौपाल पर बैठकर बतिया लेते थे। राजनीति, खेल, परिवार और दूसरे घरों की बातें करते थे। ताश का अड्डा भी खूब जमता था। लेकिन महिलाएं तो घर में लगभग बंद सी ही रहती थीं। सिवाय पास-पड़ोस के किसी वैवाहिक अनुष्ठान में गीत गाने पारिवारिक कार्यक्रम में या किसी धार्मिक कार्यक्रम के अलावा उनका बाहर जाना हो ही नहीं पाता था। ऐसे में तेजी से बदले दौर ने पुरुषों के साथ महिलाओं को भी इस बात का अहसास करवाया कि बेहतर-खुशहाल जीवन के लिए जीवनशैली में बदलाव आवश्यक है, क्योंकि तन और मन को फिट रखने के लिए शरीर और मस्तिष्क का एक्टिव, एनर्जेटिक रहना जरूरी होता है।







## बदल रही है सोच

सुखद यह है कि बुजुर्गों को लेकर सदियों पुरानी सोच अब काफी बदल गई है। जमाना बहुत तेजी से बदल रहा है। आज तो 55-60 की उम्र या इससे ज्यादा उम्र के पुरुष-महिलाओं को भी ब्राइट कलर और लेटेस्ट डिजाइन वाले ब्रांडेड और स्टाइलिश ड्रेसेस पहने देखा जा सकता है। रेस्तरां या मूवी हॉल में इस उम्र के पुरुष और महिलाओं की अच्छी-खासी संख्या देखी जा सकती है। अच्छे और महंगे फुटवियर पहनना, सजना-संवरना इनका शौक है। सच तो यह है कि अब साठ की उम्र सीमा को छूने वाले पुरुष और महिलाएं खुद को बूढ़ा कहे जाने से परहेज करते हैं। उम्रदराज पुरुष ही नहीं महिलाएं भी अपने हमउम्र लोगों का क्लब बनाकर समूह में पर्यटन पर निकल पड़ते हैं या फिर शहर में ही कहीं सैर-सपाटा करने लगते हैं। ये पार्टीज करते हैं, आपस में खूब मजाक करते, ठहाके लगाते हैं।

## समृद्धि-सुविधाओं का प्रभाव

सीनियर सिटिजंस की इस नई सोच को देखकर मन में उत्सुकता उठती है कि बुजुर्गों में यह बदलाव आया कैसे? तो इसके कई कारण हैं। बीते एक दशक में जो लोग 55 या उससे अधिक उम्र के हुए हैं या हो रहे हैं, ये पहली ऐसी जमात है, जो आर्थिक रूप से सुदृढ़ और अच्छा-खासा कमाते हुए रिटायर होने वाले हैं या हाल में रिटायर हुए हैं। डिजिटल क्रांति को इन्होंने अपनी युवावस्था से ही देख लिया था। ओटीटी प्लेटफॉर्म, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप आदि इनके लिए कुछ भी नया नहीं है। इन्हीं के माध्यम से ये ना सिर्फ देश, बल्कि विदेशों के लेटेस्ट ट्रेंड्स से भी अच्छी तरह वाकिफ हो जाते हैं। साथ ही इनमें से ज्यादातर के बच्चे उच्च शिक्षित और अच्छी पैकेज वाली जॉब में हैं तो उनके प्रति ये ज्यादा चिंतित भी नहीं रहते। अब इनके जीवन का मूल मंत्र बन गया है-जियो बिंदास। कुछ अपने बच्चों की संगत के असर से भी इनमें आधुनिकता का भाव आया है। जबकि बीते जमाने में सेवानिवृत्त होना चिंता का सबब हुआ करता था। उस दौर में पैसे का अभाव, चिकित्सा सुविधा का सहजता से उपलब्ध ना होना, उपयोगी और मनोरंजन गैजेट्स का ना होना आदि अनेक कारण थे, जो उम्रदराज लोगों के जीवन को मुश्किल कर देते थे। पहले के दौर में बुजुर्ग, थके हारे से रहते थे और ज्यादातर अस्वस्थ रहते थे। इसलिए घर में ही ज्यादा समय बिताते थे। घूमने-फिरने का कोई विशेष चलन था भी नहीं। लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब जरा सा अवकाश मिलते ही लोग आस-पास या कहीं दूर पर्यटन और सैर-सपाटे या खाने-पीने निकल पड़ते हैं।

कहने का कुल सार यह है कि जमाना बदलने के साथ नई और युवा पीढ़ी ही नहीं बुजुर्गों ने भी खुद को बदल लिया है। वे अपने जीवन को पूरी तरह एंज्वॉय कर रहे हैं। *

स्पेशल: नेवर गिवअप-डे

# बदलाव-प्रेरणा का सूत्र कभी ना मानें हार

बात चाहे व्यक्तिगत जीवन की हो या सामूहिक-सामाजिक जीवन की, सकारात्मक बदलाव के लिए कभी हार ना मानने की सोच ही प्रेरणा प्रदान करती है। इस भाव को हर किसी के मन में जगाने के लिए ही नेवर गिवअप-डे मनाया जाता है। इस भाव की महत्ता हम सभी को समझनी चाहिए।

{ लाइफस्टाइल
डॉ. मोनिका शर्मा }



हार मानकर बैठने के बजाय, परेशानियों से पार जाने की सोच को आमतौर पर व्यक्तिगत जीवन से ही जोड़कर देखा जाता है। कोई इंसान हालातों का मुकाबला करने से ना चूके और हर हाल में डटा रहे, यह समझाइश भी अकसर खुद अपने जीवन के मोर्चे पर तैनात रहने के लिए ही दी जाती है। ज्यादा से ज्यादा परिवार और अपने करीबी लोगों का साथ देने से जोड़कर देख लिया जाता है। लेकिन आज के दिन मनाए जाने वाले 'नेवर गिवअप-डे' का संदेश इस भाव के साथ ही बहुत व्यापक अर्थों वाला भी है।

**इस दिन को मनाने का उद्देश्य :** नेवर गिवअप-डे का संदेश, व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक के साथ ही समग्र वैश्विक समाज की परेशानियों से मिलकर लड़ने का भाव लिए हुए है। मौजूदा दौर में बहुत सी मानवीय जिम्मेदारियों को लेकर ग्लोबल लेवल पर खुलकर बात करने की दरकार है। कितनी ही समस्याओं का साझा हल ढूंढ़ने की आवश्यकता है। साथ के इस भाव को पोसने के लिए ही 18 अगस्त को पूरी दुनिया एकजुट होकर 'कभी हार ना मानने का दिन' सेलिब्रेट करती है। असल में 'नेवर गिवअप-डे' दुनिया के हर कोने में बसे लोगों से साझी हिस्सेदारी के लिए आह्वान करने का दिन है। बहुत से सार्वजनिक मुद्दों के प्रति अनदेखी का बर्ताव नहीं बल्कि अपनी-अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती देने का संदेश लिए है। यह दिन बिगड़ते हालातों में भी थकने-रुकने के बजाय मानवीय जीवन के लिए मायने रखने वाले विषयों पर सोचने की संवेदनाओं को पोषण देता है। असल में क्लाइमेट चेंज से जुड़ी चिंताएं हों या आर्थिक परेशानियां, बढ़ती असंवेदनशीलता हो या स्वास्थ्य समस्याओं का कसता घेरा। 'नेवर गिवअप-डे' पर ऐसे साझे मुद्दों से मिलकर जूझने की योजनाओं पर चर्चा की जाती है, जो संसार के हर कोने में बसे इंसान को प्रभावित करते हैं। लोगों को प्रेरणादायी उदाहरणों से बताया-समझाया जाता है कि हार मानना कोई विकल्प नहीं है। किसी भी हाल में मायूसी ओढ़ने के बजाय दृढ़ संकल्पित मनःस्थिति को मजबूत करना ही इस दिन का उद्देश्य है।



**अवेयरनेस लाने की मुहिम :** व्यक्तिगत या सामाजिक जीवन से जुड़ी चुनौतियों से पार पाने के लिए मन में परिस्थितियों से जूझने की जिद जरूरी है। यह दृढ़ता देश विशेष ही नहीं, दुनिया के किसी भी कोने में बसे लोगों को तकलीफदेह हालातों से पार पाने का मनोबल देती है। समझना जरूरी है कि मन की मजबूती से पहले परिस्थिति को समझने की सोच लानी होती है। बदलाव की दिशा पर ध्यान देना होता है, क्योंकि ना हर बदलाव पूरी तरह सकारात्मक होता है और ना ही नकारात्मक। ऐसे में कोई सामाजिक परिवर्तन हो या तकनीकी तरक्की, उसके फायदे या नुकसान जाने बिना विरोध या समर्थन कैसे किया जा सकता है? समाज की बेहतरी इसी में है कि सारे प्रयास, हालातों के प्रति अवेयर होने के बाद ही किए जाएं। ऐसे में यह दिन ऐसे पहलुओं को लेकर जागरूक भी करता है, जिनके खिलाफ डट जाना जरूरी हो। यह दिन हर मसले पर थोड़ा ठहरकर विषय विशेष से जुड़े विकल्पों पर सोचने की राह सुझाता है।

**बढ़ता है साझेपन का भाव :** नेवर गिवअप-डे आपसी मेल-जोल को भी बढ़ाता है। यह दिन विपरीत हालातों से जूझकर जीत हासिल करने वाले लोगों को मान देने का दिन भी है। कभी हार ना मानने वाले अपने-परायों की सराहना करने और उनकी उपलब्धि को सेलिब्रेट करने का अवसर माना जाता है। दुनिया भर में अपने मनोबल के दम पर कुछ कर दिखाने वाले लोगों को प्रोत्साहन देने का परिवेश बनाता है। इस दिन जान-पहचान वाले लोगों की सक्सेस स्टोरीज सुनी जाती हैं, जिससे कम्युनिटीज में सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है। एक-दूसरे का समर्थन करने की ऐसी स्थितियां भविष्य में भी बहुत समस्याओं से जूझने का बल देने वाली होती हैं। देखा जाए तो यह एक साझा आंदोलन है, जो सीमाओं से परे समग्र संसार को विपरीत परिस्थितियों में भी आत्मसमर्पण नहीं करने के लिए एकजुट करता है। दृढ़ संकल्प की यह सामूहिक भावना, हर पहलू पर बेहतरी का परिवेश बनाती है। *



{ कविता / देवांशु }

## बारिश



कागज के नाव
नहीं बनाते हैं
बच्चे अब
बारिश के मौसम में
नहीं खेलते हैं
नंगे बदन
कोई खेल
नाचते-गाते हुए
बारिश की टपकती
बूंदों में
बारिश
अब बच्चों के
खेल का मौसम
नहीं रहा
फिर भी
कुछ बच्चे
अभी भी खेलते हुए
दिख जाते हैं
बारिश में
तब हमें
खूब याद आते हैं
अपने बचपन के
बारिश के वो दिन।

{ लघुकथाएं }

## राखी पर कमाई




नेहा नहीं आएगी क्या राखी पर?-यह सवाल मेरे दिमाग को बार-बार मथ रहा था। मोबाइल पर भी उससे बात नहीं हो पा रही थी। मुझे लग रहा था कि वह जान-बूझकर मेरा फोन नहीं उठा रही है। इसका मतलब उसकी नाराजगी अभी तक दूर नहीं हुई। मुझे ऐसी उम्मीद नहीं थी कि मजाक में कही गई मेरी बात का वह इतना बुरा मान जाएगी। दरअसल, पिछले दिनों फोन पर मैंने उससे यूं ही मजाक में कह दिया था, 'तू हर तीन महीने बाद हॉस्टल से घर आती है, पर इस बार दो महीने बाद ही आ धमकेगी, राखी पर कमाई करने!'

हम दोनों जुड़वां भाई-बहन हैं। बचपन से एक-दूसरे से इसी तरह हंसी मजाक में बहुत कुछ कह जाया करते हैं। मम्मी-पापा से नेहा के बारे में कुछ पूछने की मेरी हिम्मत हो नहीं पा रही थी। मुझे लग रहा था कि उसने राखी पर कमाई वाली मेरी बात उन्हें बता दी होगी। मुझे बार-बार पछतावा हो रहा था कि मैंने नेहा से ऐसी बात कही ही क्यों, जो उसे बुरी लगती?

तभी दरवाजे की घंटी बजी। दरवाजा खोला तो सामने नेहा खड़ी मुस्कुरा रही थी। घर के अंदर आते ही मेरा कान उमेठते हुए बोली, 'आ गई हूं, राखी पर कमाई करने! तू क्या सोच रहा था कि एक सड़ा-सा मजाक करके अपने पैसे बचा लेगा! अबकी तो सिर्फ पैसे ही नहीं कोई अच्छा सा गिफ्ट भी तुझसे लूंगी।' कान उमेठे जाने पर मुझे एक दर्द जरूर महसूस हुआ, लेकिन यह दर्द बहुत मीठा था। उधर मम्मी-पापा हम दोनों का प्यार देखकर निहाल थे। नेहा और मैं जोरों से हंसे जा रहे थे। *

-हरीश कुमार 'अमित'



## बेटी का फर्ज

अपनी बहू का वैधव्य देखकर रामपाल जी का दिल कभी-कभी छलनी हो जाता। उम्र ही क्या थी उसकी, मात्र अट्ठाइस साल। आजकल तो इससे ज्यादा उम्र की लड़कियां कुंआरी रहती हैं। तीन साल पहले रामपाल जी का बेटा कार एक्सीडेंट में नहीं रहा था। पत्नी के देहांत के बाद अपने एकलौते इंजीनियर बेटे चिराग की शादी उन्होंने बड़ी धूमधाम से अलका से की थी। अलका भी इंजीनियर ही थी। साल भर भी नहीं हुआ था कि चिराग की कार एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। बड़ी मुश्किल से रामपाल जी ने अपने-आप को संभाला। बहू को उन्होंने उसके मायके भेजना चाहा, लेकिन इसके लिए वह तैयार नहीं हुई। वह रुआंसी होकर बोली, 'पापा जी, क्या यह घर मेरा नहीं है? मैं यहीं रहूंगी, आपकी देखभाल करूंगी। चिराग की यादों के सहारे मैं यहां अपनी पूरी जिंदगी बिता लूंगी। आप मेरी बिल्कुल चिंता ना करें।' लेकिन रामपाल जी ने दुनिया देखी थी। दुनियादारी जानते थे, वह किसी तरह अलका की दूसरी शादी करवाना चाहते थे, इसलिए वह अपनी कोशिश में लगे रहते। लेकिन अलका थी, जो अपनी जिद पर अड़ी थी कि वह शादी नहीं करेगी।

एक दिन अचानक रामपाल जी की तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में अलका ने रामपाल जी को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने बताया, 'इन्हें माइनर हार्ट अटैक आया है।' यह सुनकर अलका घबरा गई। रामपाल जी की तबीयत जब थोड़ी सुधरी तो उन्होंने अलका को अपने पास बुलाया और बोले, 'बेटी, मेरी मानो दूसरी शादी कर लो। तुम्हारे सामने पूरी जिंदगी पड़ी है। मैंने तुम्हारे लिए एक लड़का भी देख रखा है। लड़का बहुत अच्छा है, इंजीनियर है। दो साल पहले उसकी पत्नी का देहांत हो गया था।' 'ठीक है पापा जी, मैं आपकी बात मानने के लिए तैयार हूं, लेकिन मेरी भी एक शर्त है कि चिराग के देहांत के बाद जो बीमे की रकम मुझे मिली है, वह आप रख लीजिए ताकि मेरे ससुराल जाने के बाद आपको कोई आर्थिक तंगी न रहे।' अलका बहुत ही आत्मीयता से बोली। 'नहीं-नहीं बेटी, उन पैसे पर तो तुम्हारा हक है।' रामपाल जी कुछ सख्त भाव से स्नेह पूर्वक बोले। 'आपने जब मुझे अपनी बेटी समझा है, तो बेटी का फर्ज भी निभाने दीजिए पापा, आपको यह पैसे लेने ही होंगे।' अलका ने विनती की। रामपाल जी आगे कुछ ना बोल सके, बहुत ही भावुक हो गए। उनकी आंखों में आंसू छलक आए। *

-शीला श्रीवास्तव


## इंजेक्शन की नवीन तकनीक से जोड़ों का उपचार

सर्जरी के बिना ही सिर्फ इंजेक्शन तकनीक के जरिये जोड़ के रोगों का बेहतर और विश्वसनीय उपचार देहली हॉस्पिटल ग्वालियर में हो रहा है। आईये जानते हैं इस तकनीक के असाधारण लाभ–

इस ट्रीटमेंट की कितनी बार आवश्यकता होती है?
सिर्फ एक ही बार पर्याप्त है।

सर्जरी की अपेक्षा इस तकनीक के क्या फायदे हैं?
सर्जरी के दौरान पैरों में कमजोरी, इंफेक्शन, फ्रैक्चर, इंप्लांट फेलियर जैसे जो कॉम्प्लिकेशन देखने को मिलते हैं, वैसा इसमें खतरा नहीं है।

किन मरीजों का इलाज इस तकनीक से संभव है?
ओस्टियो आर्थराइटिस, रूमेटॉयड आर्थराइटिस, ऑटोइन्यून आर्थराइटिस, एंकायलोसिस, रिडक्शन ऑफ टिबियो फेमोरल ज्वाइंट स्पेस, कोंड्रल लॉस (कार्टिलेज डैमेज), डिजनरेशन ऑफ मेनिस्कस अथवा लिगामेंट, ज्वाइंट एफ्यूजन, साइनोवाइटिस, बेकर सिस्ट।

किस उम्र के लिये यह चिकित्सा है?
15 से 85 वर्ष के मरीजों के लिये।

एक जोड़ (घुटना, कंधा या कूल्हा) के ट्रीटमेंट में कितना खर्च आता है?
ज्वाइंट रिप्लेसमेंट (जोड़ प्रत्यारोपण) सर्जरी में जहां 3 लाख तक का खर्चा आता है वहीं यह उपचार मात्र 16,000 तक में हो जाता है।




कितने समय में रोगी घर जा सकता है?
एक घण्टे बाद ही घर जा सकता है। जबकि सर्जरी में 3 माह तक रोगी को अपने काम से अलग रहकर आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है।

इस ट्रीटमेंट की सफलता की दर कितनी है?
लगभग 95%।

इस ट्रीटमेंट का असर कब तक रहता है?
इसमें जड़ से इलाज होता है, क्योंकि इसमें जोड़ की सतह पर काम किया जाता है।

क्या यह स्टेरॉइड इंजेक्शन है?
नहीं, यह एक भ्रम है। यह एक सेफ एवं रिस्क फ्री प्रोसीजर है, जो एक **विशेष मशीन** की निगरानी में किया जाता है।

NBC@

**देहली हॉस्पीटल**
पावर हाउस के सामने, बारादरी चौराहा, ग्वालियर (म.प्र.)
समय : दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक, दिन : प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार
सम्पर्क : 8602332515 व्हाट्सएप पर रिपोर्ट भेजकर ही संपर्क करें

# मुंबई : समंदर में कूद रही महिला के बाल पकड़कर टैक्सी चालक ने बचाया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*अटल सेतू से कूदकर आत्महत्या कर रही एक महिला को बचाने को टैक्सी चालक द्वारा अचानक बाल पकड़कर बचा लेने का प्रेरणादायक मामला सामने आया है। दरअसल, महिला शुक्रवार शाम 7 बजे न्हावा शेवा में अटल बिहारी वाजपेयी ट्रांस हार्बर लिंक ब्रिज (अटल सेतु) से कूदकर आत्महत्या कर रही थी। जैसे ही महिला ने रेलिंग से छलांग लगाई उसी दौरान उसे लेकर आए टैक्सी चालक ने उसके बाल पकड़ लिए। इतनी ही देर में वहां पुलिस भी पहुंच गई और उसे बचा लिया। इस घटना का वीडियो अब वायरल हो रहा है।*

### क्या है पूरी घटना

पुलिस ने बताया कि मुलुंड निवासी रीमा मुकेश पटेल शाम करीब 7 बजे टैक्सी से जा रही थी। उसने चालक संजय यादव से भगवान की तस्वीरें समुद्र में विसर्जित करने की कहकर कार को पुल पर रुकवा लिया। इसके बाद वह अचानक अटल सेतु के सुरक्षा बैरियर से कूदने लगती है। पुलिस ने बताया कि महिला को कूदता देखकर चालक उसे बालों से पकड़ लेता है। इसके बाद वहां पहुंचे 3 पुलिसकर्मियों की मदद से उसे बचा लिया गया।

### तत्काल पहुंची पुलिस ने महिला को खिचकर रेलिंग से बाहर निकाला

### आत्महत्या के विचार आने पर यहां से लें सहायता

अगर आप या आपके जानने वाले किसी भी प्रकार के तनाव से गुजर रहे हैं तो आप समाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय के हेल्पलाइन नंबर 1800-599-0019 या आसरा एनजीओ के हेल्पलाइन नंबर 91-22-27546669 पर संपर्क करें।



*कंट्रोल रूम ने कैमरा देख पहुंचाई पेट्रोलिंग व्हीकल : अटल सेतु पर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरा लगे हैं। सीसीटीवी के जरिए कंट्रोल रूम की नजर महिला पर पड़ी और तुरंत पेट्रोलिंग टीम को सूचना दी गई। इसके बाद एक गश्ती वाहन यानि पेट्रोलिंग व्हीकल तुरंत मौके पर पहुंच गया। अचानक से पेट्रोलिंग व्हीकल का सायरन सुनाई दिया। ड्राइवर का कहना है कि उसे भी समझ नहीं आया कि पुलिस को देखकर महिला का बैलेंस बिगड़ा या उसने जानबूझकर समंदर में छलांग लगा दी क्योंकि ड्राइवर का ध्यान भी पुलिस पर चला गया था।*

### वीडियो हो रहा वायरल

इस घटना का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें दिख रहा है कि जब पुलिस मौके पर पहुंचती है तो महिला पुल से गिरने वाली होती है। उसी दौरान टैक्सी चालक और यातायात पुलिसकर्मी उसे पकड़ लेते हैं और आखिर में उसे बचाने में कामयाब हो जाते हैं। पुलिस ने बताया कि महिला ने दावा किया है कि पुलिस को अपने पास आता देख घबराहट में उसने अपना संतुलन खो दिया था और वह पुल से गिरने लगी थी। ड्राइवर ने रेलिंग पर चढ़ने से रोका बताया गया कि कार से उतरने के बाद वह पुल के किनारे की रेलिंग पर बैठ गई। ड्राइवर ने महिला को रेलिंग पर चढ़ने से भी रोका। लेकिन महिला नहीं मानी। उसके बाद महिला ने पानी में कुछ फोटो और मूर्तियों का विसर्जन किया। इस दौरान महिला इधर-उधर भी देख रही थी। इस पर कैब ड्राइवर को कुछ शक हुआ और वह महिला के बगल में जाकर खड़ा हो गया। महिला पुल के पानी वाले हिस्से की ओर थी, जबकि ड्राइवर रोड पर। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कैब ड्राइवर को महिला के बगल में खड़े हुए देखा जा सकता है।

## उदयपुर में तनाव के बीच प्रशासन के एक्शन पर सवाल

# आरोपी छात्र के किराए के घर पर चला बुलडोजर, स्कूल में कैंची-चाकू लाने पर बैन

एजेंसी ▶▶| उदयपुर

राजस्थान के उदयपुर में शुक्रवार को जिले के एक सरकारी स्कूल में अपने एक साथी छात्र को चाकू मार दिए जाने के बाद मधुबन क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव बढ़ गया जिसके बाद हिंसक भीड़ ने जमकर तोड़फोड़ व आगजनी की। हालांकि जांच के बाद पुलिस ने आरोपी छात्र को हिरासत में ले लिया है। अपने सहपाठी को चाकू मारने का आरोपी लड़का जिस घर में रहता है, शनिवार को अधिकारियों ने उसे बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। बाद में पता चला कि आरोपी अपने परिवार के साथ उस घर में किराए पर रह रहा था। अब इस एक्शन के बाद उदयपुर प्रशासन सवालों के घेरे में है। लोगों का कहना है कि आरोपी पर कार्रवाई करने की बजाय, बेकसूर पर कार्रवाई की गई और उसका घर गिरा दिया गया। वहीं जिला प्रशासन का कहना है कि घर अवैध रूप से निर्मित किया गया था।

अधिकारियों ने बताया कि दो समुदायों के बीच बढ़ते तनाव के बीच उदयपुर में पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। स्थिति तनावपूर्ण होने के चलते शहर में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर दी गई है। घायल छात्र आईसीयू में भर्ती है और फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### वन विभाग की जमीन पर था अवैध कब्जा

*बता दें इलाके में पिछले 6 महीने से कार्रवाई की जा रही है। आरोपी के घर के अलावा कई अन्य घरों को भी नोटिस जारी की गई है। इसी के तहत अब चाकूबाजी का मामला सामने आने के बाद आरोपी के घर पर बुलडोजर कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि यहां पर पिछले 6 महीने से जगह को खाली कराए जाने का काम चल रहा है। आरोपी का घर वन विभाग की जमीन पर अवैध तरीके से बनाया गया था।*

### ननि और वन विभाग ने चस्पा किया था नोटिस

दरअसल, इस बुलडोजर एक्शन से पहले नगर निगम और वन विभाग ने आरोपी के घर के बाहर नोटिस चस्पा किया था। नगर निगम ने नोटिस चस्पा करने के बाद 24 घंटे में स्पष्टीकरण नहीं देने पर कार्रवाई की बात कही थी। इसी क्रम में अब आरोपी के घर पर कार्रवाई की गई है। वहीं, वन विभाग के क्षेत्रीय वन अधिकारी की ओर से भी आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा की गई। वन विभाग की नोटिस में कहा गया कि वन विभाग की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया जाए वरना बुलडोजर की कार्रवाई हो सकती है।



*कलेक्टर ने की शांति की अपील : उदयपुर कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल ने कहा, 'हमारी प्राथमिकता है कि बच्चे को उचित इलाज मिले...बच्चे की हालत में सुधार है... मेरा सभी से अनुरोध है कि अफवाहें न फैलाएं। आरोपी को यह पता लगाने के लिए हिरासत में लिया गया है कि उसे अवैध हथियार कहां से मिले।*

*नोटिस में जमीन खाली करने की कही थी बात : नोटिस में कहा गया कि रक्षित वनभूमि के मूल स्वरूप को नुकसान और वनभूमि पर अतिक्रमण करना राजस्थान वन अधिनियम 1953 एवं राजस्थान में राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत वरीय अपराध है।*

### शिक्षा विभाग ने जारी किया बड़ा आदेश

घटना को लेकर राज्य के शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर विद्यालयों में किसी भी प्रकार की धारदार या नुकीली वस्तु लाने पर रोक लगा दी। आदेश में कहा गया है कि उदयपुर की घटना को देखते हुए स्कूलों में किसी भी प्रकार का धारदार हथियार जैसे चाकू, छूरी, धारदार कैंची या किसी भी नुकीली वस्तु को लाना सख्त मना है। ऐसी किसी भी प्रकार की वस्तु को स्कूल में लाना सुरक्षा और अनुशासन के नियमों का उल्लंघन माना जाएगा।

## युवक दीवार फांदकर अंदर कूदा पुलिस बोली- आरोपी विक्षिप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद भवन की सुरक्षा में शुक्रवार (16 अगस्त) को सेंध का मामला सामने आया। एक युवक दोपहर में दीवार फांदकर संसद परिसर में घुस गया। वहां तैनात सीआईएसएफ के जवानों ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त लगता है। वह अपना नाम भी ठीक से नहीं बता पा रहा है फिर भी जांच की जा रही है। आरोपी की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, जिसमें वह शॉर्ट्स और टी-शर्ट पहने हुए है। सीआईएसएफ के जवान उसे पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं।



■ संसद की सुरक्षा में चूक

## कार्यालय नगर पंचायत मल्हार, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

NIT NO.1224 MALHAR, DATED, 16/08/2024

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

न.पं. मल्हार में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई-टेंडर) ओपन टेण्डर अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | ई-निविदा प्रारंभ की तिथि | ई-निविदा की अंतिम तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि | निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 157771 | Skilled, UnSkilled, Non Skilled Workers Are Required For The Work in NAGAR PANCHAYAT MALHAR, Dist- Bilaspur (C.G.) 1st call (Amount 50 Lacs) Form- "A" | 16.08.2024 / 17:00 बजे से | 16.09.2024 / 17:30 बजे तक | 20.09.2024 /11:00 बजे | 19.09.2024 / 16:30 बजे |

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से सम्बन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं एवं Main Portal; https://eproc.cgstate.gov.in / www.uad.cg.gov.in पर उपलब्ध हैं।

-:: सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग प्रतिबंध है उपयोग नही करें पर्यावरण स्वच्छ बनाये जुर्माने से बचे ::-

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत मल्हार, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

## जल्द ही अमीर बनने दोस्त का सिर काटकर तांत्रिक को सौंपा, दो गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| गाजियाबाद

जल्द अमीर बनने तांत्रिक के बहकावे में आकर एक युवक ने अपने ही दोस्त का सिर काटकर तांत्रिक को सौंप दिया। गाजियाबाद के टीलामोड़ थाना क्षेत्र में 22 जून को लोनी भोपुरा रोड पर सड़क किनारे सिर कटा शव मिलने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान ताहिरपुर दिल्ली के रहने वाले विकास उर्फ मोटा (24) और हुसैनी बिहार के रहने वाले धनंजय (25) के रूप में हुई है।

*अभी तक नहीं मिला सिर : पाटिल ने कहा कि मृत युवक का सिर अभी तक बरामद नहीं हुआ है और गिरफ्तार लोगों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर पुलिस उसकी तलाश कर रही है। तीसरा आरोपी विकास अभी भी फरार है।*



### नशेड़ी को बनाया दोस्त

डीसीपी ने बताया तीनों ने दिल्ली के कमला मार्केट के पास नशे के आदी राजकुमार को अपना शिकार बनाया था। पहले उससे दोस्ती की फिर वे उसे अपने किराए के कमरे में ले गए, उसे शराब पिलाई और फिर 21-22 जुलाई की रात को दुपट्टे से उसका गला घोंट दिया। पाटिल ने कहा कि हत्या के बाद, मोटा और धनंजय शव को एक ऑटो-रिक्शा में भोपुरा लोनी रोड ले गए और वहीं उसका सिर काटकर अलग कर दिया। उसकी गर्दन काटकर प्लास्टिक की बाल्टी में रख दिया और विकास को सौंप दिया।

### तंत्र-मंत्र के लिए खोपड़ी की मांगी

ट्रांस हिंडन के पुलिस उपायुक्त निमिष पाटिल ने बताया कि पूछताछ के दौरान, मोटा ने खुलासा किया कि उनके तीसरे साथी विकास ने पैसे कमाने के लिए तंत्र-मंत्र के लिए मानव खोपड़ी की मांग की थी।

## 1710 करोड़ रुपए का पुल, दो साल में तीन बार गिरा, 11 साल हो गए बनते

एजेंसी ▶▶| पटना

भागलपुर और खगड़िया को जोड़ने वाला अगुवानी पुल एक बार फिर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। शनिवार की सुबह निर्माणधीन अगुवानी पुल के पिछले साल गिरे सुपर स्ट्रक्चर का बचा हुआ हिस्सा भी गंगा नदी में समा गया।

दो साल में अब तक यह पुल तीन बार गिर चुका है। सबसे हैरानी की बात तो यह है कि 11 साल में इस पुल का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है, जबकि इसकी लागत करीब 1710 करोड़ रुपये है। पुल निर्माण निगम का कहना है कि पहले ही टूट चुके पुल के जिस बचे हिस्से को हटाया जा रहा था वही हिस्सा गिरा है। कोई नयी टूट नहीं हुई है या पुल का कोई नया निर्माणाधीन हिस्सा नहीं गिरा है।



*नीतीश ने रखी थी 2014 में पुल की नींव : इस पुल की आधार शिला 23 फरवरी 2014 को खगड़िया जिले के परबत्ता में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रखी थी। साथ ही नौ मार्च, 2015 को काम शुरू किया गया था। ऐसे में करीब 11 साल बाद भी यह पुल नहीं बन सका है। इस पुल की लागत करीब 1710 करोड़ रुपये है।*

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

अति अल्पकालीन पुर्न ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –
09RIV /2024-25/EE/RWD/DALTONGANJ दिनांक-17.08.2024

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/ST PKG/13/ 23-24 | चैनपुर | 1 | पतरिया कलां से गंगी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.80कि0मी0 | 1044.452 | दस करोड़ चौवालीस लाख पैंतालीस हजार दो सौ रू0 मात्र | 15 माह | चतुर्थ |
| | | चैनपुर | 2 | पथरा से भैरवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.00कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 3 | लिधकी (पूरबडीहा) से चेड़ाबार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 4.80कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 4 | लाली से बहेरा खूर्द तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 1.40कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 5 | पी0डब्लू0डी0 रोड खुरा शिव बेल बाजार चौक से बहेरा होते हुए बरकत तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 4.24कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 6 | बोकया कलां से दुलही तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.80कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 7 | केवाल पर संजय डॉक्टर के घर से झरिवा नाला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.00कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 8 | रामपुर (पुरबडीहा) से लोकया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.60 कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 9 | मंझीगांवा लिधकी रोड से मझिगांवा तालाब तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.235कि0मी0 | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 22.08.2024
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 28.08.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 30.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 333065 Rural Development(24-25).D

आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
HMS ARSH-RAHAT
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

#### अमेरिकी अदालत का बड़ा आदेश

## आतंकी राणा को झटका, भारत किया जा सकता है प्रत्यर्पित



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका की एक अदालत ने मुंबई में 2008 हुए भीषण आतंकवादी हमलों में संलिप्तता के आरोपी एवं पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी तहव्वुर राणा को बड़ा झटका देते हुए फैसला सुनाया है कि उसे प्रत्यर्पण संधि के तहत भारत को प्रत्यर्पित किया जा सकता है। अमेरिका की नाइंथ सर्किट संबंधित अपीलीय अदालत ने 15 अगस्त को सुनाए अपने फैसले में कहा, (भारत अमेरिका प्रत्यर्पण) संधि राणा के प्रत्यर्पण की अनुमति देती है। राणा (63) ने कैलिफोर्निया में अमेरिकी जिला अदालत के आदेश के खिलाफ इस अपीलीय अदालत में याचिका दायर की थी।

### आतंकवादी संगठन को समर्थन

पाकिस्तानी नागरिक राणा पर अमेरिका की एक जिला अदालत में मुंबई में बड़े पैमाने पर आतंकवादी हमले करने वाले एक आतंकवादी संगठन को समर्थन देने के आरोप में मुकदमा चलाया गया था। जूरी ने राणा को एक विदेशी आतंकवादी संगठन को सहायता प्रदान करने और डेनमार्क में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की नाकाम साजिश में सहायता प्रदान करने की षड्यंत्र रचने का दोषी ठहराया था। हालांकि, इस जूरी ने भारत में हमलों से संबंधित आतंकवादी कृत्यों में सहायता प्रदान करने की साजिश रचने के आरोप से राणा को बरी कर दिया था। राणा को जिन आरोपों के तहत दोषी ठहराया गया था, उसने उनके लिए सात साल जेल में काटे और उसकी रिहाई के बाद भारत ने मुंबई हमलों में उसकी संलिप्तता के मामले में उस पर मुकदमा चलाने के लिए उसके प्रत्यर्पण का अनुरोध किया था।

हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

*नई दिल्ली। जून में टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने के बाद भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे और श्रीलंका का दौरा किया। अब टीम को अपने घर में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट और टी20 मैचों की सीरीज खेलनी हैं। भारतीय टीम ने श्रीलंका दौरे पर आखिरी वनडे मुकाबला 7 अगस्त को खेला था। जबकि अगला मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच 19 सितंबर से खेलना है। इस बीच भारतीय टीम के पास 42 दिनों का ब्रेक है। मगर मामला बांग्लादेश सीरीज से शुरू होगा। इस आगाज के साथ ही भारतीय टीम अगले 5 महीनों में लगातार मुकाबले खेलेगी। टीम का शेड्यूल काफी टाइट है। भारतीय टीम को 19 सितंबर के बाद से अगले 111 दिनों (3 महीने 19 दिन) में 10 टेस्ट मैच खेलने हैं। जबकि ओवरऑल 5 महीने में 10 टेस्ट के अलावा 8 टी20 और 3 वनडे मुकाबले खेलने हैं।*

# 5 महीने में 10 टेस्ट समेत 21 मैच खेलेगा भारत, 3 घरेलू सीरीज और 1 विदेशी दौरा से टीम को नहीं मिलेगा आराम



## 5 टीमों से होगी टक्कर

*अगले 5 महीने में भारतीय टीम को बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज खेलनी हैं। इसका आगाज बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज से होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच 2 टेस्ट और 3 टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इसके बाद न्यूजीलैंड टीम भारत दौरे पर आएगी। तब दोनों के बीच 3 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। साल के आखिर में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी, जहां दोनों के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज होगी। इसके बाद इंग्लैंड टीम भारत दौरे पर आएगी और फिर दोनों टीमें 5 टी20 और 3 वनडे मैचों की सीरीज खेलेंगी। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले फरवरी 2025 में होगी। ऐसे में भारतीय टीम के पास चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी मजबूत टीम बनाने और बाकी तैयारी के लिए सिर्फ यही 3 वनडे मैच रहेंगे।*



### बांग्लादेश का भारत दौरा

| दिनांक | प्रारूप | स्थान |
|---|---|---|
| 19 से 23 सितंबर | टेस्ट | चेन्नई |
| 27 सितंबर से 1 अक्टूबर | टेस्ट | कानपुर |
| 6 अक्टूबर | टी20 | ग्वालियर |
| 9 अक्टूबर | टी20 | दिल्ली |
| 12 अक्टूबर | टी20 | हैदराबाद |



### न्यूजीलैंड का भारत दौरा

| | | |
|---|---|---|
| 16-20 अक्टूबर | टेस्ट | बेंगलुरु |
| 24-28 अक्टूबर | टेस्ट | पुणे |
| 1-5 नवंबर | टेस्ट | मुंबई |

### भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा

| | | |
|---|---|---|
| 22-26 नवंबर | टेस्ट | पर्थ |
| 6-10 दिसंबर | टेस्ट | एडिलेड |
| 14-18 दिसंबर | टेस्ट | ब्रिस्बेन |
| 26-30 दिसंबर | टेस्ट | मेलबर्न |
| 03-07 जनवरी | टेस्ट | सिडनी |

### इंग्लैंड का भारत दौरा

| | | |
|---|---|---|
| 22 जनवरी | टी20 | कोलकाता |
| 25 जनवरी | टी20 | चेन्नई |
| 28 जनवरी | टी20 | राजकोट |
| 31 जनवरी | टी20 | पुणे |
| 2 फरवरी | टी20 | मुंबई |
| 6 फरवरी | वनडे | नागपुर |
| 9 फरवरी | वनडे | कटक |
| 12 फरवरी | वनडे | अहमदाबाद |

## खबर संक्षेप



### डूरंड कप का मैच रद्द टीमों को मिले 1-1 अंक

**कोलकाता।** मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच रविवार को यहां साल्ट लेक स्टेडियम में होने वाला डूरंड कप मैच को शहर में मौजूदा अशांति के कारण रद्द कर दिया गया है। यह निर्णय कोलकाता पुलिस अधिकारियों और टूर्नामेंट के आयोजकों के बीच एक बैठक के बाद लिया गया। एक अधिकारी ने बताया, 'दोनों टीमों को एक-एक अंक दिया जाएगा, जबकि प्रशंसकों को खरीदे गए टिकटों का पूरा पैसा वापस मिलेगा।' यह भी पता चला है कि कोलकाता में होने वाले डूरंड कप के सभी मैच जमशेदपुर में स्थानांतरित किए जा सकते हैं।

### विल्सन ने किया निशानेबाजी कोच पद के लिए आवेदन



**नई दिल्ली।** ग्रेट ब्रिटेन के महान डबल ट्रैप निशानेबाज पीटर विल्सन ने भारतीय टीम को कोचिंग देने में रुचि दिखाई है और उनका लक्ष्य 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए निशानेबाजों को प्रशिक्षित करना है। लंदन ओलंपिक 2012 में सबसे कम उम्र में डबल ट्रैप स्वर्ण पदक विजेता बने विल्सन की देख रेख में हाल ही में पेरिस ओलंपिक में ग्रेट ब्रिटेन के नाथन हेल्स ने शीर्ष स्थान हासिल कर इस स्पर्धा में अपने देश के 12 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था। इस 37 वर्षीय निशानेबाज के नाम डबल ट्रैप में विश्व रिकॉर्ड है। वह क्रिकेटर बनना चाहते थे लेकिन स्नो-बोर्डिंग दुर्घटना के बाद उन्होंने निशानेबाजी शुरू कर दी। विल्सन ने कहा, 'मैंने अपना 'बायोडाटा' भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ को भेज दिया है और मुझे अब उनके जवाब का इंतजार है।

### प्रमोद का बाहर होना निराशाजनक : झाझड़िया



**नई दिल्ली।** भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि डोपिंग नियमों के उल्लंघन के कारण पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत का भारतीय दल से बाहर होना निराशाजनक है लेकिन इससे 28 अगस्त से शुरू होने वाले पैरालंपिक खेलों के लिए उनके 25 पदकों के लक्ष्य पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पेरिस पैरालंपिक का आयोजन 28 अगस्त से आठ सितंबर तक होगा। इसमें भारत के 84 खिलाड़ी 12 खेलों में पदक के लिए जोर लगाएंगे। टोक्यो खेलों के स्वर्ण पदक विजेता पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत को बीडब्लूएफ के डोपिंग निरोधक 'वेयरअबाउट' (ठिकाने का पता) नियम के उल्लंघन के कारण 18 महीने के लिए निलंबित कर दिया है। पेरिस पैरालंपिक के लिए भारतीय दल के विदाई समारोह के इतर झाझड़िया ने इंटरव्यू में प्रमोद के बारे में पूछे जाने पर कहा कि इस तरह के मामले से निपटने की पूरी जिम्मेदारी खुद खिलाड़ी की होती है।

**सिनसिनाटी ओपन : गेल मोनफिल्स से हारने के बाद फूटा गुस्सा**

# अल्कराज ने हार के बाद तोड़ा रैकेट स्वियाटेक ने क्वार्टर में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| सिनसिनाटी



चार बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्कराज ने सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में गेल मोनफिल्स से हारने के बाद अपना गुस्सा रैकेट पर निकाला और उसे कई बार नीचे पटककर तोड़ डाला। मोनफिल्स ने तीन सेट तक चले इस कड़े मुकाबले में 4-6, 7-6 (7-5), 6-4 से जीत दर्ज की। बारिश के कारण यह मैच गुरुवार को पूरा नहीं हो पाया था। यह टूर्नामेंट 26 अगस्त से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण माना जाता है। मोनफिल्स का सफर भी लंबा नहीं चला और शुक्रवार को बाद में खेले गए मैच में वह होल्गर रुने से 3-6, 6-3, 6-4 से हार गए।

महिला वर्ग में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने मार्ता कोस्त्युक पर 6-2, 6-2 की शानदार जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। आर्यना सबालेंका भी एलिना स्वितोलिना पर 7-5, 6-2 से जीत के साथ आगे बढ़ने में सफल रही लेकिन फ्रेंच ओपन और विंबलडन में उपविजेता रही जैस्मीन पाओलिनी को मीरा एंड्रीवा से 3-6, 6-3, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य मैच में अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा ने ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन को 7-5, 6-1 से हराया।

## मार्केटा वोंद्रोसोवा और कैम नॉरी अमेरिकी ओपन से हटे



**न्यूयॉर्क।** विंबलडन 2023 की चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा और कैम नॉरी चोटिल होने के कारण 26 अगस्त से शुरू होने वाली अमेरिकी ओपन टेनिस प्रतियोगिता से हट गए हैं। विश्व रैंकिंग में 18वें नंबर की खिलाड़ी वोंद्रोसोवा के हाथ में चोट लगी है जबकि नॉरी को बांह में समस्या है। चेक गणराज्य की 25 वर्षीय वोंद्रोसोवा ने पिछले साल विंबलडन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। वह 2019 फ्रेंच ओपन में उपविजेता रही थी। उन्होंने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक भी जीता था। अमेरिकी ओपन में महिलाओं के ड्रॉ में वोंद्रोसोवा की जगह पेट्रा मार्टिच को जबकि पुरुषों के वर्ग में नॉरी की जगह फ्रांसिस्को कोमेसाना को शामिल किया गया है।

## जूनियर बैडमिंटन टीम चीन रवाना

*नई दिल्ली। भारत ने अगले साल अपनी मेजबानी में होने वाली विश्व जूनियर चैंपियनशिप से पहले खिलाड़ियों का मजबूत पूल तैयार करने के इरादे से चीन के चेंगदू में 20 से 25 अगस्त तक होने वाली बैडमिंटन एशिया (अंडर-15/अंडर-17) जूनियर चैंपियनशिप के लिए 39 सदस्यीय टीम भेजी है। बेंगलुरू में व्यापक चयन ट्रायल के बाद चुनी गई भारतीय टीम का अंडर-17 वर्ग में नेतृत्व ज्ञान दत्तू और तन्वी रेड्डी एंडलुरी करेंगे जबकि अंडर-15 वर्ग में श्याम बिंदिगनविले और तन्वी पत्री शीर्ष एकल खिलाड़ी होंगे।*

## अदिति महिला स्कॉटिश ओपन में कट से चूकीं

*इर्विन। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे दौर में तीन ओवर 75 के लचर प्रदर्शन के साथ आईएसपीएस हांडा महिला स्कॉटिश ओपन टूर्नामेंट में कट हासिल करने में नाकाम रहीं। लेडीज यूरोपीय टूर पर पांच बार की विजेता अदिति ने पहले दौर में 81 का स्कोर बनाया था। अदिति ने दूसरे दौर में एक बोगी और एक डबल बोगी की जिसका उनका स्कोन तीन ओवर रहा। वह दोनों दौर में एक भी बर्डी नहीं लगा पाईं। अदिति स्कॉटिश ओपन में आठ बार हिस्सा लेते हुए छह बार कट से चूकीं हैं जबकि इस टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में आया जब वह संयुक्त रूप से 55वें स्थान पर रहीं।*

**क्रिकेट**

# अफ्रीका ने वेस्टइंडीज पर बनाई 239 रन की बढ़त



एजेंसी ▶▶| प्रोविडेंस

एडेन मार्कराम और काइल वेरेन के अर्धशतकों की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन 239 रन की बढ़त हासिल कर ली। अपनी पहली पारी में 160 रन बनाने वाले दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 223 रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज की टीम अपनी पहली पारी में 144 रन पर आउट हो गई थी।

मार्कराम ने 50 रन बनाए जबकि वेरेन 51 रन बनाकर खेल रहे हैं। उनके साथ दूसरे छोर पर वियान मुल्डर 34 रन बनाकर खेल रहे हैं। इससे पहले वेस्टइंडीज की तरफ से जेसन होल्डर ने नाबाद 54 रन की पारी खेली।

उन्होंने शमर जोसेफ (25) के साथ दसवें विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी करके वेस्टइंडीज को दक्षिण अफ्रीका के स्कोर के करीब पहुंचाया। प्रोविडेंस स्टेडियम में शुरुआती दिन 17 और दूसरे दिन आठ विकेट गिरे। वियान मुल्डर ने दक्षिण अफ्रीका के लिए चार विकेट लिए। वेस्टइंडीज की तरफ से पहली पारी में तीन विकेट लेने वाले जेडेन सील्स ने दूसरी पारी में अभी तक 52 रन देकर तीन विकेट लिए हैं।

**बुची बाबू टूर्नामेंट**

# किशन की शानदार वापसी झारखंड के लिए जड़ा शतक





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने घरेलू क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए झारखंड के लिए खेलते हुए शतक जड़ा। मध्य प्रदेश के खिलाफ खेले जा रहे बुची बाबू टूर्नामेंट में झारखंड के लिए खेलते हुए ईशान ने दमदार पारी खेली। इस मैच का झारखंड का नेतृत्व कर रहे ईशान दूसरे दिन छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। मालूम हो कि मध्य प्रदेश की पारी 225 रन पर ऑलआउट हुई थी।

ईशान किशन ने सधी हुई पारी खेलते हुए 61 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा और फिर 86 गेंदों पर शतक पूरा किया। ईशान ने इस दौरान 39 गेंदों के अंतर पर नौ छक्के लगाए। ईशान की पारी के दम पर ही झारखंड ने मध्य प्रदेश के खिलाफ मजबूती हासिल कर ली है।

ईशान पिछले साल तक सभी प्रारूप में भारतीय टीम का हिस्सा होते थे, लेकिन 2023 सीजन के खत्म होने के दौरान उन्होंने लगातार यात्रा करने का हवाला देते हुए ब्रेक की मांग की थी। इसके बाद ईशान भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाए। यहां तक कि उन्हें जून में हुए टी20 विश्व कप के लिए भी टीम में नहीं चुना गया।

## केंद्रीय अनुबंध से किया गया था बाहर

*ईशान और श्रेयस अय्यर को इस साल फरवरी में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया था क्योंकि इन दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू लाल गेंद के टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था। ईशान ने आईपीएल 2024 से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी और मुंबई इंडियंस के लिए 14 मैचों में कुल 320 रन बनाए थे जिसमें एक अर्धशतक शामिल था। ईशान भारत के लिए आखिरी बार नवंबर 2023 में टी20 मैच में खेले थे। उन्होंने राष्ट्रीय टीम के लिए पिछले साल जुलाई में आखिरी बार टेस्ट मैच खेला था। इससे पहले, ईशान को अगले महीने शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी के लिए भारत-डी टीम में विकेटकीपर के तौर पर चुना गया था। इस टीम की अगुआई श्रेयस अय्यर करेंगे।*

## महिला खिलाड़ियों के लिए सुविधा की जरूरत

**कराची।** पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले पाकिस्तान के भाला फेंक खिलाड़ी अरशद नदीम ने कहा कि शीर्ष स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पाकिस्तान की महिला खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाओं की जरूरत है। व्यक्तिगत खेलों में पाकिस्तान का पहला स्वर्ण पदक विजेता बनने के बाद नदीम पर पैसे और उपहारों की बारिश हो रही है। उन्हें अब तक 28 करोड़ (पाकिस्तानी) रुपए से ज्यादा की पुरस्कार राशि के साथ कई कार उपहार में मिली हैं। नदीम व्यक्तिगत उपहारों से परे चाहते हैं कि सरकार उनके गृहनगर मियां चन्नू में एक आधुनिक ट्रैक एवं फील्ड स्टेडियम और महिलाओं के लिए एक विश्वविद्यालय के उनके अनुरोध को पूरा करे। नदीम ने कहा, 'हमें अपने क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए महिलाओं और यहां तक कि पुरुषों के लिए सुविधाओं की सख्त जरूरत है। युवा खिलाड़ियों को सर्वोत्तम सुविधाएं दिए जाने की जरूरत है।' इस कार्यक्रम में अपनी पत्नी रशीदा के साथ आए नदीम से ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने पर उनके ससुर द्वारा उपहार में दी गई भैंस के बारे में भी पूछा गया। इस 27 साल के खिलाड़ी ने चेहरे पर मुस्कान के साथ इसके जवाब में कहा, 'मैं घोषणा से थोड़ा आश्चर्यचकित हुआ था।



# रियोहलांग बनीं फीफा अंडर-17 महिला विश्वकप में सहायक रैफरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



रियोहलांग धर डोमीनिकन गणराज्य में होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए चुनी जाने वाली दूसरी भारतीय महिला सहायक रैफरी बन गई हैं। मेघालय की 34 वर्षीय रियोहलांग को शुक्रवार को फीफा ने 38 मैच अधिकारियों की सूची में शामिल किया जो 10 अक्टूबर से तीन नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में अधिकारी की भूमिका में मौजूद रहेंगी।

उवेना फर्नांडिस विश्व कप में अधिकारी की भूमिका निभाने वाली पहली भारतीय महिला सहायक रैफरी हैं। उवेना ने जोर्डन में 2016 फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में जिम्मेदारी निभाई थी। मेघालय पुलिस विभाग में काम करने वाली रियोहलांग ने कहा, 'विश्व कप के लिए मेरी नियुक्ति बहुत सम्मान की बात है।मुझे फीफा की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। मैं यह भी ध्यान रखूंगी कि मैं वहां भारत के प्रतिनिधि के तौर पर रहूंगी। मैं भारत का झंडा ऊंचा रखने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगी।' रियोहलांग ने कहा कि रैफरी की भूमिका निभाना 2009 से ही उनके जीवन का हिस्सा रहा है।

**दो बार के ओलंपिक पदक विजेता मामूली अंतर से चूके**

# 90 मीटर की दूरी 'ऊपरवाले' पर छोड़ दिया : नीरज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



पेरिस खेलों में 90 मीटर के अपने लक्ष्य से मामूली अंतर से चूकने के बाद, दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने कहा कि उन्होंने इस लक्ष्य को अब भगवान के भरोसे छोड़ दिया है। नीरज ने पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। पेरिस ओलंपिक में उनके छह प्रयास में से यह इकलौता वैध प्रयास था।

लगातार दो ओलंपिक खेलों में पदक जीतना किसी भारतीय एथलीट के लिए एक बड़ी उपलब्धि है लेकिन नीरज लगातार दो स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए। नीरज ने निकट भविष्य में अपने 90 मीटर के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर कहा, /"अब लगता है कि इस तरह के लक्ष्य को 'ऊपरवाले' पर छोड़ना होगा।'' उन्होंने जेएसडब्ल्यू द्वारा आयोजित ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मैं बस अच्छी तरह से तैयारी करना चाहता हूं और देखना चाहता हूं कि भाला कहां जाता है।

90 मीटर के बारे में पहले ही बात हो चुकी है, अब मुझे लगता है कि इसे रहने दो। पेरिस में मुझे लगा था कि यह होगा और यह हो सकता था। अब मैं अगले दो या तीन प्रतियोगिताओं में अपना 100 प्रतिशत दूंगा और देखूंगा कि क्या होता है। इस दौरान मैं अपनी खामियों को सुधारने पर काम करूंगा।'

## डायमंड लीग में लेंगे भाग

नीरज लंबे समय से कमर की चोट से परेशान हैं लेकिन वह अपने खेल को जारी रखते हुए डायमंड लीग मीट में भाग लेंगे। वह 22 अगस्त को होने वाले डायमंड लीग में प्रतिस्पर्धा करेंगे और फिर ब्रुसेल्स में 13-14 सितंबर को डायमंड लीग फाइनल में भाग लेने के बाद चिकित्सकों से परामर्श लेंगे। आठ अगस्त को ओलंपिक फाइनल के बाद कुछ दिनों की व्यस्तता के बाद नीरज ने स्विट्जरलैंड में अभ्यास शुरू कर दिया है और चोट के बावजूद सत्र को शानदार ढंग से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने खेल में थोड़ी तकनीकी बदलाव करने की जरूरत है।

सारे जहां से अच्छा, हिन्दोस्तां हमारा! ये बात सिर्फ बोलने वाली नहीं है, बल्कि पूरी तरह सच भी है। इसी वजह से भारतीय संस्कृति को पूरी दुनिया कॉपी करती है और उसे अपनाने की कोशिश में लगी रहती है।

# चीन में भी भारतीय संस्कृति की धूम, 13 साल की लड़की ने किया भरतनाट्यम, लोगों ने की तारीफ!

**बीजिंग।** जिन देशों कि हमसे तकरार होती रहती है, वो भी हमारी परंपराओं का पालन करना चाहते हैं। ऐसा ही कुछ चीन में भी हाल ही में देखने को मिला। जिस चीन से आए दिन तनातनी की खबरें आती रहती हैं, उस चीन में लोग भारतीय डांस की अनोखी कला से इतने इंस्पायर हैं कि वो उसकी नकल करना चाहते हैं। एक चीनी बच्ची ने भी ऐसा ही किया। उसने भरतनाट्यम डांस कर सभी को हैरान कर दिया। न्यूज वेबसाइट प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें एक बच्ची स्टेज पर भरतनाट्यम डांस करती नजर आ रही है।



## 13 साल की चीनी बच्ची ने किया डांस

बच्ची सिर्फ 13 साल की है और उसने ये परफॉर्मेंस अरांगेत्रम में दी जो असल में ग्रैजुएशन सेरमनी होती है, जिसमें भरतनाट्यम के छात्र अपने गुरु और जनता के सामने परफॉर्म करते हैं। इस सेरमनी के बाद ही छात्र खुद से कहीं परफॉर्म कर सकते हैं, या फिर किसी को भरतनाट्यम सिखा सकते हैं। लेई ने ये सोलो डांस परफॉर्मेंस फेमस भरतनाट्यम डांसल लीला सैमसन, इंडियन डिप्लोमैट्स और चीनी नागरिकों के सामने किया।



# मिला सैकड़ों साल पहले डूबे समुद्री डाकुओं का जहाज, खजाना और दुर्लभ कलाकृतियां

नई दिल्ली। हाल ही में भूमध्य सागर के तल में एक जहाज के मलबे से बेहद कीमती और दुर्लभ चीजें मिली हैं। जहाज के मलबे में मिली चीजे बताती हैं कि यह एक समय भूमध्य सागर को आतंकित करने वाले कुख्यात बार्बरी समुद्री डाकुओं से जुड़ा है। एस समय में बार्बरी तट के समुद्री डाकू कस्बों पर हमला कर वहां लूटपाट करते थे। तब उन्हें भय का पर्याय माना जाता था। हाल ही में एक खोजी दल को स्पेन और मोरक्को के बीच समुद्र के लगभग 2,700 फीट नीचे ये मलबा मिला है। इस मलबे में पुरातात्विक सोने की कलाकृतियां और दुर्लभ स्पाईग्लास पाए गए हैं। इतना ही नहीं यहां कई देशों के मिट्टी के बर्तन भी थे। इस समुद्री डाकू जहाज को 600 साल पुराना बताया जा रहा है, जो मध्य सागर के तल पर पाया गया है।

# विचित्र प्रतियोगिता, पानी में सांपों के बीच ढूंढने होते हैं अजगर



**न्यूयार्क।** सांपों की दुनिया बड़ी अजीब होती है। जहां कई लोग सांपों से डरते हैं, वहीं बहुत सी जगह पर सांपों के पवित्र भी माना जाता है और उन्हें मारने पर भी पाबंदी लगाई जाती है। पर दुनिया में एक जगह ऐसी भी है जहां लोगों के बीच एक खास तरह की प्रतियोगिता होती है, यहां पानी भरे इलाकों में सांपों की भरमार होती है, लेकिन प्रतियोगिता केवल अजगर खोजने की होती है, और उन्हें मारना भी होता है। अमेरिका के फ्लोरिडा में यह प्रतियोगता साल में एक ही बार होती है। सांपों से भरे पानी से अजगरों को निकालने की इसकी विचित्र प्रतियोगिता सनशाइन स्टेट की सबसे अजीब परंपराओं में से एक के रूप में जानी जाएगी। हर अगस्त में फ्लोरिडा और उसके बाहर के प्रतिभागी सालाना पायथन चैलेंज में भाग लेते हैं, जहां लोग खतरनाक सांपों को पकड़ने और उन्हें मारने के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। शुक्रवार 9 अगस्त से 18 अगस्त को शाम 5 बजे (स्थानीय समय) तक सैकड़ों प्रतिभागी अपने दिल की इच्छा के अनुसार अजगरों का शिकार कर सकते हैं।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

Dr. Juneja's पेट सफा
आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स
24x7 Helpline: 91197 88888 • www.petsaffa.com

नि:संतान दंपत्तियों के लिए संतान सुख का सुनहरा मौका
आपके शहर में वरिष्ठ नि:संतानता विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा सूर्यवंशी
MBBS,MD (Obs&Gynae) वरिष्ठ नि:संतानता विशेषज्ञ
वरिष्ठ नि:संतानता एवं महिला रोग विशेषज्ञ
➔ आई.यू.आई. (Intra uterine insemination)
➔ आई.वी.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी गर्भाधान)
पूर्व रजिस्ट्रेशन संपर्क:-
0771-2285999, 8839800123
RAILWAY, CSEB, ESIC एवं आयुष्मान भारत से मान्यता प्राप्त
एस. एम.सी. सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल

ब्रेन व स्पाइन (रीढ़) के ट्यूमर व कैंसर हेतु न्यूरो नेविगेशन सिस्टम एवं न्यूरो माइक्रोस्कोप
अब संजीवनी में
न्यूरो माइक्रोस्कोप
न्यूरो नेविगेशन सिस्टम
इनके फायदे
यह उपकरण न्यूरोसर्जन को मस्तिष्क और रीढ़ की सटीक छवि देते हैं, जिससे ट्यूमर व कैंसर को बेहतर ढंग से हटाया जा सकता है।
सटीक छवि, कम रक्त स्राव, अत्यधिक सुरक्षित, छोटे से छेद से सर्जरी, इन्फेक्शन का कम खतरा, हॉस्पिटल से जल्दी छुट्टी
मरीजों के सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए पूर्ण NABH से मान्यता प्राप्त
संजीवनी सीबीसीसी कैंसर हॉस्पिटल
दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ. ग.)
7389905010, 7389904010, +91 7714081010, 4061010

करुणा श्री कैंसर हॉस्पिटल
अरबिंदो नेत्रालय के पास, पचपेड़ी नाका, रायपुर
कैंसर का इलाज संभव है
मुँह एवं गले का कैंसर
बच्चेदानी का कैंसर
स्तन कैंसर
रक्त सम्बन्धी विकार
पेट, लिवर, गुदा द्वार का कैंसर
+ उपलब्ध सुविधाएं +
कीमोथेरेपी
सर्जरी
रेडिएशन
इम्यूनोथेरेपी
आयुष्मान भारत योजना से अनुबंधित
अधिक जानकारी एवं सहायता हेतु संपर्क करें:
0771 4280003, 6232143778

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिगामेंट का पुनर्निर्माण
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

खूनी हो या बादी बवासीर से आज़ादी
एंग्रो अर्श कल्याण कैप्सूल
20 सालों से भरोसेमंद औषधि
सभी मेडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध
HELPLINE NO. 8899 500 500

बैद्यनाथ नागपुर
सर्दी, खाँसी और जुक़ाम पाये शीघ्र आराम
सितोपलादि चूर्ण
बदलते मौसम में होने वाली सभी प्रकार की खाँसी विशेषतः सूखी, कफयुक्त व एलर्जिक खाँसी और जैसे उससे संबंधित तकलीफें आलस्य, थकावट, अरूचि आदि दूर करने में सहायक।
शिघ्र परिणाम के लिए मधु / अद्रक रस के साथ लेवें।
बच्चो के लिए सुरक्षित
वैद्यकीय सलाह 844 844 4935 I www.baidyanath.co

आयुष्मान कार्ड से कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी एवं सर्जरी की सुविधा
मित्तल हॉस्पिटल
कैंसर विभाग
भिलाई: सूर्या मॉल के पास, फोन: 77228 80844, 0788 2294440
रायपुर: अवंति बाई चौक, पंडरी, फोन: 93430 79151, 91313 99570
• कैंसर सर्जरी
• कीमोथेरेपी
• रेडियोथेरेपी
द्वारा अनुबंधित
ESIC RAILWAY SECL CGHS TPA

Hero CENTENNIAL CELEBRATION HERO FOREVER
NEW Splendor+ XTEC 2.0
बेस्ट, अब और भी बेहतरीन
73 kmpl बेजोड़ माइलेज**
LED हेडलाइट HIPL के साथ सेगमेंट में पहला^
हैज़र्ड लाइट विंकर के साथ सेगमेंट में पहला^
ब्लूटूथ के साथ SMS और कॉल अलर्ट सेगमेंट में पहला^
फुली डिजिटल मीटर इको इंडिकेटर के साथ सेगमेंट में पहला^
Splendor+ WORLD'S NO.1 MOTORCYCLE
खुशियों के 100 दिन | अपनी खरीदारी पर 100% कैशबैक* जीतने का मौका पाएँ
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354|. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Mileage of Splendor Xtec 2.0 as per internal testing conditions and may vary as per road & riding conditions. *This Centennial Celebration Campaign is open only for Indian residents who buy a new Hero two wheeler during campaign Period. This Campaign period is valid from 26th June 2024 to 3rd Oct 2024. Cashback money can be claimed by the winning Participant within 90 days from the date of declaration of winner status. Any claim raised after expiry of above 90 days period shall not be entertained. Terms & Conditions apply. For more details, visit https://www.heromotocorp.com/ or visit your nearest Hero MotoCorp dealership. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice.
VML_5742_2024HIN

हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457. फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com